YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-281 ❒ शनिवार, 15 नवम्बर 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



बिहार की जनता के चोंकाने वाले फैसले का सम्मान : खरगे-राहुल 11 पाकिस्तान गया धार्मिक जत्था वापस लौटा


# बिहार में एनडीए की आंधी




## राजग को तीन चौथाई बहुमत, महागठबंधन का सूपड़ा साफ

❒ एनडीए को 202 सीटें, महागठबंधन 35 पर सिमटा, जनसुराज का खाता भी नहीं खुला

❒ कांग्रेस ने छह सीटों पर जीत दर्ज की

❒ बसपा ने एक सीट पर जीत दर्ज की



एजेंसी

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने तीन चौथाई से भी बड़े बहुमत के साथ राज्य के चुनावी इतिहास में अभूतपूर्व तथा अप्रत्याशित जीत दर्ज की है और विपक्षी महागठबंधन का सूपड़ा साफ हो गया है।

कुल 243 सदस्यीय विधान सभा के चुनाव की शुक्रवार को हुई मतगणना में अब तक प्राप्त नतीजों और रुझानों में राजग को 202 और महागठबंधन को 35 सीटें मिलने जा रही हैं जबकि छह सीटों पर अन्य उम्मीदवार विजय हुए हैं। बिहार में पहली बार चुनावी मैदान में उतरी जनसुराज का खाता भी नहीं खुल पाया है। राज्य के मतदाताओं ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध और 'वोट चोरी' के विपक्ष के आरोपों को नकारने के साथ-साथ महागठबंधन के प्रत्येक परिवार को एक सरकारी नौकरी देने के लुभावने वादे भी नजरंदाज किया । बिहार की जनता ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जोड़ी के नेतृत्व पर पुनः भरोसा जताया है और उनके सुशासन और विकास के वादों को तरजीह दी है। माना जा रहा है कि चुनाव से ठीक पहले महिलाओं को दस-दस हजार रुपये की राशि की योजना ने राजग को अप्रत्याशित जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राज्य में राजग के करीब 20 वर्ष के लंबे शासन के बावजूद मतदाताओं में सत्ता विरोधी लहर नहीं थी और नीतीश सरकार के चुनाव लड़ रहे ज्यादातर मंत्री अच्छे अंतर से जीते हैं। राज्य में सबसे अधिक 143 सीटों पर लड़ने वाली राजद को परिणामों से भारी झटका लगा है। पिछले चुनाव में वह 75 सीटों के साथ विधानसभा में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी थी। पिछले चुनाव में 19 सीटें हासिल करने वाली कांग्रेस को भी इस बार कड़ी शिकस्त मिली है। राजग में 101-101 सीटों पर लड़ने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सबसे अधिक 89 सीटें और जनता दल यू को 85 सीटें मिल रही हैं। गठबंधन के अन्य घटक दलों में 29 सीटों पर लड़ने वाली लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को 19 और हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा को पांच तथा राष्ट्रीय लोक मोर्चा को चार सीटें मिली हैं। महागठबंधन में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) को 25 , कांग्रेस को छह , भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (भाकपा- माले) को दो और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) को एक सीट मिल रही है। इसके अलावा ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल-मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) को पांच और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) को एक सीट पर सफलता मिलती नजर आ रही है। राजद सुप्रिमो लालू प्रसाद ● शेष पेज 11 पर

## बिहार के लोगों ने विकसित बिहार के लिए किया मतदान : मोदी

❒ बिहार में ' वंशवाद के विरुद्ध विकासवाद की जीत हुई', जंगलराज का रास्ता बंद हुआ

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री ने बिहार विधान सभा चुनाव में सत्तारुढ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की अभूतपूर्व जीत को 'वंशवाद के विरुद्ध विकासवाद की राजनीति की जीत' बताते हुए शुक्रवार को कहा कि बिहार की इस जीत ने राजग के लिए पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत का रास्ता खोल दिया है।

श्री मोदी ने कहा कि बिहार के मतदाताओं ने जो जनादेश दिया है उसमें यह संकेत दिया है कि वहां अब 'कभी जंगल राज की वापसी नहीं होगी।' उन्होंने इसे देश में विकास के एजेंडा की राजनीति की मजबूती का प्रमाण बताया। बिहार चुनाव की सफलता की खुशी में शुक्रवार शाम राजधानी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय मुख्यालय पर जमा पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने ने कहा, 'नई सरकार के साथ एनडीए अब बिहार में 25 वर्षों की स्वर्णिम यात्रा की ओर आगे बढ़ रहा है। बिहार ने ये सुनिश्चित किया है कि बिहार की महान भूमि पर फिर कभी जंगलराज की वापसी नहीं होने वाली है। श्री मोदी ने कहा , ' आज की यह जीत बिहार के उन बहनों, बेटियों की है, जिन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राज में जंगलराज का आतंक झेला है। यह जीत, बिहार के उस नौजवान की है, जिसके भविष्य को कांग्रेस और लाल झंडे वालों के आतंक के कारण बर्बाद किया गया। प्रधानमंत्री ने बिहार के जनादेश और राजग के प्रति वहां की जनता के विश्वास को -अपनी जिम्मेदारी तथा वहां की जनता की आकांक्षाओं को ● शेष पेज 11 पर

" भाजपा-एनडीए गठबंधन की प्रचंड विजय पर समर्पित कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं जनता-जनार्दन का अभिनंदन। यह जीत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास-केन्द्रित मार्गदर्शन एवं डबल इंजन सरकार (केंद्र और राज्य) की जनकल्याण नीतियों के प्रति बिहार की जनता के अविचल विश्वास का प्रमाण है। योगी आदित्यनाथ



## संक्षेप

### पीजीआई के पास अतिक्रमण मामला निपटाए एलडीए

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने एलडीए के विहित प्राधिकारी को आदेश दिया है कि वह पीजीआई के आसपास अतिक्रमण संबंधी मामले का दो माह में निस्तारण करें। इसी के साथ अपर आयुक्त (प्रशासन), लखनऊ को भी निर्देशित किया है कि उक्त के संबंध में जो अपील उनके समक्ष विचाराधीन है, उसका भी दो माह में निस्तारण किया जाए। न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति राजीव भारती की खंडपीठ ने यह आदेश स्थानीय निवासी प्रेम शंकर पांडेय की वर्ष 2018 में दाखिल जनहित याचिका पर दिया है। याचिका में राजधानी के अस्पतालों के आस-पास से अतिक्रमण हटाने का आदेश देने का आग्रह किया गया था। साथ ही पीजीआई के मेन गेट के सामने और आस पास अतिक्रमण को हटाए जाने की गुजारिश की गई थी। जिससे वहां खास तौर पर एम्बुलेंस व अन्य जरूरी वाहनों व लोगों का आवागमन सुचारु हो सके।

### श्रावस्ती में बंद कमरे में मिले दंपति और तीन बच्चों के शव

**श्रावस्ती।** उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती जिले में शुक्रवार को एक बंद कमरे में पति-पत्नी और तीन बच्चों के शव मिलने से इलाके में सनसनी मच गई। प्रथम दृष्टतया पुलिस जांच में युवक ने ही अपनी पत्नी और बच्चों की हत्या करने के बाद खुदकुशी की है। पुलिस अधीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने मौक पर पहुंच निरीक्षण किया। पुलिस ने घटनास्थल की फारेंसिक जांच कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने बताया कि इकौना थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत कैलाशपुर बनकट ग्राम पंचायत के मजरा लियाकत पुरवा गांव में पति-पत्नी और तीन बच्चों के शव एक बंद कमरे में मिले हैं। मृतकों की पहचान रोज अली (32) उनकी पत्नी शहनाज (30) और उनके तीन बच्चे गुलनाज (11), तबस्सुम (10) और मोइन (डेढ़ साल) के रूप में हुई। उनके शव बेडरूम में मृत पाए गए। परिजनों ने पुलिस को बताया कि आज सुबह जब परिवार का कोई भी सदस्य कमरे से बाहर नहीं निकला तो मां जैतुना उन्हें जगाने के लिए पहुंची। कई बार आवाज देने के बावजूद भीतर से दरवाजा नहीं खुला। इस पर परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से दरवाजा तोड़कर कमरे के भीतर पहुंचे तो रोज अली का शव फंदे पर लटका था और बिस्तर पर उसकी पत्नी और बच्चों के शव पड़े थे।

## दिल्ली ब्लास्ट : हरियाणा के नूंह से खरीदा गया था अमोनियम नाइट्रेट

❒ दुकानदार भी हिरासत में, जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के कोइल गांव में आतंकी उमर नबी का घर उड़ाया गया



एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली में हुए ब्लास्ट का कनेक्शन अब हरियाणा के नूंह (मेवात) जिले के पिनगवां क्षेत्र से जुड़ गया है। विस्फोट से जुड़े केस की जांच कर रही दिल्ली की जांचएजेंसी ने खाद विक्रेता दिनेश सिंगला उर्फ डब्बू को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

आरोप है कि डब्बू ने अल-फलाह यूनिवर्सिटी के डॉक्टर मुजम्मिल शकील को बिना रिकॉर्ड अमोनियम नाइट्रेट उपलब्ध करवाया। जबकि उसके पास अमोनियम नाइट्रेट रखने का लाइसेंस नहीं था। बताया गया कि यही अमोनियम नाइट्रेट विस्फोट तैयार करने में इस्तेमाल हुआ। वहीं गुरुवार रात सुरक्षा बलों ने पुलवामा में आतंकी डॉ. उमर नबी के घर को ऋक्कब्लास्ट से उड़ा दिया है। गुरुवार को ही क्वाइ मैचिंग के बाद इस बात की पुष्टि हुई है कि कार में उमर ही था। उमर पुलवामा के कोइल इलाके में रहता था। पुलिस उसके माता-पिता और भाईयों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। खुफिया एजेंसियों ने खुलासा किया है अब तक गिरफ्तार 8 आतंकियों ने बताया कि वे 6 दिसंबर यानी बाबरी मस्जिद ढहाने की बरसी के दिन दिल्ली समेत देशभर में कई जगह धमाके करना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने 32 कारों का इंतजाम किया था। 10 नवंबर को हुए दिल्ली ब्लास्ट में अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 20 लोग घायल हैं, जिनमें से तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है। कश्मीर के जिस मौलाना मोहम्मद इरफान की वजह से आतंकियों के वाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल का खुलासा हुआ, वो तीसरी कक्षा तक ही पढ़ा था। लेकिन, वो डॉक्टरों को आतंक का पाठ पढ़ा चुका था। इरफान शोपियां का रहने वाला है। नौगाम में मदरसे में पढ़ाने जाता था। 17 अक्टूबर को उसने ही आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का धमकी भरा पोस्टर लिखा। फिर उसे प्रिंटिंग कराने ले गया। पोस्टर में सेना के खिलाफ धमकी भरी बातें लिखी थीं। जवानों ने पोस्टर देखा और आसपास पता लगाया तो मौलवी का सुराग मिला। अगले ही दिन जवान शोपियां पहुंच गए और उसे दबोच लिया। जांच सूत्रों ने बताया कि नौगाम में इरफान जिस मस्जिद में रहता था, उस कमरे को खोला गया। वहां कुछ और पोस्टर मिले। इसके बाद पहला केस दर्ज हुआ। कुछ दिन मामला शांत रहा, लेकिन 27 अक्टूबर को नौगाम में और पोस्टर लगे मिले। ये प्रिंटेड थे। ● शेष पेज 11 पर

## ईडी ने 14 स्थानों पर छेड़ा तलाश अभियान, 59 करोड़ रुपये जब्त किए

नयी दिल्ली/मुंबई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुंबई क्षेत्रीय कार्यालय ने शुक्रवार को लोढ़ा डेवलपर्स के पूर्व अधिकारी राजेंद्र नरपतमल लोढ़ा और अन्य के खिलाफ चल रही धन शोधन जांच के तहत मुंबई क्षेत्र में 14 स्थानों पर तलाश अभियान चलाया। ईडी के एक अधिकारी ने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान नकदी, बैंक बैलेंस और सावधि जमा के रूप में 59 करोड़ रुपये की चल संपत्ति जब्त और फ्रीज की गई। कई अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और करोड़ों रुपये की अचल संपत्ति का विवरण भी बरामद किया गया। ईडी ने मुंबई पुलिस की ओर से राजेंद्र लोढ़ा और अन्य के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज प्राथमिकी के आधार पर अपनी जांच शुरू की। आरोपों में धोखाधड़ी, पद का दुरुपयोग, संपत्ति की अनधिकृत बिक्री और झूठे दस्तावेज़ तैयार करना शामिल है जिससे सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध कंपनी लोढ़ा डेवलपर्स लिमिटेड को कथित तौर पर 100 करोड़ से ● शेष पेज 11 पर

## उप-चुनावों में कांग्रेस, भाजपा दो, आप, झामुमो, पीडीपी, मिजो नेशनल फ्रंट को एक-एक सीट

एजेंसी



नयी दिल्ली। देश के सात राज्यों की आठ विधानसभा सीटों पर हुए चुनाव में कांग्रेस, भाजपा को दो, आम आदमी पार्टी (आप), जम्मू-कश्मीर पीडीपी, झारखंड मुक्ति मोर्चा और मिजो नेशनल फ्रंट को एक-एक सीट पर जीत हासिल हुयी है। ये उपचुनाव तेलंगाना की जुबली हिल्स, राजस्थान की अंता, पंजाब की तरनतारन, झारखंड की घाटशिला, ओडिशा की नौपाड़ा, मिजोरम की डम्पा तथा जम्मू-कश्मीर की नगरोटा एवं बडगाम सीट पर हुए थे।

इनमें कांग्रेस को जुबली हिल्स और अंता सीटों पर जीत हासिल हुयी, जबकि भाजपा को नगरोटा और नौपाड़ा सीट पर विजय मिली। घाटशिला से झामुमो, बडगाम से जम्मू-कश्मीर पीडीपी, तरनतारन से आम आदमी पार्टी और डम्पा सीट से मिजो नेशनल फ्रंट को जीत मिली है। कांग्रेस उम्मीदवार नवीन यादव ने जुबली हिल्स विधानसभा उपचुनाव में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) उम्मीदवार मगंती सुनीता को 24,729 मतों के अंतर से हराया। नवीन यादव वी (कांग्रेस) को 98,988 मत, मगंती सुनीता गोपीनाथ (बीआरएस) को 74,259 मत और लंकाला दीपक रेड्डी (भाजपा) को 17,061 मत मिले। राजस्थान की अंता सीट पर कांग्रेस के प्रमोद जैन भाया को 69, 571 वोट मिले। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के मोरपाल सुमन को 15,612 मतों से पराजित किया। सुमन को 53,959 वोट मिले। झारखंड के घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी सोमेश सोरेन ने बड़ी जीत दर्ज की है। उन्हें कुल 104794 वोट मिले, जबकि भाजपा के बाबूलाल सोरेन 66270 मत ही हासिल कर सके। सोमेश सोरेन 38524 वोट के अंतर से जीत हासिल की, वहीं 11542 ● शेष पेज 11 पर

## यूपी कैबिनेट के बड़े फैसले : 10 वर्ष तक के किरायेदारी पर स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्रेशन फीस में बड़ी राहत

# अब चैनमैन भी बन सकेंगे लेखपाल, नई नियमावली मंजूर

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



❒ बागपत में पीपीपी मोड पर बनेगा मेडिकल कॉलेज

❒ दुकान और वाणिज्य अधिष्ठान कानून में बड़ा संशोधन

❒ वृद्धावस्था पेंशन के लिए अलग से आवेदन करने की जरूरत नहीं

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई उत्तर प्रदेश कैबिनेट की बैठक में 10 वर्ष तक की अवधि के किरायानामा विलेखों पर स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्रेशन फीस में छूट मंजूरी देने के साथ कई प्रस्तावों पर मुहर लगी है। कैबिनेट ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को वनडे विश्वकप जीतने की बधाई दी गई। इसके अलावा दिल्ली कार विस्फोट की आतंकी घटना की निंदा की और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

कैबिनेट बैठक के बाद राज्य के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, मंत्री अनिल राजभर, परिवहन मंत्री और राकेश सचान ने मीडियो को कैबिनेट में पारित प्रस्तावों की जानकारी दी। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि उत्तर प्रदेश की योगी प्रदेश सरकार ने राज्य में किरायेदारी को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए बड़ा फैसला लिया है। कैबिनेट ने 10 वर्ष तक की अवधि के किरायानामा विलेखों पर स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्रेशन फीस में छूट मंजूर कर दी है। इसका उद्देश्य यह है कि भवन स्वामी और किरायेदार दोनों किरायानामा लिखित रूप में तैयार करें और रजिस्ट्री कराएं, जिससे विवाद कम हों और किरायेदारी विनियमन अधिनियम का प्रभावी क्रियान्वयन हो सके।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि वर्तमान नियमों के अनुसार एक वर्ष से अधिक अवधि की किरायेदारी विलेख की रजिस्ट्री अनिवार्य है, लेकिन आमतौर पर अधिकांश किरायानामे मौखिक होते हैं या यदि लिखित होते भी हैं तो उनकी रजिस्ट्री नहीं कराई जाती। ऐसे मामलों का पता आमतौर पर जीएसटी विभाग और बिजली विभाग जैसी एजेंसियों की पत्रावलियों की जांच में चलता है और बाद में कमी स्टाम्प शुल्क की वसूली की कार्रवाई करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि यह भी अनिवार्य है कि किरायेदारी विलेख की रजिस्ट्री हो या न हो, उस पर सही स्टाम्प शुल्क हर हाल में जमा होना चाहिए।

स्टाम्प एवं पंजीयन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल ने बताया कि नई व्यवस्था के अनुसार अधिकतम स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्री शुल्क की सीमा तय कर दी गई है। यह सीमा किरायेदारी की अवधि और औसत वार्षिक किराए के आधार पर लागू होगी। इसका सीधा लाभ आम जनता को मिलेगा क्योंकि अब किरायेदारी विलेख पर भारी स्टाम्प शुल्क भरने की बाध्यता नहीं रहेगी और लोग अधिक सहजता से रजिस्ट्री करा सकेंगे।

प्रदेश कैबिनेट ने लेखपाल सेवा नियमों में बड़ा बदलाव कर चैनमैन के लिए लेखपाल पद पर पदोन्नति का मार्ग खोल दिया है। वित्त मंत्री सुरेशा खन्ना ने बताया कि पंचम संशोधन नियमावली 2025 के तहत अब लेखपाल के कुल पदों में से दो प्रतिशत पद योग्य चैनमैन को पदोन्नति के आधार पर दिए जा सकेंगे। यह पहली बार है जब चैनमैन को सीधी भर्ती व्यवस्था से बाहर निकलकर लेखपाल पद तक प्रमोशन का अवसर मिलेगा। वर्तमान में लेखपाल के 8940 पद रिक्त हैं। नई व्यवस्था के तहत वे चैनमैन पदोन्नति के लिए पात्र होंगे, जो मौलिक रूप से इसी पद पर नियुक्त हों, भर्ती वर्ष के पहले दिन तक छह वर्ष की सेवा पूरी कर चुके हों और इंटरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा पास कर चुके हों। इन पात्र चैनमैन का चयन चयन समिति की सिफारिश पर किया जाएगा।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि मंत्रिपरिषद ने जनपद बागपत में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए 5.07 हेक्टेयर भूमि निःशुल्क चिकित्सा शिक्षा विभाग को हस्तांतरित करने के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। यह भूमि ग्राम मीतली में स्थित है और मत्स्य विभाग के पास थी। विवादित 0.53 हेक्टेयर हिस्से को छोड़कर शेष भूमि पर कॉलेज का निर्माण किया जाएगा। कैबिनेट ने दुकान और वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम 1962 में महत्वपूर्ण संशोधन को मंजूरी देते हुए इसकी सीमा नगरीय क्षेत्रों से बढ़ाकर पूरे प्रदेश तक कर दी है। अब राज्य के सभी जिलों और ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिष्ठान भी इस कानून के दायरे में आएंगे। इससे अधिकतम श्रमिक कानूनी संरक्षण के दायरे में आएंगे और उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित होगी। मीडिया ब्रीफिंग के दौरान श्रम मंत्री ● शेष पेज 11 पर

# एनडीए की जीत में योगी और उनके तीन साथियों ने दिखाया अपना संगठन कौशल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की बंपर जीत को लेकर उत्तर प्रदेश में भी भाजपा कार्यकर्ताओं में जश्न है। बिहार की जीत में मोदी-नीतीश के चेहरे पर खूब वोट मिले। वहीं उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा तीन बड़े नेताओं उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, मंत्री स्वतंत्र देव सिंह व पूर्व मंत्री डॉ महेंद्र सिंह की जमीनी स्तर पर मेहनत रंग लाई। इन नेताओं ने कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय कर छोटी -छोटी कमियों को दूर करते शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन में दिन रात काम किया। जिसका परिणाम है कि पूरे देश में आज बिहार की इस जीत की गूंज सुनाई दे रही है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिहार विधानसभा चुनाव में अपने भाषणों और प्रदेश सरकार के कामकाज, कानून व्यवस्था और बुलडोजर की चर्चा से मतदाताओं को अपनी ओर खींचने में सफलता हासिल की। योगी ने राम मंदिर के निर्माण और बिहार में प्रस्तावित जानकी मंदिर को लेकर भी लोगों को भावनात्मक रूप से एनडीए के पाले में लाने में कामयाबी पाई, जिससे एनडीए को प्रचंड जीत मिला। उन्होंने लालू यादव के जंगलराज को भी मुद्दा बनाया।

यूपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य को पार्टी हाईकमान ने बिहार प्रदेश का सह प्रभारी बनाया था। मौर्य ने अपने पुराने फॉर्म में आकर 2017 वाले तेजतर्रार प्रदेश अध्यक्ष की तरह बिहार के नेताओं के साथ बैठकर रणनीति बनाने में अपनी भूमिका निभाई। यूपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और वर्तमान में यूपी सरकार में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने भी लगातार अपनी जिम्मेदारी निभाई और अपने कार्य क्षेत्र में डटे रहे । गांव-गांव में छोटी-छोटी चौपाल कर उन्होंने अपनी स्टाइल में कार्यकर्ता और जनता के बीच देशज अंदाज़ में घुल मिलकर बिहार में एनडीए की जीत के मायने मतदाताओं को समझाने में सफल रहे। उन्होंने चुनाव में युवाओं और महिलाओं को मोदी सरकार के कार्यों और उपलब्धियों की जानकारी दी और बड़ी संख्या में इन मतदाताओं को एनडीए के पाले में लाने में कामयाब हुए।

उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री व वर्तमान में मध्यप्रदेश के प्रभारी डॉक्टर महेंद्र सिंह की बात करें तो भाजपा शीर्ष नेतृत्व का विश्वास उन पर अटूट है और बिहार चुनाव में महेंद्र सिंह ने अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई। डॉ. महेंद्र सिंह को शीर्ष नेतृत्व ने मिथिला, तिरहुत जोन के 11 लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार की ज़िम्मेदारी दी थी। उन्होंने बिहार में डेरा जमा लिया और अपने संगठनात्मक अनुभव से सभी विधानसभा क्षेत्रों में बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं के साथ लगातार छोटी बड़ी बैठक कर रणनीति बनाते रहे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लेकर शीर्ष नेताओं की रैलियों को सफल बनाने में भी सहयोग किया।

## ईंट लदा ट्रैक्टर नहर में गिरा, चालक की मौत

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गंगानगर के हिड़ैया थाना क्षेत्र के डिघरी गांव के पास गुरुवार सुबह एक पुरानी पुलिया अचानक धंस गई, जिससे उस पर से गुजर रहा ईंट लदा ट्रैक्टर सूखी नहर में गिर गया। हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए। मृतक की पहचान उतरांव थाना क्षेत्र के दिखौटा गांव निवासी दिनेश (35) के रूप में हुई, जो स्थानीय भट्टे पर ट्रैक्टर चालक के रूप में काम करता था। सुबह करीब 9 बजे दिनेश ईंट लेकर वाहक के यहां पहुंचाने निकला था। जैसे ही ट्रैक्टर शारदा सहायक खंडऽ39 की रजबहा पर बनी पुलिया पर पहुंचा, अचानक लेंटर टूटकर धंस गया और ट्रैक्टर सहित चालक नहर में समा गया। मलबे और ट्रैक्टर के नीचे दबने से दिनेश की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। पत्नी सुमन और मां अनीता का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि 7 वर्ष के अपंत, 5 वर्ष की आहवी और एक वर्ष की लाड़ो के सिर से पिता का साया उठ गया।

## 9 स्थानों से हटाया गया अवैध कब्जा

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में पूरे जनपद की तहसीलों में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त अभियान चलाया गया। गुरुवार को बंजर, खलिहान, नवीन परती, चकमार्ग, तालाब तथा अन्य सार्वजनिक भूमि पर हुए कब्जों को हटाते हुए कुल 09 स्थानों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। तहसील कोरांव के ग्राम खजुरीकला में नाली की भूमि, ग्राम बभनपट्टी में रास्ता, ग्राम बेलवनिया व पथरताल में चकमार्ग की भूमि को खाली कराया गया। वहीं, मेजा तहसील के ग्राम अखरी शाहपुर और गौरा में चकमार्ग, सोरांव तहसील के ग्राम हथिगहां में नवीन परती व तालाब खाते की भूमि तथा हंडिया तहसील के कसौधन उर्फ लाक्षागृह गांव में रास्ता खाते की भूमि से अतिक्रमण हटाया गया। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों व तहसीलदारों को निर्देश दिया है कि अतिक्रमण संबंधी शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई की जाए। साथ ही, तहसीलों में सरकारी व ग्राम सभा की भूमि का नवीन सर्वे कराते हुए अतिक्रमण की श्रेणियां निर्धारित की जाएं और उसके आधार पर नियमित अभियान चलाया जाए। अब तक अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं और आने वाले दिनों में भी यह सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## आत्महत्या की कोशिश कर रही युवती को महिला ने बचाया

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नए यमुना पुल पर उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक युवती नदी में छलांग लगाने जा रही थी। ठीक उसी समय वहां मौजूद एक साहसी महिला ने उसे पकड़ लिया और आत्मघाती कदम उठाने से रोक दिया। घटना के दौरान पुल पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही नैनी पुलिस मौके पर पहुंची और महिला ने युवती को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस अब युवती की पहचान और घटना के कारणों की जांच कर रही है। गुरुवार शाम नए यमुना पुल पर काफी भीड़ थी। इसी दौरान युवती आत्महत्या के इरादे से पुल पर पहुंची और मौका देखकर नीचे कूदने के लिए आगे बढ़ी, लेकिन पास खड़ी महिला ने दौड़कर उसे पकड़ लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला ने काफी देर तक युवती को अपने सीने से लगाकर शांत रखने की कोशिश की, जिससे उसकी जान बच सकी। मौके पर मौजूद लोग युवती के बारे में जानकारी जुटाते रहे।मौके पर पहुंची नैनी पुलिस उसके परिजनों और कारणों का पता लगा रही है।

## अखंड समाज सेवा समिति एवं ट्रस्ट ने मनाया बाल सृजन महोत्सव

लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के गांव कबीरपुर में अखंड समाज सेवा समिति एवं ट्रस्ट की ओर से बाल सृजन महोत्सव 2025 का आयोजन किया गया। इस आयोजन में क्षेत्र के 50 से से अधिक प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय शामिल हुए। कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी चित्र कला के हुनर दिखाए। बच्चों के कार्य को देखते हुए उनके उत्साह वर्धन करने के लिए उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए रंगारंग कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया।

## बाइक अनियंत्रित होकर नाले में गिरी, युवक की मौत

नगराम, लखनऊ। ग्राम डोभिया में शुक्रवार दोपहर हुए सड़क हादसे में बाइक सवार प्रेमचंद (43), निवासी मंझूपुर, बाराबंकी की मौत हो गई। डायल 112 की सूचना पर मौके पर पहुंची नगराम पुलिस को प्रेमचंद नाले में गंभीर हालत में मिला।प्राथमिक जांच में पता चला कि बाइक अनियंत्रित होकर खंभे से टकराने के बाद नाले में गिर गई, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने एंबुलेंस से घायल को सीएचसी नगराम भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है और पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## डेफ ओलंपिक का आयोजन किया जाएगा

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बधिर कल्याण ट्रस्ट के सदस्य दल भी इसमें भाग लेगा, जिसमें कु. प्रगति केसरवानी जूडो खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगी। यह उपलब्धि प्रयागराज बधिर कल्याण ट्रस्ट के महामंत्री राम रघुबीर मिश्र के मार्गदर्शन में संभव हुई है। ट्रस्ट की सदस्य कु. प्रगति केसरवानी अब आगामी 15 से 26 नवम्बर 2025 तक जापान में होने वाली जूडो डेफ ओलंपिक प्रतियोगिता में भी हिस्सा लेंगी। प्रयागराज फाउंडेशन के अध्यक्ष शशांक शेखर पांडेय ने इस उपलब्धि पर प्रयागराज बधिर कल्याण ट्रस्ट के महामंत्री राम रघुबीर मिश्र, कु. प्रगति केसरवानी, उनके पिता संजीव केसरवानी, माता श्रीमती बाबिता केसरवानी तथा पूरी टीम को हार्दिक बधाई दी है। इसके साथ ही, आगामी डेफ ओलंपिकऽ2025 में भारत की प्रतिनिधि के रूप में कु. प्रगति केसरवानी का चयन होना पूरे प्रयागराज के लिए गौरव की बात है।

## फूड इंस्पेक्टर 10 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले में एंटी करप्शन संगठन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फूड इंस्पेक्टर नंद किशोर यादव को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी कोटा संचालक से हर महीने फर्जी शिकायतें दबाने और दुकान बचाने के नाम पर पैसे मांग रहा था। शिकायत की पुष्टि होने पर टीम ने झूंसी के लेबर चौराहा स्थित एक सब्जी की दुकान पर ट्रैप बिछाया और तय स्थान पर पहुंचकर जैसे ही फूड इंस्पेक्टर ने रिश्वत की रकम ली, उसे मौके पर ही सुबह 9:12 बजे दबोच लिया। इसके बाद उसे थाना झूंसी ले जाकर मुकदमा दर्ज किया गया।

## जलस्तर बढ़ने से माघ मेला तैयारी प्रभावित, प्रशासन तेज रफ्तार में जुटा

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इस बार पौष पूर्णिमा 3 जनवरी को पड़ने के कारण माघ मेला समय से पहले शुरू होगा, जिससे प्रशासन पर सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरा करने का दबाव बढ़ गया है। सामान्यतः दिसंबर में मेला बसावट को अंतिम रूप दे दिया जाता है, लेकिन इस बार संगम क्षेत्र में जलस्तर अधिक होने से वहां कार्य शुरू नहीं हो पाए हैं। झूंसी की दिशा में तैयारी जारी है और सेक्टर 5 व 6 सहित आचार्य बाड़ा, खाकचौक, दंडी संन्यासी नगर तथा शंकराचार्य मार्ग जैसे प्रमुख स्थलों को भी उसी ओर बसाने की योजना है। लगभग 800 हेक्टेयर क्षेत्र में सात सेक्टरों में माघ मेला बसाया जाएगा, जिसमें एक हजार से अधिक संस्थाएं और बड़ी संख्या में कल्पवासी ठहरेंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए इस बार छह की जगह सात पांटून पुल बनाए जा रहे हैं, ताकि स्नान पर्वों पर आवागमन सुचारू रहे। मेला क्षेत्र में जमीन समतलीकरण कार्य ट्रैक्टर और जेसीबी की मदद से चल रहा है, जबकि संगम क्षेत्र का बड़ा हिस्सा अभी भी जलभराव और दलदल में है, जिसे सुखाने के लिए मजदूर लगाए गए हैं। सिंचाई, बिजली और लोक निर्माण विभाग सहित सभी विभागों को कार्यों की गति बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। बिजली विभाग अस्थायी पोल और तार लगाने में जुटा है, वहीं पीडब्ल्यूडी ने सड़क निर्माण शुरू कर दिया है। मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने बताया कि अधिक जलस्तर फिलहाल बड़ी चुनौती है और शासन को नहरों में जल छोड़े जाने का अनुरोध भेजा गया है, ताकि जलस्तर तेजी से घटे और मेला तैयारी को गति मिल सके।

## कमिश्नरेट में दरोगाओं के फ़ेरबदल की तैयारी तेज

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कमिश्नरेट में लंबे समय से एक ही थाने में तैनात दरोगाओं का बड़े पैमाने पर स्थानांतरण होने की तैयारी है। प्रबल सूत्रों के अनुसार 2022ऽ23 बैच के नए दरोगाओं को फील्ड में भेजने की योजना बनाई जा रही है ताकि पुलिस व्यवस्था में नई ऊर्जा आए। विभाग का मानना है कि वर्षों से एक ही जगह पर तैनाती से कार्यशैली में ढिलाई आती है और कानून-व्यवस्था पर इसका असर पड़ता है। जल्द ही कमिश्नरेट स्तर पर व्यापक फ़ेरबदल की सूची जारी की जा सकती है। पुलिस महकमे में इस संभावित बदलाव को लेकर चर्चा तेज है और माना जा रहा है कि इसके बाद थानों की कार्यकुशलता में सुधार आएगा।

## दहियावां में पति-पत्नी की चार दिनों में आत्महत्या, रहस्य गहराया

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** होलागढ़ थाना क्षेत्र के दहियावां गांव में चार दिन के भीतर पति और पत्नी दोनों की आत्महत्या से सनसनी फैल गई है। पहले पति ने फांसी लगाकर जान दे दी थी और अब पत्नी ने भी घर में आत्महत्या कर ली, जिससे मामले ने रहस्यमय रूप ले लिया है। परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार दोनों घटनाओं के पीछे कारण स्पष्ट नहीं है। पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि दोनों की मौतें किन परिस्थितियों में हुईं। होलागढ़ पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## 50+ उम्र के इंस्पेक्टर फील्ड ड्यूटी में कमजोर

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कमिश्नरेट के यमुनानगर जोन में 50 वर्ष से अधिक उम्र के कई इंस्पेक्टर फील्ड में सक्रियता न दिखा पाने के कारण चर्चाओं में हैं। स्थानीय जनता का कहना है कि उम्र अधिक होने के चलते यह अधिकारी तेज फील्ड वर्क नहीं कर पाते, जिससे क्षेत्र में घटनाएं बढ़ रही हैं और कानून व्यवस्था प्रभावित हो रही है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि फील्ड ड्यूटी में युवा और ऊर्ज़ावान पुलिस अधिकारियों को तैनात किया जाए ताकि अपराधों पर तुरंत कार्रवाई हो सके। क्षेत्रीय पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सुझावों को उच्च अधिकारियों तक भेजा जाएगा और व्यवस्था सुधारने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे।

## दिल्ली ब्लास्ट के बाद प्रयागराज पुलिस हाई अलर्ट, चौकसी बढ़ाई गई

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दिल्ली में हुए ब्लास्ट के बाद प्रयागराज पुलिस पूरी तरह सतर्क हो गई है। क्व्र्द सिटी मनीष कुमार शांडिल्य ने बताया कि शहर में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और जगह-जगह चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। सार्वजनिक स्थानों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस टीमें तैनात हैं। संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापन तेज कर दिया गया है और किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। कमिश्नरेट ने नागरिकों से भी सतर्क रहने और संदिग्ध दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने की अपील की है। पुलिस का कहना है कि सुरक्षा को लेकर कोई लापरवाही नहीं होगी।

## पत्नी से संपर्क न होने पर खुला मामला, 28 वर्षीय महिला ने की आत्महत्या

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।**लोहगरा क्षेत्र में 28 वर्षीय सुषमा की आत्महत्या से परिवार में मातम छा गया। महिला का पति, जो एनटीपीसी में कार्यरत है, कई बार फोन करने के बाद भी जब संपर्क नहीं कर पाया, तो उसने मकान मालिक से जानकारी ली। मकान मालिक के अनुसार कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। द्वफ्र्थ्थ्द्ध के मौके पर पहुंचने पर दरवाजा खोलने पर पता चला कि सुषमा जमीन पर पड़ी थी और उसने आत्महत्या कर ली थी। सूचना मिलते ही बारा थाना प्रभारी वीरेंद्र सोनकर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस आवश्यक कानूनी कार्रवाई में जुटी है।

## बाल दिवस: लखनऊ चिड़िया घर पहुंचे 13 हजार से अधिक दर्शक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। बाल दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में नवाब वाजिद अली शाह प्राणी उद्यान (चिड़िया घर) में शुक्रवार को बच्चों की भारी भीड़ उमड़ी। प्रदेश के करीब 93 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्राणी उद्यान का भ्रमण किया, जिनका आवागमन सुबह से लेकर दोपहर बाद तक लगातार जारी रही। प्राणी उद्यान के दोनों प्रवेश द्वारों की पार्किंग पूरी तरह भर जाने के कारण व्यवस्थाओं को काफी चुस्ती से संभालना पड़ा। आज कुल 13 हजार से अधिक दर्शक प्राणी उद्यान पहुंचे।

प्राणी उद्यान की निदेशक अदिति शर्मा, उप निदेशक डा. उत्कर्ष शुक्ला और क्षेत्रीय वनाधिकारी दिनेश बडोला ने बाल दिवस पर आए बच्चों को टॉफी बांटकर शुभकामनाएँ दीं। निदेशक ने बच्चों से पर्यावरण और वन्यजीवों के संरक्षण के प्रति जागरूक रहने, स्वच्छता बनाए रखने और गंदगी फैलाने वालों को रोकने की अपील की। चिड़िया घर का प्रवेश द्वार संख्या एक पर बने एन्ट्री प्लाजा और सेल्फी प्वाइंट बच्चों में विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। झरने का मनमोहक दृश्य देखने के लिए भी बच्चों में उत्साह देखा गया। चिल्ड्रेन पार्क में पर्यटन विभाग के सहयोग से लगाए गए नए झूले बच्चों को बेहद पसंद आए। अध्यापकों ने मजबूत और सुरक्षित झूलों के लिए प्राणी उद्यान प्रशासन का आभार व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि बच्चों के मनोरंजन से जुड़े ऐसे प्रयास भविष्य में भी जारी रहेंगे। बच्चों की पसंदीदा बालरेल भी पूरे दिन खचाखच भरी रही और प्लेटफॉर्म पर लंबी कतारें देखने को मिलीं। बच्चों ने बताया कि बालरेल की सवारी उन्हें बेहद रोमांचक लगी।

## बिहार में एसआईआर का खेल बाकी जगहों पर नहीं चलेगा : अखिलेश

लखनऊ। बिहार विधानसभा चुनाव के रुझानों को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि बिहार में जो खेल एसआईआर ने किया है, वह अब देश के अन्य राज्यों में दोहराया नहीं जा सकेगा।

उन्होंने दावा किया कि इस साज़िश का भंडाफोड़ हो चुका है और आने वाले समय में पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश सहित किसी भी राज्य में भाजपा ऐसी रणनीति लागू नहीं कर पाएगी। शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा ल्ल समाजवादी पार्टी द्वारा शुरू की गई पीडीए प्रहरी व्यवस्था अब चुनावों में भाजपा की हर गतिविधि पर निगरानी रखेगी। उन्होने इसे ल्लपीपीटीवी (पीडीए प्रहरी टीवी) बताते हुए कहा कि जैसे सीसीटीवी हर गतिविधि को रिकॉर्ड करता है, वैसे ही पीडीए प्रहरी बूथ से लेकर मतगणना तक हर स्तर पर सतर्क रहकर लोकतंत्र की रक्षा करेगा। उन्होंने कहा, भाजपा दल नहीं, छल है। लेकिन अब छल की राजनीति सफल नहीं होगी।

## किन्नरों ने पूर्व सभासद पर लगाया बंधक बनाकर उत्पीड़न का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। गोसाईगंज के नेवातिन टोला निवासी पर्व सभासद मेराजुद्दीन अंसारी पर किन्नरो की ओर से अपने कपड़े फाड़ने और मार पीट करने का आरोप लगाया गया है।इस संबंध में 14 नवंबर 2025 को इसी मोहल्ले की निवासी किन्नर शीतल और रानी की ओर से गोसाईगंज कोतवाली में दर्ज कराई गई एफ आई आर के अनुसार दोनों पीड़ित किन्नर अपनी टीम के साथ आज लगभग 12 बजे नेवातिन टोला निवासी शैफी के घर पहुंच कर निकाह होने का नेग मांगा तो उस परिवार के लोग भी प्रसन्नता के साथ 2100 रुपए देने को तैयार हो गए। किन्नरों की शिकायत के अनुसार उन्हें मांगा गया नेग मिलने से पहले ही वहां मेराजुद्दीन अंसारी पहुंच गए। उन्होंने अपने बेटे तौसीफ व मोहल्ले कके शरिक के अलावा 3 - 4अन्य लोगों को बुला लिया।शिकायत कर्ताओं के अनुसार मेराजुद्दीन के पक्ष में एकत्र हुए उन सभी लोगों को ढकेल कर मोहम्मद सैफी के घर में बंधक बना दिया और उनके साथ गाली गलौज के अलावा मारपीट भी की और उनकी लज्जा भंग की। पीड़ितों के अनुसार उनको धमकी देते हुए कहा गया है कि यदि किसी भी परिवार में नेग मांगने दुबारा आए तो जान से मार दिया जाएगा।मेराजुद्दीन की ओर से यह धमकी भी दी गई कि उनका एक लड़का वकालत करता है उसी के माध्यम से कोर्ट से आदेश करवाकर दर्ज़नो झूठे मुकदमे दर्ज करवाकर जेल की सलाखों के पीछे करवा देंगे।पीड़ित किन्नरों के अनुसार यह सब मेराजुद्दीन ने पूर्व में हुई रंजिश के कारण किया है।

## अज्ञात चोरों ने हरदोइया गांव में लाखों के जेवरात व नकदी किया पार

नगराम, लखनऊ। नगराम थाना क्षेत्र में बीती रात हरदोइया गांव में चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के कीमती जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। हरदोइया निवासी मनीष पाल उर्फ पारसनाथ ने बताया कि चोर रात के अंधेरे में उनके पड़ोसी की छत के रास्ते उनके घर में घुस आए और अलमारी में रखे सोने का मंगलसूत्र, एक सोने की चेन, एक चांदी पायल की पायल लगभग 250 ग्राम की। करीब 50,000 रुपये नकद चोरी कर ले गए। सुबह जब उनकी पत्नी जगीं तो घर में बिखरा सामान देखकर उनके होश उड़ गए। खोजबीन के दौरान पीड़ित की पैंट छत पर व अन्य सामान छत-विक्षत पड़ी मिली, जिससे चोरी की पुष्टि हुई। घटना के बाद गांव में दहशत फैल गई है। हालांकि पीड़ित ने? शुक्रवार को चोरी होने की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी की है।

## आधुनिक 'चाइल्ड केयर हॉस्पिटल' का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोराव प्रयागराज। कोरांव क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के नए अध्याय की शुरुआत आज उस समय हुई जब 'कोरांव चाइल्ड केयर एवं मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल' का भव्य उद्घाटन गांधी चौराहा के पास किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित,मेडिकल कॉलेज प्रयागराज के वरिष्ठ सर्जन डॉ. संतोष सिंह ने कहा कि ग्रामीण एवं कस्बाई क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाओं का विस्तार अत्यंत आवश्यक है और यह अस्पताल कोरांव तथा आसपास के हजारों बच्चों व परिवारों के लिए जीवनदायी सिद्ध होगा। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अखिलेश सिंह पटेल ने इसे कोरांव में आधुनिक बाल चिकित्सा सुविधाओं की कमी को पूरा करने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया और कहा कि हमारा उद्देश्य नवजात से लेकर किशोर आयु तक सभी बच्चों को सुरक्षित एवं विशेषज्ञ देखभाल उपलब्ध कराना है। निदेशक रामजीत सिंह तथा कमला शंकर सिंह के नेतृत्व में तैयार यह अस्पताल गत्र्र्ए्ठ, घ्र्र्ए्ठ, आपातकालीन सेवाओं, जांच सुविधाओं एवं मल्टी-स्पेशियलिटी चिकित्सकों से युक्त है। समारोह में वैचारिक शिक्षक संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ ज्ञान प्रकाश सिंह, डॉ. भूपेन्द्र चौधरी, डॉ. अनिल पांडेय, डॉ. मनोज सिंह, प्रवीण सिंह, पत्रकार अजय मिश्रा, शिक्षक जय प्रकाश सिंह, पिंटू सिंह सहित अनेक क्षेत्रीय समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के साथ ही अस्पताल ने आमजन के लिए अपनी सेवाएँ प्रारंभ कर दीं, जिसे क्षेत्रवासियों ने एक सराहनीय और समयानुकूल पहल बताया।

## सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर एकता पदयात्रा सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशन तथा जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के आदेशानुसार शहर उत्तरी विधानसभा क्षेत्र में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 13 नवंबर 2025 को सरदार पटेल एकता पदयात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा को विधायक हर्षवर्धन बाजपेई ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जबकि समापन समारोह में फूलपुर के सांसद प्रवीण पटेल मुख्य अतिथि और महापौर गणेश केशरवानी विशिष्ट अतिथि रहे। लक्ष्मी टॉकीज कटरा से प्रारंभ होकर तिरंगा चौराहा और आलोपीबाग मार्ग से गुजरती यह पदयात्रा सरदार पटेल संस्थान आलोपीबाग में जनसभा के साथ सम्पन्न हुई। पदयात्रा के सफल आयोजन में नोडल उपनिदेशक जागृति पांडेय (मेरा युवा भारत) तथा टीम सदस्य विश्वास श्रीवास्तव, निर्मल कांत, अमरेश दुबे और राम अवध कुशवाहा ने प्रमुख भूमिका निभाई। भारत स्काउट एंड गाइड इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज तथा राधारमण इंटर कॉलेज के छात्रों-छात्राओं ने यात्रा में उत्साहपूर्वक भागीदारी की। लगभग 1500 से अधिक युवाओं, छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, व्यापारियों और समाजसेवियों ने पदयात्रा में सक्रिय सहभागिता दर्ज की तथा सभी प्रतिभागियों ने माई भारत पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत किया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव, युवा जागरूकता और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सार्थक भूमिका को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

## 63वीं पेंशन अदालत सम्पन्न, 50 में से 13 का मौके पर निस्तारण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । गांधी सभागार में शुक्रवार को मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में 63वीं मण्डलीय पेंशन अदालत आयोजित हुई। इस पेंशन अदालत में कुल 50 वाद (28 पुराने एवं 22 नये) सूचीबद्ध थे, जिनमें से 13 वादों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

मण्डलायुक्त ने शेष प्रकरणों के जल्द निपटारे के लिए सम्बंधित विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सभी देयकों और परिलाभों का नियमानुसार समय पर भुगतान अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सेवानिवृत्ति से पूर्व ही देयकों से संबंधित कार्यवाही प्रारम्भ कर देनी चाहिए, ताकि समय-सीमा के भीतर लाभ प्राप्त हो सके।

ये वादों में अधिकतर प्रकरण बेसिक शिक्षा विभाग के थे, जिनमें 16 सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक एवं सहायक अध्यापकों –

भाई लाल गुप्ता, रमाकांत मिश्र, कृपाशंकर शुक्ला, रामलखन मिश्र, मनीजर प्रसाद, शिवा चरण द्विवेदी, राधेश्याम मिश्र, त्रिभुवन नाथ तिवारी, गजाधर प्रसाद, जयराम शर्मा, प्यारे लाल बिंद, राम विलास सिंह, ओमकार नाथ द्विवेदी, रामदास (सहायक अध्यापक), सुंदरी देवी पत्नी स्व. जगन्नाथ प्रसाद, और राजेंद्र कुमार द्विवेदी के नोशनल वेतन वृद्धि एवं पुनरीक्षित पेंशन से जुड़े थे। मण्डलायुक्त ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और लेखाधिकारी को संयुक्त रूप से बैठक कर इन प्रकरणों का परीक्षण कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। ध्रुव कुमार वर्मा, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य के नोशनल वेतन वृद्धि मामले पर मण्डलायुक्त ने अपर निदेशक कोषागार को समीक्षा कर निस्तारण करने का निर्देश दिया। सुश्री मनोरमा विश्वकर्मा, सेवानिवृत्त स्वास्थ्य कार्यकर्ता के पेंशन एवं उपादान भुगतान से संबंधित मामले को मुख्य चिकित्साधिकारी को 15 दिन में निस्तारित करने को कहा।

# प्रदेश भाजपा कार्यालय में मना जश्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। बिहार चुनाव में एनडीए को मिली ऐतिहासिक जीत का भाजपा प्रदेश कार्यालय पर उल्लासपूर्वक जश्न मनाया गया। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला, उपाध्यक्ष बृज बहादुर सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर नीरज सिंह, एमएलसी मुकेश शर्मा, संतोष सिंह, रामचंद्र प्रधान सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को लडडू खिलाकर बधाई दी।ढोल नगाड़े की ताप पर कार्यकर्ता झूमते नजर आए और घंटों आतिशबाजी के साथ बधाईयों का सिलसिला चला।

नीरज सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत भाजपा की विचारधारा और जनता की अपेक्षाओं की जीत है। यह विजय कार्यकर्ताओं के परिश्रम और जनता का एनडीए सरकार के प्रति विश्वास की प्रतीक है।मैं मानता हूं कि यह सुशासन की जीत है और जंगल राज को पूरी बिहार की जनता ने नकारा है। बिहार की जनता उस काल खंड को नहीं भूली है जब वहां की बहू बेटियां सुरक्षित नहीं थी, युवा रोजगार के लिए दर-दर भटकते थे और एक परिवार विशेष ने बिहार की दुर्दशा कर रखी थी।महानगर महामंत्री राम अवतार कनौजिया, उपाध्यक्ष टिंकू सोनकर, सौरभ वाल्मीकि, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, सीता नेगी, अर्चना साहू, साकेत शर्मा, सत्येंद्र सिंह, संकेत शर्मा, प्रमोद सिंह, शादाब आलम,अमित त्रिपाठी, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भाजपा के झंडों के साथ जश्न मनाते नजर आए।

## मेधावी छात्रों को किया सम्मानित



लखनऊ। सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला महामंत्री भाजपा लखनऊ वर्तमान में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा भाजपा अवध क्षेत्र वीरेन्द्र कुमार रावत के द्वारा पार्टी द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत गोसाईगंज ब्लॉक के ड्रीमवेली, इंदिरा डैम उज्ज्वला ग्लोबल एकेडमी विद्यालय में पहुंच कर लौह पुरुष की जयंती पर उस महापुरुष की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के साथ ही वही पर मेधावी छात्र छात्रों को सम्मानित भी किया। दोनों नेताओं ने उस महापुरुष के द्वारा देश के प्रति किए गए योगदान को विस्तार से बताया । इसी मौके पर उपस्थित शिक्षक गण व बच्चों की प्रशंसा भी की।दोनों नेताओं की ओर से क्लास 6 की छात्रा समृद्धि गुप्ता को वेटलिफ्टिंग में मण्डल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर प्रबन्धक प्रदीप सिंह, प्रधानाचार्य अमिता सिंह, सभी शिक्षक गण और बच्चे उपस्थित रहे।

# एनडीए की बिहार जीत पर लखनऊ पश्चिम के विभिन्न स्थानों पर दिखा कार्यकर्ताओं का उत्साह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। बिहार विधानसभा मे प्रधान मंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जन सभाओ से जो बिहार मे हुआ इससे विपक्षी दलों मे हाहाकार सा मच गया क्योंकि इन दोनो नेताओ ने समूचे बिहार को एक मत करते हुए भाजपा को बिहार की सबसे बड़ी पार्टी और एन डी ए को ऐसा प्रचंड बहुमत दिलाया जिसकी कल्पना भी किसी ने ना की होगी इसी खुशी मे आज लखनऊ पश्चिम विधानभा क्षेत्र के कन्हैया माधोपुर द्वितीय, वार्ड संख्या 38 में भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं द्वारा बिहार में एनडीए गठबंधन को मिले भारी बहुमत की शानदार जीत का उत्सव धूमधाम से मनाया गया।फरीदीपुर चौराहे पर भाजपा समर्थकों ने ज़ोरदार आतिशबाज़ी की तथा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर इस ऐतिहासिक विजय की खुशी साझा की। यह सिर्फ एक राजनीतिक जीत नहीं, बल्कि देश में विकास, सुशासन और स्थिरता की पुनः पुष्टि है।इस अवसर पर कार्यकर्ताओं के चेहरे पर उत्साह और गर्व स्पष्ट दिखाई दे रहा था। पूरा माहौल राष्ट्रभावना और उत्सव से सराबोर था। इस मौके पर मंडल महामंत्री मनोज चौरसिया, शीतल रावत, मनोज रावत, कमल मिश्रा गिरीश लाल, अर्जुन कश्यप, राजेश गुप्ता, धीरज वर्मा, अंकित राठौर (पत्रकार), अविनीश विश्वकर्मा, विनीत लोधी, त्रिभुवन यादव, अनिल मौर्य, विकास श्रीवास्तव तथा अनेक सम्मानित कार्यकर्ता और समर्थकगण। सभी ने एक स्वर में यह विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में भी राष्ट्रहित, विकास और जनसेवा का यह सिलसिला और अधिक मजबूती से आगे बढ़ता रहेगा।

## बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** डॉ. राजेन्द्र प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज लखनऊ के विवेकानंद सभागार में बाल दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या डॉ. वी. के. श्रीवास्तव द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर हुई। उन्होंने चाचा नेहरू के बाल प्रेम और उनके आदर्शों पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने रंगारंग एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ जैसे—दौड़, कबड्डी, खो–खो, जलेबी रेस, अंताक्षरी आदि का आयोजन किया गया। टीसीएस द्वारा आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए विचार विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया।

## बाल दिवस पर छात्रों ने सजाई दुकानें, छात्रों में उत्साह



**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगराम के लक्ष्मणपुर स्थित सीपीएल पब्लिक इंटर कॉलेज में पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती 14 नवंबर को बाल दिवस के रूप में हर्षोल्लास से मनाई गई। स्कूल परिसर में छात्र–छात्राओं द्वारा लगाई गई रंग–बिरंगी स्टॉलों और बाल मेले ने कार्यक्रम को आकर्षक बना दिया। मेले में विविध 60 प्रकार की खाद्य पदार्थों की दुकानें लगाकर अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार ने नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से की तथा उनके जीवन और योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने चाचा नेहरू के जीवन व राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर विस्तृत प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य ने बताया कि पंडित नेहरू का जन्म 14 नवंबर 1889 को इलाहाबाद में हुआ था और 27 में 1964 को उनका निधन हुआ । तत्पश्चात प्रधानाचार्य ने मेले का शुभारंभ रिबन काटकर किया , बच्चे पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए।

## महर्षि विद्या मंदिर मे फूड फिएस्टा का हुआ आयोजन



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** महर्षि विद्या मंदिर मे बाल दिवस के अवसर पर विशाल मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारम्भ विद्यालय के प्रबंधक श्री अनूप श्रीवास्तव एवं प्रधानाचार्य श्रीमती नीलम सिंह ने फ़ीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित करके किया। भारद्वाज,गौतम,वशिष्ठ और विश्वामित्र सदन के विद्यार्थियों ने अपने अपने स्टाल्स को आकर्षक रूप से सजाया। फूड फिएस्टा मे नाना प्रकार के व्यंजन खाद्य पदार्थो के साथ खेल कूद के स्टाल भी आकर्षण का केन्द्र रहे विद्यार्थियों के साथ साथ उनके अभिभावको ने भी मेले का आनंद उठाया और जमकर खरीददारी की। समापन के अवसर पर आयोजित लकी ड्रॉ के लिये बच्चों मे अतिरिक्त उत्साह देखा गया। प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य ने विजेताओ को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सुबह 10:30 बजे प्रारम्भ हुआ मेला शाम 4:00 बजे सम्पन्न हुआ।

## धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस, लगा मेला



**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बहरौली स्थित जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज में बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा और यूनियन बैंक शाखा प्रबंधक ओ.पी. चौधरी ने नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। बाल मेले का उद्घाटन रिबन काटकर किया गया, जिसमें बच्चों द्वारा लगाए गए 25 विविध स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे। खाद्य सामग्री, कॉस्मेटिक, फुटवियर, गृह विज्ञान प्रदर्शनी और बैलून शूटिंग जैसे स्टॉलों पर बच्चों ने अपनी रचनात्मकता दिखायी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाव नृत्य, कविताएं, नाटिका और करतब प्रस्तुत किए गए। एडवेंचर पार्क, जंपिंग झूला और सेल्फी प्वाइंट ने कार्यक्रम की रौनक बढ़ाई। लंच के बाद ह्रदयेश जादूगर के जादू शो ने बच्चों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व शिक्षक, वर्तमान स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहीं।

## बंद मकान से लाखों की नकदी व गहने चोरी

सरोजिनी नगर। बिजनौर थाना क्षेत्र में एक बंद मकान से लाखों रुपए की नगदी व गहने चोरी हो गए। बुधवार को जब मकान मालिक घर लौटे तो चोरी की भनक लगी इस पर उनके द्वारा पुलिस को सूचना देकर मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों का सुराग लगा रही है। जानकारी के अनुसार अलकनंदा इंक्लेव निवासी शांतिवीर सिंह भदौरिया बीती 27 अक्टूबर को घर में ताला लगाकर परिवार सहित हरदोई के अपने पैतृक गांव गए थे। 12 नवंबर को जब वह वापस लौटे, तो उन्हें किचन की खिड़की टूटी हुई मिली। घर के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था और अलमारियां भी टूटी हुई थीं। जांच करने पर करीब दो लाख रुपए की नगदी और लगभग डेढ़ लाख रुपए कीमत के गहने गायब मिले। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों के जरिए चोरों का पता लगा रही है।

## सेंट जोसेफ की सभी शाखाओं में होगा वंदे मातरम् का गान



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सेंट जोसेफ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की राजाजीपुरम, सीतापुर रोड एवं रुचिखंड शाखाओं में बड़े हर्षोल्लास के साथ भारत के प्रथम प्रधानमंत्री और बच्चों के प्रिय चाचा नेहरू का 136वाँ जन्मदिन बाल दिवस के रूप में मनाया गया। वही इस अवसर पर सेंट जोसफ कॉलेज, लखनऊ ने अपने संस्थानों में 'वंदे मातरम्' के गान को लागू किया जो बाल दिवस पर उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। विभिन्न शाखाओं में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों के लिए नाटिका, गायन, समूह नृत्य आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का सबसे बड़ा आकर्षण बच्चों व शिक्षकों के बीच रस्सा कसी रहा, जिसमें पहला राउंड शिक्षकों ने जीता व फाइनल राउंड बच्चों ने अपने नाम कर लिया। वहीं स्कूल की तरफ से बताया गया कि प्रार्थना सभा के बाद सेंट जोसेफ की सभी शाखाओं में वंदे मातरम गाया जाएगा।

# युवाओं पर राष्ट्र निर्माण की जिम्मेदारी : राजेश्वर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने बाल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को विष्णुलोक कॉलोनी, कानपुर रोड स्थित रेड रोज पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों का आनंद लिया। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रेरित किया, प्रोत्साहित किया और सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में 95% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले पाँच मेधावी छात्र-छात्राओं को विधायक की ओर से लैपटॉप प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही, डिजिटल शिक्षा के विस्तार के संकल्प के तहत डॉ. सिंह ने विद्यालय में दो नए स्मार्ट क्लास स्थापित कराने का आश्वासन भी दिया।

डॉ. सिंह ने अपने उद्बोधन में डॉ. सिंह ने कहा कि ‟माता-पिता बच्चे के प्रथम शिक्षक हैं, और हमारे शिक्षक दीपक की तरह स्वयं जलकर बच्चों के भविष्य को रोशन करते हैं। उन्होंने स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रम को अनुशासन, धैर्य और परिश्रम का अद्भुत संगम बताया और कहा कि इन बच्चों के चेहरों के आत्मविश्वास में मुझे भारत का सुरक्षित भविष्य नजर आता है। पर्यावरण और तकनीक को 21वीं सदी की दो सबसे बड़ी चुनौतियाँ बताते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि हर पीढ़ी की अपनी चुनौतियाँ होती हैं। ‟आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। अब युवाओं का सपना होना चाहिए कि देश को पहली पंक्ति पर लाना है। उन्होंने एकता पर जोर देते हुए कहा, युवा की कोई जाति, धर्म या क्षेत्र नहीं होता; युवा स्वयं एक शक्ति है। भारत को अगले स्तर तक ले जाने के लिए युवाओं का एकजुट रहना अनिवार्य है। इस दौरान डॉ. सिंह ने विद्यालय के संस्थापक आर सी मिश्र, अध्यक्ष स्मिता मिश्रा, डॉ. प्रशांत मिश्रा, प्राचार्या अनुपमा शुक्ला सहित पूरे विद्यालय परिवार को इस भव्य कार्यक्रम के आयोजन की बधाई भी दी। कार्यक्रम में भाजपा नेता शिव शंकर सिंह शंकरी, पार्षद सौरभ सिंह मोनू, पार्षद लवकुश रावत, प्रीतम सिंह, पवन सिंह व अन्य सम्मानित जन मौजूद रहे।

# मलौली प्राथमिक विद्यालय में मनाया गया बाल दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के गांव मलौली के प्राथमिक विद्यालय में आधुनिक भारत के निर्माता स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया गया।इस अवसर पर इस पी.एम. श्री प्राथमिक विद्यालय में भव्य बाल मेले का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आर्यावर्त ग्रामीण बैंक की शाखा प्रबंधक रंजना यादव रही। कार्यक्रम का उद्घाटन संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ के डा.हर्ष तिवारी और,उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र सिंह , ने मुख्य अतिथि के साथ संयुक्त रूप से किया । बाल मेले में ब्रेड पकौड़ा, समोसा, चाउमीन, भेल पूरी, मूगंफली, स्प्राउट्स, पोपकोर्न, सिघाड़ा, गुब्बारे, और अनेक प्रकार के खिलौने की दुकानें बच्चों द्वारा लगाई गई।नन्हे मुन्ने बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये।बच्चों के बीच खेल कूद और फैंसी ड्रेस काम्पटीशन का आयोजन भी किया गया। मुख्य अतिथि रंजना यादव की ओर से बच्चों को उपहार और नगद पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साह वर्धन किया गया।विद्यालय की ओर से भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। अभिभावकों ने बच्चों की उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं दीपशिखा गोस्वामी और शोभा देवी उमराव के प्रबन्ध कौशल की भूरि भूरि प्रशंसा की और बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी ।

# कूड़े को लेकर विवाद में युवक की निर्मम हत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। गुडंबा थाना क्षेत्र के आदिल नगर में शुक्रवार सुबह मामूली विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया। कूड़ा फेंकने को लेकर हुए कहासुनी के बाद पड़ोसियों ने 22 वर्षीय दानिश को घर से घसीटकर बेलचे और डंडों से बेरहमी से पीट दिया। गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नई-नई शादी के बाद युवक की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।जानकारी के मुताबिक दानिश की मां आबिदा ने पड़ोस में रहने वाले साबिर के परिवार को कूड़ा फेंकने से मना किया था। इसी बात पर विवाद बढ़ा और आरोप है कि साबिर उसके बेटे फारूक व अफसान और पत्नी ने मिलकर अचानक दानिश पर हमला कर दिया। बेलचे से किए गए प्रहार से दानिश गंभीर रूप से घायल हो गया।परिजन तुरंत उसे ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टर उसे बचा नहीं सके। घटना के बाद आरोपी परिवार मौके से फरार हो गया।सूचना मिलते ही एसीपी गाजीपुर विक्रम सिंह और इंस्पेक्टर गुडंबा प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है और मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच चल रही है।बताया जा रहा है कि दानिश की शादी मात्र तीन माह पहले ही हुई थी। उसकी पत्नी रुकसाना इस समय मायके में है। दानिश अपने परिवार के साथ दूध का कारोबार करता था।

# बच्चों ने खेलकूद में दिखाया उत्साह, जीते पुरस्कार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। मोहनलालगंज क्षेत्र में बाल दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। परिषदीय विद्यालयों में बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर खूब धमा-चौकड़ी मचाई और जीतकर पुरस्कार भी हासिल किए। नगराम के गुमानी खेड़ा स्थित प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक अनिल कुमार वर्मा ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर बच्चों को उनके जीवन व योगदान के बारे में बताया। बच्चों ने नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और केक काटकर बाल दिवस मनाया। इस अवसर पर "Infinite Home Tutorial" के संस्थापक अनुपम पटेल और टीम ने बच्चों के लिए इन-आउट, म्यूजिकल चेयर, सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी, अनुमान लगाना, निशाना साधना जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। विजयी छात्रों को पुरस्कार दिए गए और सभी बच्चों को स्टेशनरी, चिप्स व चॉकलेट वितरित की गई, जिससे बच्चे बेहद खुश नजर आए। प्रधानाध्यापक ने आयोजन टीम का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में वंदना यादव, रामकुमारी, बबली, रामसागर सहित अभिभावक भी उपस्थित रहे। इधर बेसिक विद्यालय करोरा में यहां बाल मेला व खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया। बच्चों ने विभिन्न दुकानों व खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए और सभी बच्चों को चिप्स व मिष्ठान वितरित किए गए। इस मौके पर सुधीर सिंह, कमलेश भारती, अनूप कुमार, नीरज सिंह, नीलम, शालिनी सिंह व अन्य लोग मौजूद रहे।

# एटीट्यूड में बाल दिवस का जोशीला जश्न, प्रतिभा और जागरूकता पर केंद्रित रहा कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता






ठाकुरगंज, लखनऊ। पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के 171 कन्हैया माधोपुर द्वितीय वार्ड के लालबाग रोड स्थित रि-स्टार्ट एटीट्यूड में शुक्रवार को बाल दिवस पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। बच्चों की प्रतिभा, शिक्षा, सुरक्षा और सामाजिक जागरूकता पर केंद्रित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चे, अभिभावक और स्थानीय लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत में संस्थान के प्रबंधक अब्दुल्ला खान ने मुख्य अतिथि भाजपा नेता बीनू शुक्ला तथा भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के महानगर सचिव शाह आलम सिद्दीकी का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। समारोह में वरिष्ठ पत्रकार दानिश खान, समाजसेवी आतिफ अंसारी, समाजसेवी हाशिम सिद्दीकी और संस्था की मुख्य सलाहकार तंजीम फातिमा भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि बीनू शुक्ला ने बच्चों को शिक्षा-सामग्री वितरित की और कहा कि बच्चे राष्ट्र का सशक्त भविष्य हैं, उनकी कल्पनाशीलता समाज को नई दिशा देती है। किसान यूनियन नेता शाह आलम सिद्दीकी ने बच्चों को 1000 की प्रोत्साहन राशि दी। कार्यक्रम में यातायात जागरूकता सत्र भी देखने को मिला। कैंट टीआई राहुल वर्मा, काकोरी सर्कल टीआई दिवेश शाही और यातायात पार्क प्रभारी सुमित मिश्रा ने सड़क सुरक्षा नियमों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि यातायात शिष्टाचार जीवन रक्षा का आधार है। इसे बचपन से अपनाना आवश्यक है। भूहर चौकी प्रभारी मुदित राय ने मंच से संदेश दिया कि महिलाएँ और बच्चे निडर होकर आगे बढ़ें, पुलिस सदैव उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर है। उप निरीक्षक योगेंद्र सिंह और हेड कांस्टेबल जितेंद्र यादव भी उपस्थित रहे। हिंदू युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष अवधेश पांडे, अनमोल मिश्रा, अंकित द्विवेदी और रजत सिंह ने भी सहभागिता कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में बच्चों की उत्साही भागीदारी, जिज्ञासा और ऊर्जा से पूरा वातावरण जीवंत हो उठा। स्थानीय लोगों ने एटीट्यूड द्वारा किए जा रहे शैक्षिक व सामाजिक कार्यों की सराहना की।

# बच्चों ने लगाया मेला, उत्साहित हुए नौनिहाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। हरदोइया बाजार स्थित पंचशील शांति शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती 14 नवंबर को बाल दिवस के रूप में हर्षोल्लास से मनाई गई। स्कूल परिसर में बच्चों द्वारा लगाई गई रंग-बिरंगी स्टॉलों और बाल मेले ने कार्यक्रम को आकर्षक बना दिया। मेले में 139 छात्रों ने 36 खाद्य पदार्थों की दुकानें लगाकर अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बाल मेले के स्टाल में बच्चों ने चना,पानी पुरी, फिंगर, मोमोज , बर्गर, कोल्डड्रिंग, ब्रेड पकौड़ा , चाय नमकीन, समोसा, चाऊमीन , पेस्टी , मैक्रोनी, फ्रूट्स, मूंगफली , आलू चाट समेत विभिन्न प्रकार की दुकान लगाई गई । इस दौरान प्रबंधक ने विभिन्न स्टालों से लगभग 15000 रुपए की खरीदारी कर मौजूद बच्चों को खूब खिलाया , हालांकि बच्चों ने भी खूब खरीदारी की , इस दौरान बच्चों के अंदर उत्साह झलक रहा था । कार्यक्रम मेले में छात्रों द्वारा एक मिकी माउस झूला भी लगाया गया जिसमें छोटे-छोटे नौनिहाल बच्चे खूब उछलते कूदते नजर आए , कार्यक्रम की शुरुआत मैनेजिंग डायरेक्टर सुंधाशु मिश्रा 'शिवम' व प्रधानाचार्य प्रेमशंकर अवस्थी ने नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से की तथा उनके जीवन और योगदान पर प्रकाश डाला। बच्चे पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए।

# कीर्ति शेष सीमाक्षी विशाल की कृति 'मैं बांसुरी हूं' का लोकार्पण, साहित्यिक जगत हुआ भावविभोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां -सीतापुर । कीर्ति शेष सीमाक्षी विशाल की कृति मैं बांसुरी हूं के लोकार्पण समारोह के अवसर पर बोलते हुए अपने जनपद के विख्यात कवि साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु ने कहा पूरे मुगलकालीन इतिहास में जो शासक साहित्य संगीत कला सें दूर रहा वह उतना ही क्रूर रहा। उन्होंने आगे कहा हम शस्त्र द्वारा पशु को मार सकते हैं पशुता को नहीं, हम दानव का संहार कर सकते हैं दानवता नहीं। पाशविक और दानवी प्रवत्ति का उन्मूलन केवल संवेदना जगाकर ही संभव है। साहित्य संगीत और कला मनुष्य में संवेदना जगाने का सशक्त माध्यम हैं। इस अवसर पर माल्यार्पण अंगवस्त्र स्मृति चिन्ह व स्मृति भेंट देकर श्री मृदु को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम व्यवस्थापक हास्य व्यंग कवि अरविंद झा,? आमिर अनपढ़, श्रीमती वर्षा श्रीवास्तव व ध्रुवल श्रीवास्तव, विशाल श्रीवास्तव ने मुख्यातिथि सहित सभी मंचस्थ विभूतियों का माल्यार्पण व सम्मान किया।




मुख्य वक्ता प्रसिद्ध शायर संजय शौक ने मैं बांसुरी हूं के अनेक गीतों मुक्तक दोहों को उद्धत करते हुए इस कृति को साहित्य की उत्कृष्ट पुस्तक बताते हुए सराहना की। इसके अतिरिक्त गीतकार प्रियांशु गजेन्द्र, शायर रामप्रसाद बेखुदी, श्रीमती शशि श्रीवास्तव, साकेत शर्मा, ज्योति शेखर अमित अनपढ़ ने संबोधित करते हुए पुस्तक की सराहना करते हुए विशाल श्रीवास्तव को बधाइयां दी।मुख्य अतिथि सीतापुर के एम एल सी पावन सिंह चौहान विशिष्ट अतिथि व प्रसिद्ध व्यापारी नेता संदीप बंसल व अध्यक्ष गीतकार डा सुरेश श्रीवास्तव सहित मंचस्थ विद्वानों ने मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। विशाल श्रीवास्तव ने सभी का स्वागत किया तथा आभार व्यक्त किया। समारोह के प्रारंभ में कविवर राजीव वर्मा वत्सला ने सुमधुर बांसुरी की धुन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। लखनऊ के अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध अकादमी में आयोजित इस लोकार्पण समारोह समापन भोज व उपहार के साथ संपन्न हुआ।

## गनपत सहाय में सामूहिक रूप से हुआ 'वंदे मातरम गीत

सुल्तानपुर। भारत सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गनपत सहाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सुल्तानपुर के दोनों परिसरों सीताकुंड स्थित महिला परिसर एवं पयागीपुर स्थित मुख्य परिसर में महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ.ओम प्रकाश पाण्डेयङ्कबजरंगीङ्कके अध्यक्षता में सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम्' गीत गायन हुआ एवं भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा मां भारती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन से हुआ तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.अंग्रेज सिंह द्वारा मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. ओमप्रकाश पाण्डेयङ्कबजरंगीङ्कका पुष्पगुच्छ देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय गीत 'वन्दे मातरम्' की रचना बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय द्वारा 7 नवंबर 1875 में की गई तथा 24 जनवरी 1950 में तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ.राजेंद्र प्रसाद द्वारा संविधान सभा में इसे राष्ट्रीय गीत के रूप में मान्यता दी।

# पुलिस लाइन का वार्षिक साप्ताहिक परेड का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । अंकुर अग्रवाल द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स परेड ग्राउंड पर शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं स्वच्छ वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट व्यवस्थित रखने हेतु निर्देशित किया गया, साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पुलिस कर्मियों से विभिन्न प्रकार के शस्त्रों की हैंडलिंग के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये गये। परेड निरीक्षण के पश्चात महोदय द्वारा पुलिस लाइन का वार्षिक निरीक्षण भी किया गया जिसके अंतर्गत पुलिस लाइन में जनशक्ति विवरण, गणना कार्यालय में नियुक्ति रजिस्टर एवं विभिन्न मदों में नियुक्त कर्मियों का विवरण, स्टोर में दंगा नियंत्रण उपकरण, राजकीय सम्पत्ति का विवरण, एएङ्कगट्ट सम्पत्ति का विवरण, मेस हेतु सामान का विवरण, शस्त्रागार में आर्म्स/एम्यूनेशन का विवरण, डॉयल-112 के जिला प्रशिक्षण इकाई में प्रशिक्षुओं के बैठने की सुविधा, कैन्टीन में क्रय-विक्रय सामानों का विवरण, परिवहन शाखा में वाहनों की उपलब्धता व रख-रखाव, ईंधन के वार्षिक व्यय तथा शाखा में नियुक्त अधिकारी/कर्मचारीगणों का नियतन व उपलब्धता, क्वार्टर गार्द में गार्द हेतु बनी बैरक, बार्बर शॉप, मेस, कैश कार्यालय, नये प्रस्तावों, पुराने/नवीन निर्माण तथा बैरक का निरीक्षण करते हुए परिसर में साफ-सफाई हेतु सर्व-संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री आलोक सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर सुश्री नेहा त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक श्री शिव बालक वर्मा, यातायात निरीक्षक श्री फरीद अहमद तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त समस्त पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे।

# मोदी जी के नेतृत्व में भारत बन रहा विश्व गुरु : अभिषेक गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । बिहार चुनाव में एनडीए की जीत का जश्न देश भर में मनाया जा रहा है मुख्यालय पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिला जीत की शुभकामनाएं दी वही खैराबाद नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने अपने समर्थकों के साथ ढोल नगाड़ों की धुन पर भारत माता की जय व वंदे मातरम जैसे नारे लगा कर जश्न मनाया खैराबाद में सैकड़ों लोगों को मिठाई खिला कर जीत की बधाई दी । नगरपालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता बबलू ने कहां की आज मोदी जी के नेतृत्व का ही कमाल है कि आज फिर बिहार की जनता ने पार्टी को जीता कर ये साबित कर दिया कि भारत का भविष्य मोदी जी के हाथों में सुरक्षित हैं।आने वाले समय में उत्तर प्रदेश में भी भारतीय जनता पार्टी अपनी हैट्रिक लगाएगी आज उत्तरप्रदेश योगी सरकार में माफिया जेल में है या



मिट्टी में मिल गए ।आज हिंदुस्तान की जनता जाग चुकी है वो विपक्ष के किसी प्रलोभन में नहीं आती है। आज लोग देश हित में सरकार चुन रहे हैं।लोगों ने बिहार का जंगलराज भी देखा था और आज का बिहार भी ।आज बिहार ही नही कोई भी प्रदेश हो मोदी सरकार में विकास कर रहा है। इस अवसर पर नगरविकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ल,राम जी गुप्ता गौरव गुप्ता,अमित तिवारी,सभासद दिलीप जोशी, आशुतोष शुक्ल,अंकित गुप्ता,अप्पू गुप्ता,आलोक बाजपेई, अर्पित सिंह,गोलु मिश्र,मुर्सलीन,हबीब,जहीर, रोमिल गुप्ता,बीरू गुप्ता,फैजान,सरफराज,धुर्व शुक्ल,पवन पांडेय ।

## पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

बल्दीराय/सुल्तानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के एसएसबी कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल भवानीगढ़ में शुक्रवार को बाल दिवस धूम धाम से मनाया गया। विद्यालय में भव्य बाल मेले का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। मेले में बच्चों द्वारा लगाई गई विविध स्टॉलों ने बाल दिवस के कार्य क्रम को और रोमांचक बना दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कृष्ण कुमार यादव, सुरेन्द्र मिश्रा एवं अजय पांडेय ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।विद्यालय के प्रधानाध्यापक उमेश चन्द्र पाण्डेय ने मुख्य अतिथियों एवं सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर यस बी यादव, प्रीति सिंह, तनु मिश्रा, प्राची मिश्रा, प्रियंका उपाध्याय, साक्षी, साधना, सलोनी उपाध्याय, तथा प्रबन्धक उमा पांडे एवं बालकृष्ण पांडे सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।मेले के दौरान बच्चों की रचनात्मकता और प्रतिभा देखते ही बन रही थी, जिससे आयोजन अत्यंत सफल और आकर्षक रहा।

# जिलाधिकारी ने केनपुर व त्रिवेणी मार्केट में विक्रय विलेखों का किया निरीक्षण, स्टाम्प शुल्क वसूली के लिए दिए कड़े निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर (ब्यूरो) । जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने तहसील महोली के गांव केनपुर एवं तहसील सदर के हरदोई रोड स्थित त्रिवेणी मार्केट से संबंधित विक्रय विलेखों का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि पंजीकरण के समय निर्धारित स्टाम्प शुल्क की वसूली हो, इसके लिये सभी प्रक्रियाओं का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि लक्ष्य के अनुरूप स्टाम्प एवं पंजीकरण शुल्क राजस्व प्राप्ति हेतु समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। स्टाम्प शुल्क अपवंचन के मामलों में जांचोपरान्त कार्यवाही की जाये तथा लम्बित वादों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। निरीक्षण के समय ए0आई0जी0 स्टाम्प जगदम्बा शुक्ला सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बनगवा मंडी पर अवैध कब्जे का हुआ खुलासा, शीघ्र जारी हो सकती है नोटिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बनिगवा खीरी। इंडोऽनेपाल बॉर्डर से लगे ग्राम बनगवां में सरकारी कृषि भूमि पर खड़ी की गई अवैध मंडी को लेकर चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया है। सूत्रों का दावा है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जल्द ही हाईकोर्ट में याचिका दाखिल हो सकती है। जानकारी के अनुसार बनिगवा मंडी मे सरकारी कृषि भूमि पर लोगों ने अवैध कब्जा कर के रखा है। बनगवां में गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट को ताक पर रखकर बिना किसी वैध प्रक्रिया के लगभग 200 से अधिक अवैध दुकानों की मंडी बना दी गई है। जिसका न ही कोई बैनामा है और न ही कोई दाखिल ख़ारिज है और न ही कोई वैध स्वीकृति है। सिर्फ स्टांप पेपर के एग्रीमेंट पर पूरी मंडी खड़ी कर दी गई है।

**गुलाबी नोटों की गर्माहट में बढ़ती अवैध मंडी.**

सूत्र बताते हैं कि यह अवैध मंडी अब



धन कुबेरों का अड्डा बन चुकी है। अधिकांश लोगों के पास जीएसटी रजिस्ट्रेशन तक नहीं है, फिर भी लाखों रुपये का व्यापार रोज़ाना खुलेआम जारी है जिसका कोई भी विरोध नही कर रहा है और कई बार शिकायत के उपरान्त भी कार्यवाही नही की जा रही है,आखिर ऐसा क्यों? बनिगवा मंडी मे कृषि योग्य भूमि पर अवैध कब्ज़ा करने से राज्य सरकार को भारी राजस्व नुकसान का सामना भी करना पड़ रहा है और विभाग मौन साधे बैठे—क्या यह मात्र लापरवाही है या कुछ और? मंडी मे किये गये कब्जे को लेकर विभिन्न सवाल उठते है और उनमे मुख्य सवाल जो उठते है जोकि सरकारी कृषि भूमि पर अवैध निर्माण की अनुमति आखिर किसने दी? बिना लाइसेंस, बिना जीएसटी के व्यापार कैसे फल-फूल रहा है?क्या विभागीय मिलीभगत के बिना इतनी बड़ी अवैध मंडी संभव है? क्या कानून केवल कागजों में ही रहता है? सरकार द्वारा कानून स्पष्ट है कि सरकारी कृषि भूमि पर किसी भी तरह का निर्माण व व्यापार सख्त वर्जित है,लेकिन बनगवां में तो नियमों की खुली धज्जियां उड़ चुकी हैं। जैसे कानून का कोई अस्तित्व ही नहीं है। अब देखना यह है कि क्या सरकारी ज़मीन पर कब्जा करने वालों पर कोई कार्यवाही होगी? क्या राजस्व चोरी में शामिल लोगों पर चलेगी बड़ी कार्रवाई? क्या विभागीय मिलीभगत की परतें खुलेंगी?

# गरदहा गांव में बिना जांच राशन कार्ड निरस्त, एसडीएम कार्यालय पहुंचे ग्रामीण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोला खीरी । तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत गरदहा में प्रशासनिक लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। गांव के दर्जनभर से अधिक गरीब परिवारों के राशन कार्ड बिना किसी जांच-पड़ताल, बिना सर्वे और बिना सत्यापन के अचानक निरस्त कर दिए गए। इस कार्रवाई के बाद पूरे गांव में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

ग्रामीणों के अनुसार कई ऐसे परिवार हैं जो वर्षों से पात्रता के आधार पर राशन प्राप्त कर रहे थे। इनमें दिहाड़ी मजदूर, विधवा महिलाएं, दिव्यांगजन और बेहद गरीब परिवार शामिल हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि न तो उन्हें कोई नोटिस मिला और न ही अधिकारी गांव में हालात जानने पहुंचे। सीधे राशन कार्ड निरस्त कर देने से गरीब परिवारों के सामने खाद्यान्न का बड़ा संकट खड़ा हो गया है।

पीड़ित ग्रामीणों ने एकजुट होकर एसडीएम गोला से मिलकर सामूहिक रूप से शिकायत दर्ज कराई। ग्रामीणों ने कहा



कि निरस्तीकरण की प्रक्रिया पूरी तरह मनमानी है, और पात्र गरीबों को सूची से बाहर जबकि कुछ अपात्र लोगों के कार्ड अभी भी जारी हैं। ग्रामीणों ने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और पात्र परिवारों के कार्ड जल्द बहाल किए जाएं।

एसडीएम ने पूरे मामले की पड़ताल कराने का आश्वासन दिया है और कहा है कि किसी भी गरीब परिवार के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। गांव में इस मुद्दे को लेकर लगातार नाराजगी बनी हुई है और ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे बड़ा विरोध करने को मजबूर होंगे।

## बाबा छोटेलाल बाल विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बाल दिवस



बिसवां -सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । बाबा छोटेलाल बाल विद्यालय रामभारी में बालदिवस मनाया गया। बच्चों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि समाजसेवी डा लतीफ ने कहा देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने आजादी के बाद भारत के विकास की आधारशिला रखी। वे बच्चों से बहुत प्यार करते थे क्योंकि बच्चे ही देश के भविष्य निर्माता होते हैं। प्रधानाध्यापक अश्वनी कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा विद्यालय के सहव्यवस्थापक रामनरेश मौर्य ने आभार व्यक्त किया। बच्चों ने बाल कविताएं प्रस्तुत कीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा लतीफ अहमद ने सभी बच्चों को केले वितरित किये तथा प्रधानाध्यापक को कलम भेंट कर उनको सम्मानित किया।

## सरैया अकबरपुर में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

कमलापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । विकासखंड कसमंडा के अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय सरैयां अकबरपुर में बाल दिवस के अवसर पर दौड़, कला प्रतियोगिता, म्यूजिकल चेयर आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए। आयोजित प्रतियोगिताओं में शिव मिलन पल्लवी मुकेश प्रांजल सावित्री सनी शिवानी आदर्श श्याम जी राधा अंतिमा जय शिवानी रवि राज प्रांशु दीपांशी मीरा पायल गौरी शीतल वैष्णवी पल्लवी दिव्या लव कुश आदि छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सभी छात्रों को कॉपी पेन पेंसिल देकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य गिरजेश अवस्थी सहायक अध्यापिका नेहा शुक्ला, मीता कटियार, पूनम देवी, सुलेखा शर्मा मौजूद रहीं।

## लौह पुरुष एवं भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती समारोह आज

बिसवां,सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । राष्ट्रीयता एवं कौमी एकता के प्रतीक लौह पुरुष एवं भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती समारोह का आयोजन 15 नवंबर को दोपहर 1 बजे से सेठ जय दयाल इंटर कॉलेज सभागार में आयोजित होगा। कार्यक्रम संयोजक सिराज टाइम्स हिंदी दैनिक समाचार पत्र के सम्पादक सिराज अहमद ने बताया कि अखबार द्वारा आयोजित उक्त कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा ओजस्वी भाषण प्रस्तुत किए जाएंगे। सिराज अहमद ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन और कार्य हमें एकता, अखंडता और देशभक्ति की प्रेरणा देते हैं। उनके 150वें जन्मदिवस पर, हम उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लेते हैं। कार्यक्रम समन्वयक वरिष्ठ साहित्यकार संदीप मिश्र सरस ने लोगों से अधिक संख्या में पहुंचने की विशेष अपील की है।

## भाव के भूखे है भगवान : आचार्य आलोक शास्त्री

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । भदैया ब्लॉक के हरिपुर बनवा गांव में चल रही ७ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस में अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास श्री आलोक शास्त्री जी ने विदुर चरित्र की कथा सुनाते हुआ कहा ‌ऌ पत्रम पुष्पम फलम तोयम यो में भक्तया प्रयक्छते ‌ऌ अर्थात प्रभु को प्रेम से यदि फूल और पत्ते भी अर्पण किए जाय तो भगवान बड़े ही प्रेम से ग्रहण करते है । कथा में आगे कपिल देवहूती संवाद का वर्णन बड़े ही भाव से किया। कथा व्यास ने ध्रुव की दृढ़ तपस्या के विषय में बताते हुए कहा की ऌजब संकल्प पवित्र हो और ईश्वर में अटल विश्वास हो तो असंभव भी संभव हो जाता हैङ्क ध्रुव चरित्र हमे सिखाता है की किसी भी परिस्थिति में हमे हार नहीं माननी चाहिए। कथा में जब भजन ऌसन्तन के संग लाग रे तेरी अच्छी बनेगीङ्क गाया तो पूरा पंडाल भक्ति के रस में सराबोर हो गया। कथा में प्रमुख रूप से श्री संतोष कुमार मिश्रा प्रिंसिपल जीआईसी पन्ना टिकरी, विजय पाल तिवारी, सुभाष तिवारी अधिवक्ता, ओम प्रकाश मिश्रा अधिवक्ता, कुलदीप वर्मा अधिवक्ता, मुकेश तिवारी, राम यज्ञ उपाध्याय, पड़ित दयाराम पांडे, राम दयाल शुक्ला बाबा ढाबा योगेश तिवारी दिनेश मिश्रा सहित सैकड़ो लोगो ने व्यास पीठ की आरती की। कथा आयोजक डॉ अशोक मिश्रा ने बताया कि कथा प्रतिदिन २ बजे से ६ बजे तक होती है ।

# अमघट पेट्रोल पंप के पास दो कारों की आमने-सामने टक्कर, कई लोग गंभीर घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । बेहजम चौकी क्षेत्र में बुधवार को एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है। अमघट पेट्रोल पंप के पास तेज गति से आ रही दो कारें आमने-सामने टकरा गईं। टक्कर इतनी भयावह थी कि दोनों गाड़ियों के अगले हिस्से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और वाहन सवार लोग अंदर ही फंस गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। चीख-पुकार सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य में जुट गए। ग्रामीणों ने काफ़ी मशक्कत के बाद घायलों को वाहनों से बाहर निकाला। इस दुर्घटना में करीब आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। सभी घायलों को ग्रामीणों की सहायता से एम्बुलेंस बुलवाकर सीएचसी बेहजम भेजा गया, जहाँ डॉक्टरों की टीम उनकी हालत पर लगातार नजर बनाए हुए है। कुछ घायलों की स्थिति नाज़ुक बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके



पर पहुंची, जिसमें दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात बहाल करवाया गया। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है और यह भी पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि कहीं तेज रफ्तार या लापरवाही हादसे की वजह तो नहीं बनी। स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस स्थान पर हादसा हुआ, वहाँ अक्सर तेज रफ्तार वाहन गुजरते हैं, और कई बार यहां हादसे हो चुके हैं। लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग भी की है।

घटना से क्षेत्र में सन्नाटा और चिंता का माहौल व्याप्त है। पुलिस ने वाहन चालकों से सावधानी बरतने और सुरक्षित गति सीमा में वाहन चलाने की अपील की है।

# बाल दिवस पर बड़ी सौगात: डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने 652 बच्चों को दिया नया फर्नीचर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोला खीरी । बाल दिवस जिले के गोला गोकर्णनाथ के परिषदीय विद्यालयों के बच्चों के लिए इस बार बेहद खास रहा। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ ने सात परिषदीय विद्यालयों को नए फर्नीचर की सौगात देकर बच्चों को एक अनमोल उपहार दिया। कार्यक्रम का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय त्रिलोक गिरी में किया गया, जहां बच्चों की खुशियां देखते ही बन रही थीं। कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के साथ एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धार्वे, पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू', एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी और बीएसए प्रवीण तिवारी मौजूद रहे। संयुक्त रूप से कुल 270 मेज-कुर्सियां सात विद्यालयों में अध्ययनरत 652 नन्हे-मुन्नों को भेंट की गईं। फर्नीचर मिलने से बच्चों के उत्साह का आलम देखने लायक था। डीएम ने बच्चों से बातचीत कर उनके सपनों, पढ़ाई और रुचियों के बारे में जाना। उन्होंने कहा कि शिक्षा सिर्फ किताबों का ज्ञान नहीं बल्कि एक बेहतर




वातावरण भी है। अच्छे फर्नीचर से बच्चों में सीखने की ऊर्जा बढ़ती है और वे अधिक सुव्यवस्थित तरीके से अध्ययन कर सकते हैं। उन्होंने शिक्षकों से विद्यालयों को आदर्श बनाने की दिशा में निरंतर काम करने की अपील की। डीएम नागपाल ने कार्यक्रम में बच्चों को ज्योमेट्री बॉक्स, चॉकलेट और पेंसिलऽरबरऽकटर की किट भी वितरित की। बच्चे उत्साहित होकर नए फर्नीचर के साथ बैठते दिखाई दिए और विद्यालय परिसर बच्चों की मुस्कानों और खिलखिलाहट से भर उठा। अभिभावकों और शिक्षकों ने भी इस पहल की सराहना की। उनका कहना था कि इससे न सिर्फ कक्षाओं की व्यवस्था सुधरेगी बल्कि बच्चों की पढ़ाई में रूचि भी बढ़ेगी।

पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' ने कहा कि डीएम की पहल पर यह फर्नीचर उपलब्ध कराया गया है, और प्रशासन-पालिका मिलकर बच्चों को और भी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। बीएसए प्रवीण तिवारी ने भी इस कदम को बच्चों के हित में सराहनीय बताया। इन विद्यालयों को मिला फर्नीचरः त्रिलोक गिरी उच्च प्राथमिक विद्यालय, लोन सिंह उच्च प्राथमिक विद्यालय, आदर्श प्राथमिक विद्यालय, कस्तूरबा प्राथमिक विद्यालय, जवाहर प्राथमिक विद्यालय, रामविलास प्राथमिक विद्यालय और प्राथमिक विद्यालय गोला। बाल दिवस पर मिला यह उपहार बच्चों के लिए एक यादगार दिन साबित हुआ और विद्यालयों में नई ऊर्जा भर गया।

# बिहार में एनडीए की जीत पर मनाया जश्न बांटी मिठाई, जमकर की आतिशबाजी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर।? बिहार में एनडीए की जीत पर जिला पंचायत कार्यालय पर जश्न मनाया गया, एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। साथ ही जमकर आतिशबाजी कर जय श्री राम के जयकारे लगाए गए।

इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह यादव ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार में जनसभाएं की, तो बिहार की जनता ने तय कर लिया कि मोदी सरकार ही बनानी है। उन्होंने कहा कि बिहार के लोग कहते थे कि मोदी सरकार ने उन्हें राशन दिया और शिक्षा के साथ सुशासन दिया है। इसी के चलते विपक्ष का सूपड़ा साफ हो गया और पूर्ण बहुमत से एनडीए की सरकार बनी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी बिहार में धुआंधार जनसभाएं की। बिहार की जनता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पसंद करती है। कहा कि बिहार में एनडीए की एक तरफा जीत से लगता है कि आगामी 2027 में बिहार से कहीं आगे उत्तर प्रदेश में भारी बहुमत से भाजपा सरकार फिर से बनेगी। उन्होंने एनडीए की जीत पर उत्तर प्रदेश और बिहार के पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह यादव के तमाम समर्थक मौजूद रहे।

# डीएम ने रिवर फ्रंट, बरेली मोड़ चौड़ीकरण एवं अजीजगंज पंप कैनाल निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने हनुमत धाम के पास खन्नौत नदी पर निर्माणाधीन रिवर फ्रंट, बरेली मोड़ के चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य तथा गर्रा नदी से निकली अजीजगंज पंप कैनाल पर चल रहे 1200 मीटर सीसी लाइनिंग निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने पक्का पुल से नए पुल (नदी घाट) तक प्रस्तावित पक्की दीवार, पथ विकास एवं हनुमन्त धाम क्षेत्र के सौंदर्यीकरण की प्रगति का जायज़ा लिया। उन्होंने देखा कि वर्तमान में टो-वॉल का कार्य चल रहा है। वहीं, अधिशासी अभियंता एवं सहायक अभियंता प्रथम ने उन्हें बताया कि परियोजना की भौतिक प्रगति 40 प्रतिशत पूर्ण हो चुकी है तथा शेष कार्य अगले 2S3 महीनों में पूरा कर लिया जाएगा। डीएम ने कार्य की गति बढ़ाने एवं निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके बाद डीएम ने बरेली मोड़ के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण कार्य की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने निर्माण में बाधा बन रहे विद्युत पोल, ई-बस स्टैंड और पेड़ों को साइड में स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फर्श का कार्य कलरफुल किया जाए। उन्होंने नगर आयुक्त को निर्देशित किया कि सभी कार्य तेज गति से और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। डीएम ने अजीजगंज पंप कैनाल पर हो रहे 1200 मीटर सीसी लाइनिंग निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया और अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि नहर की चौड़ाई हर स्थान पर समान रखी जाए और गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, शारदा नहर खंड के अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता प्रथम सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# कैथलिया में बाल मेला का हुआ आयोजन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । विकासखंड भटहट के प्राथमिक विद्यालय कैथलिया में बाल दिवस के दिन बाल मेला व विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया । विद्यालय में बच्चों ने खो-खो, रेस,कबड्डी,अंताक्षरी साहित्य विभिन्न खेलों में प्रतिभाग किया । इस अवसर पर बच्चों ने बाल मेला का भी आयोजन किया , जिसमें ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ सहयोग करते हुए बच्चों का प्रोत्साहन किया । रोड टू स्कूल के नागेन्द्र कुमार सिंह ने विजयी छात्रों को परस्कृत किया । विद्यालय के प्रधानाध्यापक रमेश मणि त्रिपाठी ने विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकों सहित प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा उज्जवल भविष्य की मंगलकामनाएं किया । इस अवसर पर विद्यालय की अध्यापिका रचना श्रीवास्तव , ऋतू कोरी सहित सभी रसोइया, आंगनवाड़ी कार्यकत्री सहायिका एवं सफाईकर्मी का विशेष सहयोग रहा । बाल मेला में मुख्यरूप से माया निषाद, आलोक कुमार ,शिवम गुप्ता, अनुष्का ,विनय ,शीतल व आरव ने विभिन्न प्रकार के सामग्रियां के साथ बालमेला लगाया । प्रधानाध्यापक द्वारा रंगोली प्रतियोगिता व शतप्रतिशत विद्यालय आने वाले बच्चों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया ।

# सपा प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत

## प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर जुटने का किया आह्वान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। शाहजहांपुर- बरेली हाइवे पर समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैय्यद रिजवान अहमद ने भारी संख्या में मौजूद समाजवादी कार्यकर्ताओं के साथ समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल, अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद नदवी तथा पूर्व दर्ज़ा राज्यमंत्री मुनीर खान का जोरदार स्वागत किया। दरअसल, समाजवादी पार्टी के तीनों नेता जनपद बरेली में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैय्यद रिजवान अहमद ने तीनों सपा नेताओं का स्वागत किया।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 04 नवंबर से 04 दिसंबर तक चल रहे एसआईआर अभियान को सफल बनाने के लिए हर कार्यकर्ता को बूथ प्रहरी बनकर प्रत्येक वोट बनाने और बचाने में जुट जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मौजूदा हालात को देखते हुए आगामी 2027 में अखिलेश यादव की सरकार बनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की है कि सभी लोग एकजुट होकर हर बूथ जिताएं और समाजवादी सरकार बनाकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाएं। इस अवसर पर मुख्य रूप से सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, सपा महिला सभा की पूर्व राष्ट्रीय सचिव गायत्री वर्मा, अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष हाफिज अहमद अंसारी, प्रदेश सचिव नाजिम फारूकी, सरताज अहमद, असलम खान, श्यामलाल यादव, अल्पसंख्यक सभा के महानगर अध्यक्ष अनिल दास, सुधीर यादव, डॉ. संतोष पाल, रामनिवास यादव, अमान खान, सैय्यद हमदान, जमीन अंसारी, तनवीर, सचिन भोजवाल, सुमित कनौजिया, अमित वर्मा, फहीम अंसारी, प्रतीक आदि सपा के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तक्षशिला स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बाल दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। बच्चों की हंसी को गूंजने दें क्योंकि वे दुनिया का सबसे बड़ा खजाना हैं। इसी भावना के साथ तक्षशिला पब्लिक स्कूल में बाल दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती, परम पूज्य ब्रह्मलीन गुरुदेव संत श्री त्यागीजी महाराज तथा पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुई। शिक्षकों ने छात्रों की जगह प्रार्थना सभा का संचालन किया। जिसमें हिंदी व अंग्रेजी प्रार्थना, शपथ, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पांच प्रेरणादायक पंक्तियाँ, समाचार और सुविचार प्रस्तुत किए गए। सभी ने मिलकर तुम्हीं हो माता पिता तुम्हीं हो गीत भी गाया। विद्यालय में विभिन्न कक्षाओं के लिए विशेष गतिविधियां आयोजित की गईं। कक्षा 01 से 03 तक के छात्रों के लिए मनोरंजक खेल, कक्षा 4-5 के लिए माइंड गेम, कक्षा 6-8 के लिए खेल प्रतियोगिताएं एवं कक्षा 9-10 के लिए मूवी और रचनात्मक प्रस्तुतियां रखी गईं। कक्षा 11-12 के विद्यार्थियों ने क्रिकेट और वॉलीबॉल का आनंद लिया। इस अवसर पर मॉडल यूनाइटेड नेशंस, हैकेथन, जिला स्तरीय शतरंज, सीबीएसई क्लस्टर व नेशनल प्रतियोगिताओं में विजेता छात्रों को मेडल और ट्रॉफी प्रदान की गईं। साथ ही वार्षिक खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

विद्यालय के निदेशक अरुण खंडेलवाल ने विद्यार्थियों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए लगातार प्रयास करते रहने और अपने भीतर के बच्चे को जीवित रखने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य प्रखर खंडेलवाल ने छात्रों को लक्ष्य निर्धारण और निरंतर प्रयास की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन हेमंत अनेजा, दिव्या एवं दीपाली ने किया। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य केसी जोशी, सलोनी खंडेलवाल, प्रतिमा सिंह, श्रीयांशी सक्सेना, प्रियंका शुक्ला, नैना आनंद, निधि सक्सेना, प्रीति गुप्ता, कल्पना, राधिका मेहरोत्रा आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

# खिलाड़ियों को सम्मानित कर खेल महोत्सव का समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शिकारपुर। बुलंदशहर शिकारपुर हाईवे पर स्थित विजडम वर्ल्ड स्कूल में चल रहे चार दिवसीय खेल महोत्सव का विभिन्न खेलों के स्तरीय प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए समापन हो गया। शुक्रवार को जूनियर वर्ग खो खो में आर्यभट्ट हाउस प्रथम और रमन हाउस द्वितीय रहा। जिसमें गुनगुन, पिहू, चेतना, पलक, गुंजन, कन्याल, प्रतिज्ञा, अंशिका, आश्रिता, सुरभि, दिया, गोरी, काव्या, छवि, मान्या, अवनी, दृष्टि शामिल रहे। सीनियर बालिका वर्ग में आर्यभट्ट हाउस प्रथम और कलम हाउस द्वितीय रहा। जिसमें नैना, दृष्टि, प्रतिज्ञा, इजमाल, गिशा, लवांसी, अंशु, तृप्ति, माही, मोनिका, आरवी, यांशी, प्रिया, तन्वी, खुशी, गरिमा, वेदांशी, कशिश पूजा, सिद्धि, ट्विंकल शामिल रहे। तृतीय स्थान भाभा हाउस रहा। इस दौरान संगीत शिक्षिका चांदनी भारद्वाज एवं सृष्टि सक्सेना के निर्देशन में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। साड़ी ड्रिल में सुरभि, मानवी, पलक, मानसी, आरोही, काव्या, अनु, पिहू, सना, दबीर, फ्लैग ड्रिल में युग, निशि, डिंपल, योगेश आदि शामिल रहे। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के क्रम में छात्रों द्वारा बढ़े चलो, कोई हमसे जीत न पावे, गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। खेलकूदों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रतिभागियों को प्रबंधक संजय जैन, सुशील जैन, संदीप जैन, निदेशक नमन जैन, प्रधानाचार्य राजकुमार तेवतिया आदि ने मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। खेलकूदों की व्यवस्थाओं में निहारिका, सोनू शर्मा, सचिन गोस्वामी, प्रिया गुप्ता, सिद्धि राघव, रमन, कनिष्का राजौरा, प्राची शर्मा, भूमिका चौधरी आदि का सहयोग रहा।

## धोखाधड़ी कर 1.22 लाख रुपए खाते में ट्रांसफर किए

शिकारपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। एक व्यक्ति के बैंक खाते से धोखाधड़ी कर 1.22 लाख रुपए खाते में ट्रांसफर कर लिए गए। खाताधारक ने पुलिस से रुपए वापस कराने की मांग की है। अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव उटरावली निवासी सुनील कुमार पुत्र कंछी लाल का शिकारपुर स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में खाता है। सुनील कुमार द्वारा पुलिस में दर्ज कराए गए मामले में कहा गया है कि उसके खाते से 1.22 लाख रुपए धोखाधड़ी कर एक खाते में ट्रांसफर कर लिए गए हैं। खाता नंबर का उल्लेख करते हुए खाताधारक का नाम फिरोज आलम बताया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जेपी विश्वविद्यालय का प्लेसमेंट के लिए संछाया से करार

अनूपशहर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जेपी विश्वविद्यालय और संछाया के बीच छात्रों को प्लेसमेंट के लिए मुफ्त ट्रेनिंग देने का करार किया गया।

शुक्रवार को जेपी विश्वविद्यालय ने छात्रों के कौशल विकास के लिए संछाया एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड के साथ करार किया है। इस करार के अंतर्गत विश्विद्यालय के बीटैक और एमसीए कार्यक्रमों में पंजीकृत छात्रों को रोजगार परक कोर्स मुफ्त में करने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा देश विदेश की बड़ी आईटी कंपनियों की प्लेसमेंट परीक्षा और साक्षात्कार की तैयारी करने का अवसर मिलेगा। संछाया रोजगार परक कोर्सेज और प्लेसमेंट की तैयारी के लिए देश में एक प्रतिष्ठित संस्थान है, जो कि गीक्स फॉर गीक्स नाम से ऑनलाइन पोर्टल का संचालन करता है।

विश्वविद्यालय की और से कुलसचिव संजय अग्रवाल ने करार पर हस्ताक्षर करते हुए हर्ष जताया। कुलपति प्रोफ़ेसर राजीव सक्सेना ने विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि छात्र छात्राएं इस अवसर का भरपूर लाभ उठाते हुए उज्वल भविष्य बनाने में सफलता प्राप्त करेंगे। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट संचालक डा. हिमांशु राजपूत ने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों के कौशल विकास व प्लेसमेंट के लिए संकल्पित रहकर इस दिशा में निरंतर तत्पर है।

## जेपी विश्वविद्यालय का प्लेसमेंट के लिए संछाया से करार

अनूपशहर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जेपी विश्वविद्यालय और संछाया के बीच छात्रों को प्लेसमेंट के लिए मुफ्त ट्रेनिंग देने का करार किया गया।

शुक्रवार को जेपी विश्वविद्यालय ने छात्रों के कौशल विकास के लिए संछाया एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड के साथ करार किया है। इस करार के अंतर्गत विश्विद्यालय के बीटैक और एमसीए कार्यक्रमों में पंजीकृत छात्रों को रोजगार परक कोर्स मुफ्त में करने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा देश विदेश की बड़ी आईटी कंपनियों की प्लेसमेंट परीक्षा और साक्षात्कार की तैयारी करने का अवसर मिलेगा। संछाया रोजगार परक कोर्सेज और प्लेसमेंट की तैयारी के लिए देश में एक प्रतिष्ठित संस्थान है, जो कि गीक्स फॉर गीक्स नाम से ऑनलाइन पोर्टल का संचालन करता है।

विश्वविद्यालय की और से कुलसचिव संजय अग्रवाल ने करार पर हस्ताक्षर करते हुए हर्ष जताया। कुलपति प्रोफ़ेसर राजीव सक्सेना ने विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि छात्र छात्राएं इस अवसर का भरपूर लाभ उठाते हुए उज्वल भविष्य बनाने में सफलता प्राप्त करेंगे। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट संचालक डा. हिमांशु राजपूत ने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों के कौशल विकास व प्लेसमेंट के लिए संकल्पित रहकर इस दिशा में निरंतर तत्पर है।

## लोहिया कान्वेंट स्कूल बबराला में बाल दिवस पर क्रिएटिव माइंड एक्सपो का शानदार आयोजन

संभल/बबराला कैनविज टाइम्स संवाददाता। बाल दिवस के अवसर पर लोहिया कान्वेंट स्कूल में क्रिएटिव माइंड एक्सपो एग्जीबिशन का शानदार आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा ने फीता काटकर की। इसके बाद मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ़ राजू यादव, निदेशक उमेश यादव समेत अन्य अतिथियों ने प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

अतिथियों ने बच्चों द्वारा बनाए गए आकर्षक मॉडलों व प्रयोगों को ध्यानपूर्वक देखा और उनकी प्रतिभा की भरपूर सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों में नवाचार की सोच विकसित करती हैं और विज्ञान व तकनीक के प्रति उनकी रुचि बढ़ाती हैं।

एक्सपो में छात्रों ने कई विषयों पर ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत किए, जिनमें विज्ञान के प्रयोग, गणितीय मॉडल, दूध व देसी घी की शुद्धता जांच तकनीक, ट्रैफिक लाइट प्रयोग, घर की सुरक्षा से जुड़े मॉडल, पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक तकनीक पर आधारित प्रोजेक्ट प्रमुख रहे। सभी प्रस्तुतियाँ बच्चों की रचनात्मक क्षमता और जागरूकता को दर्शाती रहीं।

विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य बच्चों की प्रतिभाओं को खुला मंच देना है, ताकि वे नए प्रयोगों व खोजों के लिए प्रेरित हो सकें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे। अतिथियों ने प्रतिभागी छात्रों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेकर किया निरीक्षण

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन अमेठी में शुक्रवार परेड की सलामी ली गई एवं निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा शुक्रवार को पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में शुक्रवार परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिये समस्त पुलिस कर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाये रखने के लिए ड्रिल करवाया गया। परेड में पुलिस लाइन, पुलिस कार्यालय व जनपद के विभिन्न थानों व शाखाओं के अधिकारी,कर्मचारीगण सम्मिलित हुये।निरीक्षण के बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में शामिल समस्त पुलिस कर्मियों को साफ सुथरी एवं अच्छी वर्दी धारण करने हेतु निर्देशित किया गया।पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन का मुआयना करते हुए बैरक, शस्त्रागार, मेस, बैरिक, कैश कार्यालय परिवहन शाखा व पीआरवी 112 आदि का निरीक्षण कर साफ सफाई व अभिलेखों के रखरखाव के संबंध में आवश्यक आदेश-निर्देश दिये गये और पुलिस लाइन में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक कर अद्यावधिक रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन्स श्री श्वेताभ भास्कर, प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन व अन्य अधिकारी,कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# महिला स्वास्थ्य जागरूकता पर विशेष सत्र,1500 से अधिक छात्राओं ने लिया लाभ, प्रतियोगिता में प्रतिभाओं ने बिखेरा दम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**प्रतापगढ़ स्तुति चैरिटेबल सोसाइटी द्वारा 1 दर्जन से अधिक विद्यालयों की छात्राओं के लिए सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर और स्वास्थ्य शिक्षा पर हुआ बड़ा आयोजन**

प्रतापगढ़। ग्राम खूझी (ब्लॉक मांधाता) में जारी सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं जनजागरण महोत्सव का चतुर्थ दिवस पूर्णतः शिक्षा, स्वास्थ्य-जागरूकता और आध्यात्मिक अनुभूति को समर्पित रहा। स्तुति चैरिटेबल सोसाइटी की अध्यक्षा डॉ. निरुपमा सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस विशेष दिवस में क्षेत्र के दर्जन भर से अधिक स्कूलों के लगभग 1500 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। महिला स्वास्थ्य पर विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन श्रीमद्भागवत कथा एवं जनजागरण महोत्सव का प्रथम सत्र 'शिक्षा' पर केंद्रित रहा। विशेषज्ञों एवं चिकित्सा प्रशिक्षकों ने छात्राओं को सरल भाषा में सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर और रोकथाम तथा स्वस्थ जीवनशैली पर महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। साथ ही उन्हें इस विशेष शिक्षा पर आधारित पेम्पलेट भी प्रदान किया गया! छात्राओं ने इस पहल की जोरदार सराहना करते हुए कहा कि ल्लयह जानकारी हमारे लिए अत्यंत आवश्यक थी। स्कूलों में हमें इस स्तर की विस्तृत और स्पष्ट जानकारी शायद ही कभी मिल पाती है। डॉ. निरुपमा सिंह का यह प्रयास हमारे स्वास्थ्य और भविष्य दोनों के लिए अमूल्य है।

इसके साथ ही एक विशेष प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली 3 छात्राओं को पुस्तक और 10 छात्राओं को मंच पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इसके उपरान्त आचार्य श्री राजन दीक्षित जी महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा का रसपूर्ण वाचन किया। शुक्रवार को हुई विशेष कथा में समुद्र मंथन, वामन अवतार, श्रीराम जन्म और श्रीकृष्ण जन्म के अद्भुत दृश्य एवं दिव्य प्रसंग प्रस्तुत किए गए, जिनसे पूरा वातावरण भाव-विभोर हो उठा। वहीं डॉ. निरुपमा सिंह ने कहा ल्लशिक्षा और स्वास्थ्य-जागरूकता ही आत्मनिर्भर और सशक्त समाज की नींव है। हमारा प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्रों की बेटियों तक सही जानकारी, सुरक्षा और प्रेरणा पहुँचे। स्तुति चैरिटेबल सोसाइटी आने वाले समय में भी ऐसे प्रयास लगातार जारी रखेगी।ङ्क उन्होंने यह भी बताया कि महोत्सव का उद्देश्य केवल कथा-श्रवण नहीं, बल्कि समाज में जागरूकता और सकारात्मक परिवर्तन को जन-आंदोलन का रूप देना है। चतुर्थ दिवस के इस ज्ञानमय आयोजन में एस. अहमद साहब (अध्यापक), जेएन तिवारी, जेपी सिंह (एक्सईएन आवास विकास विभाग), एस एन सिंह (प्रधानाचार्य चित्रगुप्त इंटर कॉलेज हमीरपुर) डॉ. ज्ञान सिंह (प्रधानाचार्य कटिहार इंटर कॉलेज), श्री पवन सिंह (मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, रायबरेली), डॉ मनोज कश्यप, घनश्याम यादव, कौशलेन्द्र पटेल, जमाल अहमद, अंसार अहमद, फातिमा जैसे प्रमुख विद्यालयों के प्रधानाचार्य और प्रबंधक आज कार्यक्रम में मौजूद रहे। इनके साथ ही पवन सिंह (कार्यकर्ता, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ), प्रदीप सिसोदिया, दशरथ तिवारी, आद्या प्रसाद पांडे समेत बड़ी संख्या में छात्राएं, अभिभावक, शिक्षण संस्थानों के शिक्षक, ग्रामवासी और सोसाइटी के सदस्य उपस्थित रहे। इस मौके पर सभी शिक्षकों को डॉ. निरुपमा सिंह द्वारा लिखित पुस्तक ल्लभोजन भी औषधिः कैंसर के प्रति एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी भेंट की गयी।

# बाल दिवस पर छात्र-छात्राओं को कराया योगा अभ्यास



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंड़ा । बाल दिवस के अवसर पर श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में छात्र छात्राओं के उत्तम स्वास्थ के लिए योग ध्यान शिविर का आयोजन किया गया,योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने बच्चों को योग के माध्यम से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लाभों से अवगत कराया ।

इस योग शिविर का आयोजन प्रोफ़ेसर रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में किया गया।शिविर में योगा चार्य सुधांशु द्विवेदी ने उपस्थित समस्त छात्र छात्राओं को योगाभ्यास करवाया और योग से होने वाले लाभ और उसके महत्व के बारे में समझाया।इस अवसर पर योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने कहा कि इस शिविर में बच्चों को योग और ध्यान का अभ्यास कराया गया ताकि वे तनाव कम कर सकें और अपना आत्मविश्वास को बढ़ा सकें। योग ही निरोग रहने का एक मात्र उपाय है, जो हमें स्वस्थ जीवन प्रदान करता है।इसलिए आप सभी को अपने दैनिक जीवन में योगाभ्यास को शामिल करना चाहिए इस अवसर पर योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने योग से होने वाले अभूतपूर्व शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य लाभ के संबंध में जानकारी दी एवं योग को अपने दिनचर्या में सम्मिलित करने का आवाहन किया।शिविर के अंत में योगाचार्य ने उपस्थित समस्त छात्र छात्राओं को नियमित योग करने का संकल्प भी दिलवाया।इस अवस र पर निष्ठा दुबे, दिव्या, मानवी,, उमरा फातिमा, इषिता, खुशी, आकांक्षा,रोशनी,निधि,नीलम, इंशा, रोहन, संजीव, मोहम्मद शोएब,यश पांडे राज, इन्द्रजीत,सहित अन्य छात्र उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति टीम ने चौपाल लगाकर कर किया जागरूक




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंड़ । मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत जिले के तरबगंज थाना क्षेत्र में मिशन शक्ति टीमके द्वारा चौपाल लगाकर शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं,सहायता सेवाओं, साइ बर अपराधों आदि के बारे में छात्राओं और आम नागरिकों को जागरूक किया।लोगों को साइ बर अपराधों के बारे में जानकारी देकर उससे बचने के उपायों आदि के बारे में जागरू क किया गया और सतर्क रहने की सलाह दी गई।थाना तरबगंज प्रभारी निरीक्षक कमलाकां त त्रिपाठी के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम के द्वारा कस्बे के द्रोणा एकेडमी व कस्बो में मिशन शक्ति टीम द्वारा चौपाल लगाकर लोगों को जागरुक किया गया।इस दौरान महिलाओं, बालिकाओं को शासन द्वारा चलाई जा रही वि भिन्न योजनाओं,सहायता सेवाओं महिला अपरा धों से सम्बन्धित विभिन्न कानूनों हेल्प लाइन नम्बरों आदि के बारे में विस्तृत जान कारी दी गई।

# खरगूपुर पुलिस चार दिन से जबरन लड़के को थाने में बैठकर बनाया वीडियो

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । जिले में थाना खरगूपुर का एक नया चौं काने वाला मामला सामने आया है, बता दें कि खरगूपुर थाना क्षेत्र के विनोद कुमार मिश्रा निवासी वीरपुर भोज ने खरगूपुर पुलिस पर आरोप लगाते हुए बताया है कि थाने के दरोगा प्रदीप सिंह और शशांक मौर्य मेरे लड़के अतुल कुमार को विगत चार दिन से अपने कब्जे में रखकर जबरन उसका वीडियो बनाकर गैर जाति की शादी शुदा लड़की से जबरन शादी कराने में जुट हुए हैं। वादी विनोद का कहना है कि मेरे बेटे को पुलिस द्वारा जबरन दबाव बनाकर गैर जाति के शादी शुदा महिला से दूसरी शादी कराना चाहते हैं। जबकि लड़की की शादी पहले से हो चुकी है। चौंकाने वाली बात यह है कि अब पुलिस अपना काम छोड़ कर शादी भी कराने लगी है यह बात कुछ समझ में नहीं आ रहा है।वादी विनोद ने एक लिखित शिकायत प्रदेश के मुख्यमंत्री से लेकर गृह विभाग साथ ही मंडल के आईजी व जिले के पुलिस अधीक्षक तक की शिकायत कर डाली।अब देखना यह है कि क्या पीड़ित को उचित न्याय मिल पता है या नहीं।

# सीमा क्षेत्र की महिलाओं को 59 वाहिनी एसएसबी ने वितरित की सिलाई मशीनें

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। सीमा क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 59 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, नानपारा द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम (सीएपी) के तहत ग्राम कर्मोहना में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारतऽनेपाल सीमा क्षेत्र के ग्राम विश्रामगाँव एवं कर्मोहना के ग्राम प्रधानों को 03ऽ03, कुल 06 सिलाई मशीनें प्रदान की गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता 59 वाहिनी के कमांडेंट कैलाश चंद रमोला ने की। इस दौरान जिला कौशल विकास मिशन, बहराइच के अधिकारीगण तथा दोनों ग्रामों के ग्राम प्रधानगण भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कमांडेंट रमोला ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सिलाईऽकढ़ाई का कौशल प्रदान करके स्वरोज़गार के अवसर उपलब्ध कराना है, ताकि उनके




परिवारों की घरेलू आय में वृद्धि हो और वे आर्थिक रूप से अधिक सक्षम बन सकें। उन्होंने कहा कि एसएसबी द्वारा संचालित नागरिक कल्याण कार्यक्रम (सीएपी) सीमा क्षेत्र के लोगों के जीवन स्तर को सुधारने के साथ ही बल और जनता के बीच विश्वास, समन्वय और सहयोग की भावना को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्यरत है। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने 59 वाहिनी एसएसबी के इस सामाजिक एवं जनहितकारी प्रयास की सराहना की और बल के प्रति आभार व्यक्त किया।

# बिहार में एनडीए की जीत पर भाजपा ने मनाया जश्न, ऐतिहासिक जीत उत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## मोदी –नीतीश की जोड़ी पर बिहार की जनता ने जताया भरोसा




गोरखपुर । बिहार में राजग की प्रचंड ऐतिहासिक जीत के बाद बेनीगंज स्थित भाजपा महानगर गोरखपुर कार्यालय पर जश्न का माहौल प्रदेश उपाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य व महानगर संयोजक राजेश गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर व आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया। बिहार का चुनाव परिणाम राजग के पक्ष में आने के साथ ही बेनीगंज कार्यालय पर जश्न मनाया गया बिहार की जनता ने मोदी के विकास व नीतीश कुमार के सुशासन को सराहा है।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के बिहार में प्रचंड बहुमत से विजय होने पर भाजपा कार्यालय बेनीगंज महानगर गोरखपुर पर प्रदेश उपाध्यक्ष/विधान परिषद सदस्य डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व मे पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बंधुओं को मिठाई खिलाकर तथा पटाखा फोड़कर जीत का जश्न मनाया गया उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने मोदी के विकास व नीतीश कुमार के सुशासन को सराहा है। मोदी नीतीश की जोड़ी पर बिहार की जनता ने जताया भरोसा। बिहार की जनता जनार्दन का बहुत-बहुत आभार । विकास के पथ पर अग्रसर रहेगा बिहार बिहार की जनता को कोटि-कोटि धन्यवाद आपके विश्वास ने एक बार फिर साबित कर दिया एनडीए ही बिहार का भरोसा एनडीए ही बिहार का भविष्य। विकास और सुशासन की विजय बिहार के जन-जन की विजय महानगर संयोजक राजेश गुप्ता ने कहा कि विकास और सुशासन की यह जीत । बिहार के जन-जन की ऐतिहासिक विजय। इस अवसर पर महानगर संयोजक राजेश गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह , क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष पुष्प दंत जैन , क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विश्वजीतांशु सिंह आशु , ओम प्रकाश शर्मा, इन्द्र मणि उपाध्याय, अच्युतानंद शाही,महानगर उपाध्यक्ष बृजेश मणि मिश्रा, रणविजय शाही, हरिनाथ भाई,जितेन्द्र चौधरी जीतू, वीरेंद्र पांडेय, शशिकांत सिंह, अमिता गुप्ता,चारू चौधरी, सत्यार्थ मिश्रा, कृष्ण कुमार, श्वेता श्रीवास्तव, अजमेर आलम, प्राण तिवारी, शाश्वत अग्रवाल,विकास शर्मा, विशाल गुप्ता, अमित कुमार श्रीवास्तव, प्रशांत विश्वकर्मा, अनुभव वाजपेई, शिवम पांडेय, विपुल श्रिपाठी, पंकज जायसवाल, दयाकृष्ण गुप्ता, अशोक गुप्ता व मोर्चा अध्यक्षगण सहित महानगर के पदाधिकारी गण मंडल अध्यक्ष गण एवं कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

## जेल में कैदी की संदिग्ध मौतः रिहाई से पहले तबीयत बिगड़ी परिजनों ने लगाए आरोप

गोंडा । जिला कारागार में शुक्रवार को रामसागर यादव नामक एक कैदी की संदिग्ध परिस्थिति यों में मौत हो गई।रामसागर यादव, जो सोनौली मोहम्मदपुर उमरी बेगमगंज के निवासी थे, 14 नवंबर 2025 को रिहाई होनी थी।परिजनों के अनुसार, रिहाई के दिन अचानक उनकी तबीय त बिगड़ गई। उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया,जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया मृतक के पिता विनोद यादव ने बताया कि उन के पिता को सात माह पूर्व एक निजी मामले में जेल भेजा गया था।विनोद यादव ने कहा उनके पिता की रिहाई थी,लेकिन अज्ञात कारणों से उनकी मृत्यु हो गई।परिवार ने मौत के कारणों पर सवाल उठाए हैं। घटना की सूचना मिलने पर नगर कोतवाल विवेक द्विवेदी मौके पर पहुंचे।उन्होंने बताया कि मौत के सही कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।पुलिस मामले की जांच कर रही है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आ ने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

## गोंड़ा में यात्रियों की जिंदगी दांव पर,बिना फिट नेस और परमिट के दौड़ रहीं दर्जनों गाड़ियां

गोंड़ा कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले में दर्जनों ठेका सवारी गाड़ियों में ऐसी हैं, जो परमिट, फिटनेस व बीमा के बिना चल रही है।विभाग की तरफ से नोटिस जारी खानापूर्ति कर दी जाती है।साथ ही प्रवर्तन विभाग के दावे भी कटघरे में है।विभागीय अधि कारी कागजों में नियमित निरीक्षण और चाला न करने का दावा करते रहते हैं और सड़ क पर खुलेआम बिना मानकों को पूरा किए वाहन दौड़ते रहते हैं।इसका नुकसान आम लो गों को उठाना पड़ता है। रोजाना सैकड़ो लोग करते हैं सफर इन ठेका गाड़ियों में प्रतिदिन हजारों लोग यात्रा करते हैं।इनकी जिंदगी हर समय दांव पर लगी रहती है।फिटनेस और परमिट मानकों का उल्लं घन दुर्घटना होने का बड़ा कारण बनता है। ऐसे में जिले में बीते दिनों ही हुए हादसों के बाद भी परिवहन विभाग के अधिकारी लापरवाह बने हुए हैं।

## शर्मनाक : मेडिकल कॉलेज में बड़ी लापरवाही चूहें ने शव को कुतरा

गोंडा कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला मेडिकल कॉलेज की मर्चरी में रखे एक शव को चूहों ने कुतर दिया।चूहों ने शव की आंखें निकाल दीं,जिसके बाद मृतक के परिज नों ने अस्पताल में हंगामा किया,उन्होंने इस मा मले की शिकायत मुख्य चिकित्सा अधिकारी से की है।यह घटना जिला मेडिकल कॉलेज की लापरवाही को उजागर करती है।जानकारी के अनुसार,रामपुर चरसड़ी निवासी कौशलेंद्र को मजदूरी करते समय छत से गिरने के कारण गं भीर चोटें आई थीं।उन्हें जिला मेडिकल कॉलेज ले जाया गया,जहां इलाज के दौरान रात में उन की मृत्यु हो गई थी।कौशलेंद्र की मृत्यु के बाद, नियमानुसार उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मेडिकल कॉलेज की मर्चरी में रखा गया था।रात के दौरान मर्चरी में रखे शव की आँखो को चूहों ने बुरी तरह कुतर दिया था। यह घटना जिला मेडिकल कॉलेज की लापरवाही को उ जागर करती है। जानकारी के अनुसार,रामपुर चरसड़ी निवासी कौशलेंद्र को मजदूरी करते समय छत से गिरने के कारण गंभीर चोटें आई थीं।उन्हें जिला मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान रात में उनकी मृत्यु हो गई थी।कौशलेंद्र की मृत्यु के बाद,नियमानुसार उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मेडि कल कॉलेज की मर्चरी में रखा गया था।रात के दौरान मर्चरी में मौजूद चूहों ने शव को कुतर दिया अगली सुबह जब परिजन शव लेने मर्चरी पहुंचे, तो वे शव की स्थिति देखकर चौंक गए। परिजनों ने देखा कि चूहों ने शव की आंखों को बुरी तरह कुतर दिया था, जिससे आंखें बाहर निकल आई थीं। उन्होंने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि मर्चरी में शवों की देखभाल और सुरक्षा के उचित प्रबंध नहीं हैं।परिजनों ने तत्काल इस मामले की शिकायत मुख्य चिकित्सा अधिकारी से की।इस घटना ने बाबू ईश्वरशरण अस्पताल की मर्चरी की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह स्पष्ट है कि मर्चरी में चूहों का आतंक है और शवों को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी कदम नहीं उठाए गए हैं। यह घटना न सिर्फ अस्पताल की लचर व्यवस्था को दर्शाती है, बल्कि यह भी बताती है कि किस तरह से मृतकों के सम्मान की अनदेखी की जा रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने परिजनों की शिकायत दर्ज कर ली है और इस मामले में जांच और सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल मे धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बाल दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया कार्यक्रम का प्रारम्भ अध्यक्ष बृजेश गुप्ता, प्रबंधक हरि बल्लभ गुप्ता, डॉक्टर रवि गुप्ता, हर्ष गुप्ता, खुशबू गुप्ता , गौरव गुप्ता व प्रधानाचार्य संजय कुमार मिश्रा ने माँ सरस्वती के समक्ष पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन कर किया जिसके पश्चात सूर्य वाला शर्मा के निर्देशन में वन्दना हुई तत्पश्चात प्रधानाचार्य संजय कुमार मिश्रा ने छात्रों को संबोधित करते हुए पंडित जवाहरलाल नेहरू के बाल प्रेम, उनके विचारों और बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला अध्यक्ष बृजेश गुप्ता, प्रबंधक हरि बल्लभ गुप्ता, डॉक्टर रवि गुप्ता,हर्ष गुप्ता,खुशबू गुप्ता ,गौरव गुप्ता व प्रधानाचार्य संजय कुमार मिश्रा ने समस्त विद्यार्थियों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए फल वितरित किए विद्यालय के छात्रों को विभिन्न पारम्परिक खेल जिसमें धीमी साइकिल रेस, हैंडल छोड़ साइकिल , खो–खो, कबड्डी आदि खेलों का आयोजन हुआ जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया विद्यालय परिसर छात्रों की हंसी और उल्लास से गूंज उठा विभिन्न कक्षा स्तरों पर ज्ञान–वर्धक गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं इस अवसर पर समस्त छात्र–छात्राओं व शिक्षक– शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही ।

## चाचा व भाइयों समेत सपा नगर अध्यक्ष के खिलाफ केस दर्ज

सुल्तानपुर। मां के साथ घर लौट रही युवती पर सरेराह शराब की खाली बोतल फेंकने और टोकने पर अभद्रता व अश्लीलता का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर सुल्तानपुर कोतवाली पुलिस ने सपा नगर अध्यक्ष समेत उनके चाचा और भाइयों पर एफआईआर दर्ज कर ली है। घटनाक्रम के अनुसार, सुल्तानपुर जिला मुख्यालय स्थित पुराना गुरुद्वारा परिसर लखनऊनाका को अवैध ढंग से बेच लेने का विवाद इन दिनों सुर्खियों में है। संबंधित गुरुद्वारा के अनुयायियों व यहां के बाशिंदों और आरोपी जमीन कारोबारियों के मध्य आए दिन विवाद हो रहा है। इसी क्रम में ताजा मामला गत दस नवंबर को सामने आया। एक युवती अपनी मां के साथ शाम को घर जा रही थी। आरोप है कि लखनऊनाका स्थित एक पान की गुमटी के पास सपा नगर अध्यक्ष राजू चौधरी, उनके चाचा संतोष चौधरी व उनके भाई लोग आदि शराब पी रहे थे। इसी दौरान सपा नगर अध्यक्ष के चाचा संतोष ने युवती पर शराब की खाली बोतल उछाल दी। जो कि उसकी पीठ पर जा लगी।

# नन्हें बच्चों ने जीता दिल, सॉफ्ट पेटल एकेडमी में मनाया चिल्ड्रेन डे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## चाचा नेहरू के जन्मदिन पर बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां, मेडल से सम्मानित





नानपारा, बहराइच। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस पर 14 नवंबर को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी क्रम में रूपईडीहा रोड स्थित सॉफ्ट पेटल एकेडमी में भव्य बाल मेले तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और दिन को यादगार बनाया। विद्यालय परिसर को आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया गया था। खाने-पीने के स्वादिष्ट स्टॉल, गेम्स स्टॉल, आर्ट-क्राफ्ट, खिलौनों के काउंटर और ज्ञानवर्धक गतिविधियों के स्टॉल बच्चों के आकर्षण का केंद्र बने। बच्चों ने पॉपकॉर्न, चाट, पकौड़ी, पास्ता, पेस्ट्री आदि का भरपूर लुत्फ उठाया। छोटे बच्चों के लिए बनाए गए विशेष फन-ज़ोन में पपेट शो, बैलून एक्टिविटी और स्लाइड ने खूब वाहवाही लूटी। सिर्फ मनोरंजन ही नहीं, छात्रों के ज्ञान और रचनात्मकता को बढ़ावा देने हेतु साइंस मॉडल डिस्प्ले, मैथ्स फन एक्टिविटी, आर्ट गैलरी और बुक कॉर्नर भी लगाए गए। बच्चों ने अपने प्रोजेक्ट्स को अभिभावकों के सामने प्रस्तुत किया, जिससे उनका आत्मविश्वास और प्रेजेंटेशन कौशल निखरा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ रहीं, जो विद्यालय द्वारा जारी कार्यक्रम सूची के अनुसार आयोजित की गईं। शुरुआत ट्रिब्यूट टू पंडित नेहरू से हुई, जिसके बाद अक्षिता श्रीवास्तव की गणेशा वंदना पर नृत्यात्मक प्रस्तुति के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। फिर सरस्वती वंदना में अक्षिता, काव्या गुप्ता, कनिष्का, सृष्टि व पलक ने सरस्वती वंदना की सुरम्य प्रस्तुति दी। इसके बाद विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा 4 के अदाम्या, अनन्या, अनमता, अराध्या, श्रद्धा, शगुन द्वारा लंदन ठुमाकड़ा, आराध्या साहू, अर्पिता सोनी, पंखुड़ी वर्मा, नित्या, ईशान, खुशी अजीज की प्रस्तुति ने मोरनी बनके, एलकेजी के छोटे बच्चो सृष्टि, अद्विता, लक्ष्मी, अदिति, प्रिंस सोनी, साहिबा आदि ने चले जैसे हवाएं, कक्षा 1 के माहम, विधि, आद्या, आयज़ा आदि की शानदार खोल दे पार, कक्षा 4 द्वारा ऊर्ज़ावान मै निकला गड्डी लेके, कक्षा 2 के समृद्धि, अराध्या, दिव्यांका, आयत अंसारी, आस्था, आलिया आदि की हास्यपूर्ण लुंगी डांस, यूकेजी के बच्चों हरीम, अवनि, आइज़ा, हरि प्रिया, अर्मान आदि का आकर्षक काला चश्मा, कक्षा 3 की प्रस्तुति नन्हीं परी, प्रेप कक्षा द्वारा आज का संडे, कक्षा 8 की ऊर्ज़ा से भरपूर प्रस्तुति साकी साकी, कक्षा 7 के छात्रों संस्कृति, पंछी रिफा, राशी आदि का बेहतरीन सौदा खरा आदि रंगारंग प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया। इस दौरान ड्राइंग, राइटिंग और रंगोली प्रतियोगिताओं के विजेताओं में अक्षिता श्रीवास्तव, सृष्टि सिंह, जेबा फातिमा व आयशा फरहत आदि को मंच पर सम्मानित किया गया। अंत में विद्यालय के सभी हाउसों में से टेरेसा हाउस को ओवरऑल विनर घोषित किया गया। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने चाचा नेहरू को नमन करते हुए कहा कि बाल दिवस का उद्देश्य बच्चों में सृजनात्मकता, आत्मविश्वास और सहयोग की भावना को विकसित करना है। अभिभावकों ने भी बच्चों की प्रतिभा और विद्यालय के उत्कृष्ट आयोजन की प्रशंसा की। कार्यक्रम सुबह से शुरू होकर निर्धारित समयानुसार सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# बिहार में प्रचण्ड जीत पर अमेठी में भाजपा नेताओं में खुशी की लहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । बिहार विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचण्ड जीत से अमेठी जनपद में भी उत्साह की लहर उमड़ी। विजय के इस सुनहरे क्षण पर समूचा जनपद में उत्सव, उमंग और आत्मीयता के स्वर से गूंज उठा। भाजपा के जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता एकत्र हुए और ढोल नगाड़ों की थाप पर गगनभेदी नारों के साथ विजय की अनुभूति को निर्बाध उत्सव में बदल दिया।कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर मुंह मीठा किया और इस ऐतिहासिक सफलता पर हर्षोल्लास साझा किया। तिलोई विधानसभा क्षेत्र के कस्बा शंकरगंज में ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह की अगुवाई में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाते हुये एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। कस्बा राजा फत्तेपुर में पूर्व प्रत्याशी धर्मेश कुमार मिश्रा के संयोजकत्व में भाजपा संगठन के पदाधिकारियों और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने बिहार में जीत का जश्न मनाया। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठजनों और पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति ने उत्सव को और भी स्मरणीय बना दिया। भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कहा कि यह कार्यकर्ताओं की निष्ठा और जनता के आशीर्वाद का प्रतिफल है।इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा, केशव सिंह, चन्द्रमौलि सिंह, विषुव मिश्रा, अतुल सिंह, डॉ.सुरेन्द्र सिंह, राहुल पाठक, अनादि मिश्रा, सुजीत पाण्डेय, प्रभात शुक्ला, अरुण मिश्रा, सुरेश तिवारी, सूर्य नारायण तिवारी, संतोष द्विवेदी, अभिषेक चंद्र कौशिक, अजय सिंह, राम गोपाल कौशल,शरद शंकर मिश्रा, मनीष पाठक, रत्नेश मिश्रा, दिग्विजय सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



भाजपा नेताओं ने ढोल नगाड़े और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मनाया गया जीत का जश्न

# गौरीगंज में ब्लाक स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया खेल का हुनर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रांगण में विकास क्षेत्र गौरीगंज में ब्लाक स्तरीय कीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका शुभारम्भ डीआईओएस, बीएसए और बीईओ के साथ ही प्रधानाचार्य ने संयुक्त रूप से किया। ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में मुख्य अतिथिगणों द्वारा मार्च पास्ट की सलामी लेते हुये खेल शपथ दिलाया गया तत्पश्चात झंडी दिखाकर एक सौ मीटर दौड़ प्रतियोगिता के साथ खेल की शुरुआत हुई।इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक व योग कार्यक्रम की प्रस्तुति किया गया।क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रमुख रूप से एक सौ मीटर, दो सौ मीटर, चार सौ मीटर व छह सौ मीटर बालक, बालिका दौड़ ,कबड्डी, खो खो, गोला फेंक , लम्बी कूद, योग प्रस्तुति आदि प्रमुख खेलों की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता बच्चे जनपद स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बच्चों को पूरी खेल भावना, ऊर्जा के साथ खेलों में प्रतिभाग हेतु शुभकामनाएं दिया।जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार द्विवेदी ने खेलो को दैनिक जीवन में बेहतर स्वास्थ्य हेतु आवश्यक बताते हुए बच्चों को खेल प्रतियोगिता में उत्साह पूर्वक प्रतिभाग करने के लिये प्रेरित किया।उच्च प्राथमिक बालिका संवर्ग चार सौ मीटर में दीपांशी प्रथम व बालक वर्ग में रिशु रोहसी खुर्द प्रथम स्थान पर रहे। छह सौ मीटर बालिका प्रथम स्थान पर महिला महिमा कम्पोजिट विद्यालय बेलखौर रही चार सौ मीटर में बालक वर्ग में मोहम्मद आसिफ व बालिका वर्ग में सविता प्रथम स्थान पर रही। दो सौ मीटर उच्च प्राथमिक बालक वर्ग में बॉबी रोहसी खुर्द और बालिका में मोहनी गौरी पुर प्रथम स्थान पर रही।जूनियर गोला ठीक में विक्रम उच्च प्राथमिक सारीपुर प्रथम स्थान पर रहे, बालिका वर्ग में पलक दरपीपुर प्रथम स्थान पर रहे।कबड्डी जूनियर में उच्च प्राथमिक बेनीपुर बलदेव की बालिका वर्ग ने जीता।कार्यक्रम का संचालन डॉ रमेश सिंह ने किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी अर्जुन सिंह ने आगंतुकों के प्रति आभार जताया।इस अवसर पर खेल कार्यक्रम में प्रमुख भूमिका निभाने वाले ब्लाक व्यायाम शिक्षक सत्येंद्र सिंह,विवेक शुक्ला, जय राम कन्नौजिया श्री राम सोनी ओमेंद्र सिंह आलोक तिवारी महेंद्र मिश्र, गंगाधर शुक्ल, मोहम्मद वसीम,प्रमोद तिवारी, अरविंद पाण्डेय,बद्री विशाल,विष्णु कांत पाठक, अरविंद त्रिपाठी, प्रमोद मौर्या, विनोद यादव राघवेंद्र सचिन प्रदीप मौर्य राजेश मोहन, अर्जुन अभिषेक रवि पंकज शुक्ला अश्विनी कुमार,विशाल मौर्य, जितेंद्र कुमार,पूर्णिमा,गायत्री अर्चना सत्य प्रकाश मौर्य सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# डॉ. कविता कनौजिया को मिली पीएचडी की उपाधि एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय से पूरा किया शोध

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। उपाधि महाविद्यालय की प्रवक्ता डॉक्टर कविता कनौजिया ने पीएचडी पूरी कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने रूहेलखंड विश्वविद्यालय से समाजशास्त्र विषय में शोध पूरा कर डॉक्टर की उपाधि हासिल की है। यह उपाधि उन्हें महात्मा ज्योतिबा फूले रूहेलखंड विश्वविद्यालय के 23 वा दीक्षांत समारोह में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल एवं झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की उपस्थिती में उनको पीएचडी की उपाधि मिली हैं। अब कविता कनौजिया डॉक्टर के नाम से जानी जाएंगी. डॉ कविता कनौजिया की इस उपलब्धि से उनके पिता विश्व नाथ सिंह कन्नौजिया एवं सरल स्वभाव की माता उमा कन्नौजिया सहित घर-परिवार और पूरे जनपद में खुशी और उत्साह का माहौल है। देवों की भूमि पड़ोसी राज्य उत्तराखंड के जनपद पिथौरागढ़ में भोटिया जनजाति की महिलाओं की प्रस्थिति का समाजशास्त्री अध्ययन का विशेष संदर्भ में शोध कार्य पूरा किया है।जिसके लिए उन्हें यह पीएचडी की उपाधि मिली है।यह शोध कार्य डॉ. कविता कनौजिया ने महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्रो.फ़ेसर सत्येंद्र नारायण के मार्गदर्शन में पूरा किया है।



# कारेबन में लगाया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। डॉ.भीम राव अम्बेडकर मेमोरियल हॉस्पिटल बघराजपुर के द्वारा बुधवार को ग्राम कारेबन तहसील जयसिंहपुर में निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया जिसमेंद्व डॉ.भीमराव अम्बेडकर मेमोरियल हास्पिटल के संचालक डॉ.सुभाष गौतम फिजिशियन, डॉ.आदर्श सहाय सर्जन, डॉ. विकास गौतम फिजिशियन डॉ.आर.ए.रत्नाकर वरिष्ठ फिजिशियन, डॉ.भीम रतन डेंटिस्ट, डॉ.एकता स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, डॉ.भारती स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ के द्वारा 107 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें से सभी मरीजों को मुफ्त परामर्श के साथ ही खून जांच व दवा वितरण किया गया। कैंप में मुफ्त खून जांच के लिए एस ए पैथोलॉजी द्वारा व्यवस्था की गयी। विशेष सहयोग में राजेश गौतम का सराहनीय योगदान रहा। दवा वितरण में फार्मासिस्ट शिवकुमार गौतम व फार्मासिस्ट आभाष ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, मरीजों के रजिस्ट्रेशन व डॉक्टरों की सहायता में नर्सिंग स्टाफ अर्चना एवं संध्या का सहयोग रहा।कार्यक्रम का आयोजन कुंवर अनुराग सिंह (अंकित) पूर्व प्रत्याशी ग्राम प्रधान कारेबन, पूर्व प्रधान प्रतिनिधि कुलदीप कुमार गौतम ,संदीप सिंह (हि यु वा) एवं अन्य आयोजक सहयोगी हरिओम सिंह , शिवम सिंह,संजय सिंह, चंदन सिंह, अनिल प्रजापति, कन्हैया मौर्या, जितेन्द्र प्रताप सिंह, राजकरण, रामचरण आदि लोगों का सहयोग रहा।

## एसडीएम ने जागरूकता वाहनों को दिखाई हरी झंडी

सुल्तानपुर। सुल्तानपुर जिले के जयसिंहपुर तहसील मुख्यालय से शुक्रवार को किसानों को 'फॉर्मर रजिस्ट्री' के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता वाहनों को गांवों में रवाना किया गया। जयसिंहपुर उपजिलाधिकारी प्रभात कुमार सिंह ने इन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर गांवों के लिए रवाना किया। यह प्रचार वाहन जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के गांवों और गलियों में घूम-घूमकर किसानों को फॉर्मर रजिस्ट्री के महत्व के बारे में जानकारी देंगे। इसका उद्देश्य किसानों को इस प्रक्रिया से जुड़ने के लिए प्रेरित करना है।वर्तमान में जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र में फॉर्मर रजिस्ट्री का कार्य चल रहा है, लेकिन जागरूकता की कमी के कारण किसान कम संख्या में फॉर्मर आईडी बनवा रहे हैं। इसी समस्या को दूर करने के लिए कृषि विभाग के कर्मियों की मौजूदगी में तीन जागरूकता वाहनों को रवाना किया गया।उपजिलाधिकारी प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि फॉर्मर रजिस्ट्री के बिना अब किसानों को सम्मान निधि का लाभ नहीं मिल पाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों की भूमि आधार से लिंक होने और एक आईडी बनने से उन्हें विभिन्न विभागों की योजनाओं और न्यूनतम समर्थन मूल्य का सीधा और त्वरित लाभ मिल सकेगा।




## परिषदीय विद्यालय में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बाल दिवस

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड मरौरी के ग्राम पंचायत चदोई में स्थित कंपोजिट विद्यालय में बाल दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका साजदा खातून की अध्यक्षता में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया हैं।कंपोजिट विद्यालय के बच्चों ने कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कंपोजिट विद्यालय की प्रधानाध्यापिका साजदा खातून की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों के शैक्षिक और सांस्कृतिक विकास के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।बाल दिवस के महत्व को समझाने और बच्चों को सम्मान देने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

## चिरौंजी लाल सरस्वती विद्या मन्दिर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बाल दिवस

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। माधोटांडा रोड स्थित चिरौंजी लाल वीरेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेजमें आज बाल दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। आज कार्यक्रम का प्रारम्भ छात्रों एवं एन सी सी कैडेट्स माँ सरस्वती के समक्ष पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन कर किया जिसके पश्चात् कृष्ण कुमार शर्मा के निर्देशन में वन्दना हुई तत्पश्चात प्रधानाचार्य सुभाष कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए पंडित जवाहरलाल नेहरू के बाल प्रेम, उनके विचारों और बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।विद्यालय के छात्रों को विभिन्न पारम्परिक खेल जिसमें धीमी साइकिल रेस, हैंडल छोड़ साइकिल रेस, मेढ़क रेस , नेता की खोज, खो-खो, कबड्डी आदि खेलों का आयोजन हुआ जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया विद्यालय परिसर छात्रों की हंसी और उल्लास से गूंज उठा। विभिन्न कक्षा स्तरों पर ज्ञान-वर्धक गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं।कार्यक्रम के अंत में विजेता छात्रों को पुरस्कार वितरित किया विद्यालय परिवार ने बाल दिवस को बच्चों के सर्वांगीण विकास और उज्ज्वल भविष्य के संकल्प के साथ सफलतापूर्वक संपन्न किया। इस अवसर पर विनोद श्रीवास्तव, मनुकृष्ण सक्सेना ,निर्मल शर्मा, अरविन्द शर्मा, घनश्याम दास गुप्ता, पुनीत गुप्ता, तनु अग्निहोत्री संतोष तिवारी आदि शिक्षक उपस्थित रहे

# पूरनपुर में मिट्टी लदे ट्रैक्टर सड़क पर भर रहे फर्राटा, सड़कें भी हो रही खराब,स्कूली बच्चों की जान पर बना रहता खतरा लोगों में आक्रोश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। तहसील क्षेत्र में इन दिनों मिट्टी खनन का कारोबार बिना किसी रोक-टोक के चल रहा है रात होते ही ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि यन्त्र लगाकर मिट्टी खनन शुरू हो जाता है इतना ही नहीं मिट्टी ढ़ोने के लिए सर्वाधिक कृषि कार्य के लिए पंजीकृत ट्रैक्टर-ट्रालियों का प्रयोग नियम विरुद्ध किया जा रहा है आरोप है कि पुलिस और खनन विभाग सब कुछ जानते हुए भी इसे रोकने में दिलचस्पी नही ले रहा है।मिट्टी माफिया किसी नियम कानून की परवाह किए बगैर अवैध रूप में मिट्टी खनन कराने में लगे हुए हैं किसानों के खेतों में मिट्टी की खोदाई की जा रही है। क्षेत्र के विभिन्न गावों मे अक्सर कोई न कोई मिट्टी खनन होता मिल जाएगा बड़ी संख्या में ट्रैक्टर-ट्रालियों पर मिट्टी लदवाकर उन्हें व्यावसायिक उपयोग के लिए भेजा जा रहा लोगों का कहना है कि बिना अनुमति ही मनमाने तरीके से मिट्टी का खनन कराया जा रहा है नियमों की अनदेखी कर मानक को दर किनार कर मिट्टी की खोदाई होती है, जिससे प्रकृति को भारी नुकसान हो रहा है लगातार मिट्टी लदे ट्रैक्टर-ट्रालियों के आवागमन से क्षेत्रों की सड़कों का बुरा हाल है कई सड़कें टूटने जा रही हैं, तो कई पर दो-दो इंच धूल की परत जमी है ऐसे में सड़क से गुजरने वाले लोगों की मुसीबत बढ़ जाती है साइकिल सवार हो या बाइक सवारों के कपड़ों पर धूल जम जाती है और उनके स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है वही माधोटांडा रोड पर सवेरा होते ही ट्रैक्टर ट्राली फर्राटा भरने लगती है माधोटांडा रोड से जसवंती मिल तक सबसे ज्यादा स्कूल है जहां नन्हे बच्चों से लेकर 12वी तक बच्चे पड़ते है बिना उनकी जान की परवाह किये मिट्टी खनन मे ट्रैक्टर ट्राली, डंपर हाई स्पीड भर सरपट दौड़ पड़ते है जिससे उनको परिजनों को कोई हादसा न हो जाये कि परवाह सताती रहती है।

## विधान सभा स्तरीय 'पदयात्रा' का भव्य आयोजन-सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती पर श्रद्धांजलि

पीलीभीत।सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के शुभ अवसर पर मेरा युवा भारत पीलीभीत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के समन्वय से भव्य विधान सभा बीसलपुर में पदयात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा एवं जिला महामंत्री दिनेश पटेल, युवा भाजपा नेता गौरव शर्मा,युवा कल्याण विभाग से छविराम, राजकीय के पीजी कॉलेज बीसलपुर की प्रधानाचार्य अलका मेहरा द्वारा ग्राम भड़रिया में सरदार वल्लभभाई पटेल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया।इसके उपरांत सभी उपस्थित लोगों द्वारा ल्लएकता शपथङ्क ली गई, जिसे जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह द्वारा वाचन कर सभी को दिलाई। शपथ में देश की एकता, अखंडता और भाईचारे को बनाए रखने का संकल्प लिया गया। इसके बाद एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न विद्यालयों एवं युवा संगठनों ने राष्ट्र एकता पर आधारित प्रस्तुतियाँ दीं।विधायक विवेक वर्मा ने कहा-सरदार वल्लभभाई पटेल जी ने भारत की एकता और अखंडता को सर्वोपरि रखा। उनके आदर्श, त्याग और दूरदृष्टि के कारण ही आज हम एक मजबूत, संगठित और समृद्ध भारत के गर्वित नागरिक हैं।

# अमेठी में सटीक मतदाता सूची के लिये प्रतिदिन हो रहा बीएलओ कार्य का सत्यापन : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## मतदाता सूची को स्वच्छ व पारदर्शी बनाने पर प्रशासन का जोर

अमेठी । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि एक जनवरी 2026 के आधार पर जनपद अमेठी की सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान जारी है। अभियान के तहत चार नवम्बर से बीएलओ द्वारा घर घर जाकर मतदाता गणना प्रपत्र वितरित किये जा रहे हैं, जो आगामी चार दिसम्बर तक वितरित किये जाएंगे। जिला प्रशासन के अनुसार अभी तक लगभग पचासी प्रतिशत गणना प्रपत्र वितरित किये जा चुके हैं। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय चौहान स्वयं अभियान की प्रगति की लगातार समीक्षा कर रहे हैं। वे प्रतिदिन एक दो बीएलओ को बुलाकर उनसे प्रपत्र वितरण की वास्तविक स्थिति की जानकारी लेते हैं साथ ही दूरभाष के माध्यम से यादृच्छिक सत्यापन भी किया जा रहा है ताकि कार्य की पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। जिलाधिकारी ने सभी बीएलओ को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे प्रत्येक घर तक पहुंचकर सभी पात्र व्यक्तियों को मतदाता गणना प्रपत्र अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं, ताकि लोग समय से प्रपत्र भरकर वापस कर सकें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि जिन युवाओं की आयु एक जनवरी 2026 को अठारह वर्ष पूर्ण हो रही है वे भी गणना प्रपत्र अवश्य भरें। साथ ही जिन लोगों के नाम पहले से मतदाता सूची में पंजीकृत हैं, उन्हें भी प्रपत्र भरना अनिवार्य है। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छ, सटीक और पारदर्शी मतदाता सूची निर्वाचन प्रक्रिया की मजबूती और शांतिपूर्ण मतदान का आधार है। इसलिए हर पात्र नागरिक का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की है कि वे अपना अपना मतदाता गणना प्रपत्र अवश्य भरें और बीएलओ को समय से उपलब्ध कराएं, ताकि मतदाता सूची का कार्य सुचारू रूप से संपन्न किया जा सके।

## खाटू श्याम बाबा का जागरण आज:भक्तिमय होगा माहौल, भजन-कीर्तन और आरती किया जाएगा आयोजन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। श्री बालाजी महाराज एवं श्री खाटू श्याम संकीर्तन मंडल एवं सेवा समिति पूरनपुर द्वारा आज रात अमोल बैंक्वेट हाल मे श्री खाटू श्याम का विशाल दरबार सजाया जाएगा पिछले वर्ष भी नगर मे दरबार 15 नंबर को सजाया गया था इस वर्ष श्री बालाजी महाराज एवं श्री खाटू श्याम संकीर्तन मंडल एवं सेवा समिति पूरनपुर के सौजन्य से 15 नंबर को भव्य एवं विशाल दरबार सजाया जा रहा है इस अवसर पर पूरनपुर के रितिक सक्सेना सुंदर सुंदर गीतो की प्रस्तुति देंगे और गाजियाबाद से नेशनल टीवी कलाकार रामकुमार लक्खा और दिल्ली से लेडीज कलाकार टिवंकल शर्मा द्वारा बाबा के सुंदर-सुंदर भजनों द्वारा बाबा को मनाया जाएगा सभी क्षेत्रवासियों सभी भक्तों को बाबा के दरबार में हाजिरी लगाने के लिए आमंत्रित किया जाता है सभी श्रद्धालु भक्त बाबा के दरबार में आए और अपनी हाजिरी लगाकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करें जागरण में बाबा खाटू श्याम के भजन-कीर्तन होंगे भक्तिमय वातावरण में आरती का विशेष आयोजन किया जाएगा आयोजकों ने सभी क्षेत्रवासियों को कार्यक्रम में शामिल होने का खुला निमंत्रण दिया है स्थानीय लोगों में इस धार्मिक आयोजन को लेकर विशेष उत्साह है इसके मुख्य आयोजनकर्ता अभिषेक गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, अनुज सिंह, नितिन गुप्ता, निहाल गुप्ता आदि लोग है।

## बिहार में मिली प्रचंड जीत पर कार्यकर्ताओं ने वितरण किया मिष्ठान

पीलीभीत।बिहार की प्रचंड विजय के उपरांत जनपद के मंत्री संजय सिंह गंगवार के मझोला जनसहयोग कार्यालय पर पूर्व चेयरमैन राम औतार अग्रवाल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया मिष्ठान्न वितरण और आतिशबाजी पर जीत का जश्न मनाया। ढोल नगाड़ों पर झूमते हुए कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को जीत की मुबारकबाद दी।उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल ने कहा कि बिहार की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुए जंगलराज लाने वालों को पूरी तरह नकार दिया है और विकास और सुशासन हेतु एनडीए को प्रचंड बहुमत दिया है। उन्होंने कहा कि बिहार विजय में वहां एक माह तक प्रवास कर इस अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले मंत्री संजय सिंह गंगवार ने भी अथक परिश्रम किया जिस कारण उनका भी आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन राम औतार अग्रवाल, विकास अग्रवाल, मनजिंदर सिंह, कारज सिंह, ललित पटेल, संजीव मिश्रा, सतनाम बलग्गन, गौरीशंकर, गुरमेज सिंह, संदीप मिश्रा समेत अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एनडीए की सुनामी में उड़ गया महागठबंधन : सुशील

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। रूझानों में बिहार चुनाव में मिल रही प्रचंड व बंपर जीत पर भाजपाइयों ने तिकोनिया पार्क में पटाखे व मिष्ठान के साथ विजय उत्सव मनाया। शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी के नेतृत्व में शहर के तिकोनिया पार्क में कार्यकर्ताओं ने जोरदार आतिशबाजी व एक - दूसरे को मिष्ठान खिलाकर जश्न व विजय उत्सव मनाया।इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने बिहार जीत पर सभी को बधाई देते हुए कहा यह अद्भुत व अविश्वसनीय जीत है।उन्होंने कहा एनडीए के सुनामी में महागठबंधन का जंगलराज, भ्रष्टाचार व परिवारवाद धाराशाई हो गया है।यह प्रचंड जीत विकास व सुशासन की जीत है। बिहार की जनता का जनादेश ऐतिहासिक व अभूतपूर्व है।पीएम मोदी व सीएम नीतीश के नेतृत्व में एनडीए ने अबतक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया हैं।बीजेपी ने 90 प्रतिशत से ज्यादा स्ट्राइक रेट के साथ सारा रिकॉर्ड तोड़ दिया हैं।रुझानों में भाजपा गठबंधन 200 से ज्यादा सीटों पर आगे चल रही है।यह भी कहा आगामी 2027 के यूपी चुनाव में भाजपा बंपर व अभूतपूर्व जीत प्राप्त करेगी।एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह,पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ एमपी सिंह ने कहा बिहार में डबल इंजन सरकार लगातार जनता के भरोसे पर खरी उतर रहीं हैं। मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि नगर अध्यक्ष रीना जायसवाल के संयोजन में आयोजित विजय उत्सव कार्यक्रम में पूर्व मंत्री ओम प्रकाश पाण्डेय,डॉ सीताशरण त्रिपाठी,पूर्व विधायक अर्जुन सिंह,घनश्याम चौहान,विजय त्रिपाठी, मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी, डॉ डीएस मिश्रा,रुपेश सिंह, आनन्द द्विवेदी,प्रदीप शुक्ला,बबिता तिवारी, चन्दन नारायन सिंह, पूजा कसौधन, अखिलेश जायसवाल, व्यापारी नेता रवीन्द्र त्रिपाठी,नगर अध्यक्ष रीना जायसवाल,रामेन्द्र प्रताप सिंह,हिमांशु गुप्ता,दिनेश चौरसिया, राजेश सिंह,मनोज मौर्य,सौरभ पांडे, अनुज प्रताप सिंह, राजेश दूबे निर्माण, राजकुमार सोनी,राहुल भान मिश्रा,राजीव सिंह बबलू,अफजल अंसारी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।



## इन्हौना में इको कार पेड़ से टकराने पर दो युवकों की हुई मौत

तिलोई अमेठी । थाना इन्हौना क्षेत्र के सेमरौता मार्ग पर स्थित नाला के पास मवेशी को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई जिसमें दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये हैं।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। थाना कमरौली क्षेत्र के गांव पूरे नोखी दुबे मजरे कठौरा निवासी रंग बहादुर पुत्र गंगा प्रसाद मारुति इको कार संख्या यूपी 32 एमपी 9738 से रायबरेली जनपद के कस्बा महराजगंज के गांव श्यामपुर में आयोजित वैवाहिक समारोह से वापस अपने घर जा रहे थे वह इन्हौना सेमरौता के निकट नाले के पास पहुंचे ही थे कि वाहन मवेशी को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर गड्ढे में जा गिरा जिसमें वाहन पर सवार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से जिला रेफरल अस्पताल तिलोई भेजा गया।इस दुर्घटना में रंग बहादुर उम्र सत्तर वर्ष एवं उनके पुत्र विनय उर्फ बबलू उम्र पैंतीस वर्ष की मौत हो गई।

## निजी अस्पतालों की लापरवाही से नहीं थम रहा मौत का सिलसिला, फिर एक प्रसूता की गई जान

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर देहात के मोहल्ला खानकाह में स्थित हिमालया हॉस्पिटल में एक और दर्दनाक घटना ने निजी चिकित्सालयों में हो रही लापरवाही का गंभीर चेहरा उजागर कर दिया प्रसव के लिए अस्पताल में भर्ती की गई पुष्पा देवी नामक प्रसूता की ऑपरेशन के बाद तबीयत खराब हो गई, जिसे समय पर इलाज न मिलने के कारण उसकी मृत्यु हो गई घटना ने क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की खस्ता हालत पर फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं इस घटना ने एक बार फिर से क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की दुर्दशा को उजागर किया है लोगों का आरोप है कि नगर में दर्जनों फर्जी अस्पताल धड़ल्ले से चल रहे हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने इस पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है लगातार हो रही मौतों के बावजूद विभाग की चुप्पी पर लोग सवाल उठा रहे हैं क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते विभाग ने इन फर्जी अस्पतालों पर कार्रवाई की होती,तो शायद कई जिंदगियां बचाई जा सकती थीं यह घटना निजी अस्पतालों में हो रही लापरवाही और स्वास्थ्य सेवाओं की कमजोरी की ओर इशारा करती है। अब देखना यह होगा कि जांच में क्या खुलासा होता है और दोषियों को कब तक सजा मिल पाती है ऑपरेशन के बाद महिला की मौत से नाराज परिजनों ने जमकर हंगामा काटा था सुबह जांच करने पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम को अस्पताल बंद मिला इस पर वापस लौटना पड़ा अब दोबारा टीम पहुंचकर अस्पताल बंद होने पर बाहर नोटिस चस्पा कर जवाब मांगा पुष्पा देवी ने एक पुत्री को जन्म दिया महिला को भोजीपुरा स्थित एक निजी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था परिजन उसे लेकर बरोली पहुंचे, जहाँ डॉक्टरों ने पुष्पा देवी को मृत घोषित कर दिया ।

## सम्पादकीय

# धमाके के सुलगते सवाल

सुरक्षा की दृष्टि से चाकचौबंद मानी जाने वाली देश की राजधानी में लाल किले के पास हुए भीषण धमाके ने कई ज्वलंत सवालों को जन्म दिया है। सुरक्षा व्यवस्था के छिद्रों को पाटने की जरूरत के साथ चेताया है कि हमारी जरा सी चूक से आतंकवादियों को फिर से पांव जमाने का मौका मिल सकता है। अब जब मामले की जांच देश की शीर्ष खुफिया एजेंसियां कर रही हैं तो जांच के निष्कर्ष ही हकीकत बताएंगे। लेकिन धमाके का स्तर और उससे हुई जनधन की हानि चिंता बढ़ाने वाली है। निश्चित ही यह घटना एक बड़ी साजिश की ओर इशारा करती है। सवाल यह भी उठता है कि चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच अपराधी कैसे इतनी बड़ी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ संवेदनशील इलाके में ले जाने में सफल हुए। प्रारंभिक सूचनाओं के अनुसार जम्मू-कश्मीर के रास्ते उत्तर प्रदेश व हरियाणा तक फैले कश्मीरी डॉक्टरों के एक समूह ने घटना को अंजाम दिया। इस घटनाक्रम ने पूरे देश को चौंकाया कि समाज में दूसरे भगवान का दर्जा पाने वाले डॉक्टर कैसे लोगों के चिथड़े उड़ाने वाले कृत्य को अंजाम दे सकते हैं? उनकी उस शपथ का क्या हुआ जो डॉक्टर पढ़ाई पूरी करने के बाद लोगों की जीवन रक्षा के लिए लेते हैं? अब तक यह मान्यता रही है कि आतंकवादी संगठनों से वे लोग ही जुड़ते हैं, जो कम पढ़े-लिखे होते हैं और विध्वंसकारी ताकतों के बहकावे में आकर आतंकवाद की राह में उतर जाते हैं। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से इस आतंक के स्लीपर सैल में डॉक्टरों के समूह का शामिल होना बेहद चिंता का विषय है। जो समाज के उस विश्वास को तोड़ता है कि डॉक्टर हमेशा जीवन देने वाला ही होता है। भविष्य में यह खतरनाक प्रवृत्ति अन्य व्हाइट कॉलर जॉब करने वाले समूह को भी घातक रास्ते पर ले जा सकती है। ऐसे में हमें लाल किले के निकट घटी घटना को गंभीरता से लेना चाहिए और आसन्न खतरे को महसूस भी करना चाहिए। बहरहाल, लाल किले के निकट की घटना एक आतंकी साजिश थी या बड़ी साजिश को अंजाम देने निकले अपराधियों की चूक से समय से पहले घटी घटना, ये एनआईए की जांच से ही पता चल सकेगा। लेकिन जो क्षति घटनास्थल पर हुई है वह किसी आतंकी घटना से कम तो नहीं है। बहरहाल, राष्ट्रीय राजधानी में हुई घटना के चलते भविष्य के खतरे के मद्देनजर सभी दृष्टिकोणों से मामले की जांच की जानी चाहिए। शायद इसी कारण से दिल्ली पुलिस ने यूएपीए, विस्फोटक अधिनियम व अन्य कठोर धाराओं में मामला दर्ज करके जांच का दायरा बढ़ाया गया है। लेकिन इस घटनाक्रम के बाद सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता के प्रश्न भी हमारे सामने हैं कि कैसे अपराधी इतनी भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ राजधानी में ले जाने में सफल हुए। जिसके चलते भविष्य में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति रोकने के लिये सभी जरूरी कदम उठाए जाने चाहिए। याद रहे कि अतीत में भी कई बार दिल्ली को आतंक से दहलाने की कोशिशें हुई हैं। हमें उन घटनाओं से भी सबक लेने की जरूरत है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि आतंकवाद के मामले में जरा सी चूक भी व्यापक क्षति का सबब बन सकती है। देश को अस्थिर करने की किसी भी साजिश को विफल बनाने और आम लोगों का जीवन सुरक्षित बनाने के लिये सख्त कदम उठाने की जरूरत है। इस नये टेरर मॉड्यूल के मद्देनजर भी निगरानी का दायरा बढ़ाने की जरूरत है। पता लगाने की जरूरत है कि कैसे अपराधी इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ वाया फरीदाबाद दिल्ली पहुंचाने में सक्षम बने। वैसे हाल के वर्षों में देश के भीतर आतंकी घटनाओं पर लगभग विराम लगा हुआ था, लेकिन हालिया घटना ने हमारी चिंताओं को बढ़ाया ही है। हमें आतंकवाद को बढ़ावा देने के हर प्रयास को सख्ती से कुचलने की जरूरत है। सजग और सतर्क खुफिया तंत्र इसमें निर्णायक भूमिका निभा सकता है। सरकार की कोशिश होनी चाहिए कि जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। साथ ही इस बात पर विचार करने की जरूरत है कि इस कांड में सीमा पार सक्रिय आतंकी संगठनों की भूमिका तो नहीं है। बिना बाहरी मदद के इतनी बड़ी साजिश को अंजाम देना सहज नहीं हो सकता।

# मधुमेह को दवा से ही नहीं, संतुलित जीवन से परास्त करें

**मधुमेह का प्रबंधन केवल दवा और आहार तक ही सीमित नहीं है; इसमें मानसिक स्वास्थ्य सहायता, तनाव प्रबंधन, जीवनशैली शिक्षा और सामुदायिक जुड़ाव भी शामिल है। इसका लक्ष्य रोगी को मधुमेह की चुनौतियों का सामना करते हुए एक स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने के लिए सशक्त बनाना है। समग्र देखभाल, शीघ्र हस्तक्षेप और सहायक वातावरण को बढ़ावा देकर, मधुमेह रोग के बजाय व्यक्ति के उपचार के महत्व पर ज़ोर देना मधुमेह दिवस का उद्देश्य है। यह दिवस मधुमेह से पीड़ित लोगों के शारीरिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन और जीवन की गुणवत्ता के बीच महत्वपूर्ण संबंध पर प्रकाश डालता है। इस वर्ष का अभियान डॉक्टरों, नीति निर्माताओं और समुदायों से आग्रह करता है कि वे केवल रक्त शर्करा के स्तर से आगे बढ़कर रोगी के संपूर्ण कल्याण पर ध्यान केंद्रित करें। डायबिटीज जैसी घातक एवं असाध्य बीमारी को नियंत्रित करने के लिये अफवाहों से बचना जरूरी है, इसके लिये बड़ा दिल नहीं, समझदार दिल होना चाहिए। मर्यादित आहार ही, इस बीमारी को रोकने का एक सस्ता और असरदार उपाय हो सकता है। डायबिटीज (मधुमेह) की समस्या भारत समेत पूरे विश्व में तेजी से बढ़ रही है। इसके चलते हमें कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। डायबिटीज पहले अमूमन अधेड़ उम्र के लोगों में होती थी, अब यह बच्चों एवं युवकों को भी शिकंजे में ले रही है।**

दुनिया में बढ़ती मधुमेह की भयावहता इसलिये चिन्ताजनक है कि हर तीसरा शहरी वयस्क डायबिटीज से जूझ रहा है। यह बीमारी अनेक अन्य बीमारियों को भी बढ़ाने का बड़ा कारण है। मधुमेह के बढ़ने के कारणों में मुख्यतः खानपान में अनियमितता और शारीरिक निष्क्रियता सबसे बड़ी वजह है। विश्व मधुमेह दिवस हर वर्ष 14 नवम्बर को मनाया जाता है। यह दिन प्रसिद्ध वैज्ञानिक फ्रेडरिक बैंटिंग के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है, जिन्होंने 1922 में इंसुलिन की खोज कर दुनिया को मधुमेह से राहत देने का मार्ग दिखाया। अंतरराष्ट्रीय मधुमेह संघ और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 1991 में इसकी शुरुआत की थी। इस वर्ष का थीम है मधुमेह और समग्र कल्याण। यह थीम इस तथ्य पर केंद्रित है कि मधुमेह का उपचार केवल दवाइयों से नहीं बल्कि संतुलित और स्वस्थ जीवनशैली से संभव है। मधुमेह आज एक वैश्विक स्वास्थ्य चुनौती बन चुका है। बदलती जीवनशैली, अनियमित भोजन, तनाव, मोटापा और शारीरिक निष्क्रियता इसके प्रमुख कारण हैं। यह बीमारी चुपचाप शरीर को भीतर से खोखला करती है और हृदय, गुर्दे, आंखों और नसों पर गहरा असर डालती है। मधुमेह को नियंत्रित करना केवल चिकित्सा का विषय नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की एक कला है। इसके लिए सबसे पहले जीवन में संतुलन एवं सात्विक जीवनशैली की आवश्यकता होती है यानी संतुलित आहार, संतुलित नींद, संतुलित विचार और संतुलित आचरण। जीवन का यह संतुलन ही स्वास्थ्य का मूल मंत्र है। जब हम अपने जीवन को एक अनुशासन में ढालते हैं, तो रोग अपने आप दूर भागते हैं। मधुमेह आज केवल रोग नहीं, बल्कि समग्र स्वास्थ्य चुनौती बन चुका है।

मधुमेह का प्रबंधन केवल दवा और आहार तक ही सीमित नहीं है; इसमें मानसिक स्वास्थ्य सहायता, तनाव प्रबंधन, जीवनशैली शिक्षा और सामुदायिक जुड़ाव भी शामिल है। इसका लक्ष्य रोगी को मधुमेह की चुनौतियों का सामना करते हुए एक स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने के लिए सशक्त बनाना है। समग्र देखभाल, शीघ्र हस्तक्षेप और सहायक वातावरण को बढ़ावा देकर, मधुमेह रोग के बजाय व्यक्ति के उपचार के महत्व पर ज़ोर देना मधुमेह दिवस का उद्देश्य है। यह दिवस मधुमेह से पीड़ित लोगों के शारीरिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन और जीवन की गुणवत्ता के बीच महत्वपूर्ण संबंध पर प्रकाश डालता है। इस वर्ष का अभियान डॉक्टरों, नीति निर्माताओं और समुदायों से आग्रह करता है कि वे केवल रक्त शर्करा के स्तर से आगे बढ़कर रोगी के संपूर्ण कल्याण पर ध्यान केंद्रित करें। डायबिटीज जैसी घातक एवं असाध्य बीमारी को नियंत्रित करने के लिये अफवाहों से बचना जरूरी है, इसके लिये बड़ा दिल नहीं, समझदार दिल होना चाहिए। मर्यादित आहार ही, इस बीमारी को रोकने का एक सस्ता और असरदार उपाय हो सकता है। डायबिटीज (मधुमेह) की समस्या भारत समेत पूरे विश्व में तेजी से बढ़ रही है। इसके चलते हमें कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। डायबिटीज पहले अमूमन अधेड़ उम्र के लोगों में होती थी, अब यह बच्चों एवं युवकों को भी शिकंजे में ले रही है। भारत में करीब 10 करोड़ लोगों को डायबिटीज है। वहीं विश्व में 44 करोड़ लोग इससे पीड़ित है। भारत में डायबिटीज की प्रचलित दर 11.5 प्रतिशत है, जबकि प्री डायबिटीज के मामलों की दर 15.3 प्रतिशत तक पहुँच गई है , यानी देश का हर 10 में से एक व्यक्ति इस बीमारी से प्रभावित है। एक अनुमान के अनुसार 85 करोड़ लोग दुनिया भर में डायबिटीज के मरीज 2050 तक हो जाएंगे। मधुमेह से बचने और इसे नियंत्रित करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है नियमित शारीरिक गतिविधि। सुबह-सुबह की सैर, हल्का व्यायाम, दौड़ना या साइकिल चलाना न केवल शरीर को सक्रिय रखता है बल्कि रक्त में ग्लूकोज के स्तर को भी संतुलित करता है। इसके साथ ही योग और ध्यान का अभ्यास मधुमेह के नियंत्रण में अत्यंत प्रभावी माना गया है। योग केवल शरीर को लचीला नहीं बनाता बल्कि मन को शांत करता है और तनाव को कम करता है। प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी जैसे योग अभ्यास इंसुलिन के स्राव को संतुलित करते हैं और मन को स्थिर बनाते हैं। ध्यान से मन की अस्थिरता और चंचलता कम होती है, जिससे तनाव नियंत्रित रहता है। तनाव और अवसाद मधुमेह के छिपे हुए शत्रु हैं। जब मन तनावग्रस्त होता है तो शरीर में कोर्टिसोल जैसे हार्मोन बढ़ जाते हैं, जो रक्त में शर्करा का स्तर बढ़ाते हैं। इसलिए मन को शांत और प्रसन्न रखना उतना ही आवश्यक है जितना शरीर को स्वस्थ रखना। मधुमेह के प्रबंधन में भोजन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। खानपान में शुद्धता और संयम दोनों ही जरूरी हैं। आज के समय में फास्ट फूड, प्रोसेस्ड फूड, तले-भुने और मीठे खाद्य पदार्थों की भरमार ने लोगों के स्वास्थ्य को बिगाड़ दिया है। भोजन में सादा, ताजा और पौष्टिक आहार अपनाना ही सबसे बड़ी दवा है। साबुत अनाज, दालें, हरी सब्जियां, सलाद, फल, अंकुरित अनाज और पर्याप्त मात्रा में पानी-ये सब मिलकर शरीर को ऊर्ज़ा तो देते ही हैं, मधुमेह को भी नियंत्रित रखते हैं। अधिक तला-भुना, मिठाई, नमक, और चाय-कॉफी जैसी चीजें सीमित मात्रा में लेनी चाहिए। समय पर भोजन करना और ओवरईटिंग से बचना भी आवश्यक है। खाना न केवल पेट भरने का माध्यम है बल्कि यह हमारे जीवन की गुणवत्ता को निर्धारित करता है। 'जैसा अन्न वैसा मन'-यह कहावत मधुमेह के संदर्भ में बिल्कुल सत्य है। संतुलित जीवनशैली का अर्थ केवल आहार-विहार का नियंत्रण नहीं बल्कि सकारात्मक सोच और अनुशासित दिनचर्या भी है। जो व्यक्ति अपने दिन का एक निश्चित समय योग, ध्यान और आत्मचिंतन में लगाता है, वह न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहता है। तनाव, क्रोध, ईर्ष्या, असंतोष जैसी भावनाएं मन में रासायनिक असंतुलन पैदा करती हैं जो धीरे-धीरे शरीर में रोगों का कारण बनती हैं। अति-विचार से बचना भी जरूरी है। मधुमेह से बचने के लिए इन मानसिक विषों को दूर रखना उतना ही आवश्यक है जितना दवा लेना। अपने मन को हल्का और हृदय को प्रसन्न रखने की कला सीखनी होगी। धार्मिक प्रवृत्तियाँ, सत्संग, संगीत, साहित्य, प्रकृति के निकट समय बिताना, परिवार के साथ हंसी-मजाक करना-ये सब जीवन को संतुलन और आनंद से भर देते हैं। मधुमेह के रोगियों को नियमित रूप से अपने शुगर स्तर की जांच करनी चाहिए और डॉक्टर की सलाह का पालन करना चाहिए। दवा के साथ-साथ आत्म-निगरानी और जीवनशैली में निरंतर सुधार ही स्थायी स्वास्थ्य का आधार है। छोटी-छोटी बातों में सावधानी बड़ी बीमारियों से रक्षा करती है। शरीर को सक्रिय रखना, मन को शांत रखना और भोजन को संयमित रखना-ये तीन सूत्र मधुमेह नियंत्रण के त्रिदेव हैं। इस वर्ष के विश्व मधुमेह दिवस का संदेश यही है कि केवल दवा नहीं, बल्कि जीवन की दिशा बदलनी होगी। मधुमेह को नियंत्रण में रखने का सबसे कारगर उपाय है-ङ्कसंतुलित जीवन।ङ्क जब मन, शरीर और आत्मा का समन्वय होता है तो स्वास्थ्य अपने आप खिल उठता है। इस 14 नवम्बर को हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपनी जीवनशैली को अनुशासित, सकारात्मक और स्वास्थ्य-केंद्रित बनाएंगे। नियमित योग और ध्यान करेंगे, भोजन में संयम रखेंगे, तनाव को दूर करेंगे और अपने शरीर को प्रेम से समझेंगे। क्योंकि स्वस्थ शरीर ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। मधुमेह जैसी बीमारी हमें भयभीत करने के लिए नहीं आई, बल्कि हमें सजग, अनुशासित और संतुलित जीवन जीने का संदेश देने के लिए आई है। अगर हम यह संदेश समझ जाएं तो मधुमेह भी जीवन के संतुलन की शिक्षक बन जाती है। **–ललित गर्ग**

# बिहार में योगी का चला सिक्का, अखिलेश साबित हुए खोटा सिक्का

**स्वदेश कुमार**

**योगी आदित्यनाथ ने चुनाव प्रचार के दौरान बिहार के लगभग 43 विधानसभा क्षेत्रों में 31 रैलियां और 1 रोड शो किया, जहां उन्होंने एनडीए उम्मीदवारों की मजबूती के लिए वोट मांगे। उनकी जनसभाएं दरभंगा, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, बेगूसराय, पूर्णिया जैसे महत्वपूर्ण जिलों में हुईं, जहां उनकी लोकप्रियता के चलते अधिकांश क्षेत्र एनडीए के पक्ष में रहे।**

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ की जोड़ी ने साफ तौर पर अपना दबदबा दिखाया जबकि अखिलेश यादव की कोशिशें महागठबंधन के पक्ष में खास असर नहीं दिखा सकीं। चुनाव के नतीजों में एनडीए गठबंधन ने स्पष्ट बहुमत हासिल किया, जबकि महागठबंधन अपेक्षित सफलता से बहुत पीछे रहा। यह चुनाव बिहार की राजनीति में भाजपा-जेडीयू के गठबंधन की मजबूती और विपक्ष की कमजोरी का परिचायक रहा।चुनाव परिणामों के अनुसार, एनडीए को लगभग 124 से 146 सीटों पर बढ़त मिली है, जबकि महागठबंधन के पक्ष में मात्र 73 से 77 सीटें ही रहीं। यह स्पष्ट हुई कि बिहार में भाजपा और जेडीयू के बीच गठबंधन ने अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। एनडीए की रणनीति रही कि विकास, कानून-व्यवस्था और हिंदुत्व जैसे मुद्दों को सामने रखा जाए, जिसने आम मतदाताओं में गहरा प्रभाव डाला। इसके विपरीत, महागठबंधन, जिसमें राजद, कांग्रेस और लेफ्ट शामिल थे, ने अपेक्षित सीटें नहीं जीत पाई और उनकी लोकप्रियता सीमित रही। योगी आदित्यनाथ ने चुनाव प्रचार के दौरान बिहार के लगभग 43 विधानसभा क्षेत्रों में 31 रैलियां और 1 रोड शो किया, जहां उन्होंने एनडीए उम्मीदवारों की मजबूती के लिए वोट मांगे। उनकी जनसभाएं दरभंगा, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, बेगूसराय, पूर्णिया जैसे महत्वपूर्ण जिलों में हुईं, जहां उनकी लोकप्रियता के चलते अधिकांश क्षेत्र एनडीए के पक्ष में रहे। योगी के प्रचार क्षेत्रों में भाजपा और जेडीयू उम्मीदवारों ने दमदार जीत हासिल की, जो उनके प्रभाव और कड़ी मेहनत का परिणाम था।वहीं, अखिलेश यादव ने महागठबंधन के लिए छह बड़ी जनसभाएं की और पूर्वी बिहार के जिलों जैसे पूर्णिया, कटिहार, बक्सर, सिवान, कैमूर और पटना में प्रचार किया। हालांकि उनकी ये कोशिशें महागठबंधन के पक्ष में फायदा नहीं पहुंचा सकीं। प्रचार के बावजूद महागठबंधन उम्मीदवारों को उनमें से अधिकांश सीटों पर या तो हार का सामना करना पड़ा या उनके मत करीब रहा, लेकिन जीत नहीं मिली। एनडीए की सफलता का एक कारण यह भी था कि उन्होंने जाति, सामाजिक समीकरणों और स्थानीय मुद्दों पर बेहतर समन्वय किया। मोदी-योगी की जोड़ी ने प्रदेश में विकास कार्यों, कानून व्यवस्था सुधारों, और सामाजिक न्याय के संदेश के साथ एक मजबूत चुनाव अभियान चलाया। इसने मतदाताओं के बीच एक नकारात्मक मत भी लगाया जो महागठबंधन के खिलाफ गया। इसके अलावा, स्थानीय नेताओं और पार्टी कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर भी कड़ी मेहनत की, जिससे वोट बैंक सक्रिय हुआ।चुनाव में प्रमुख सीटों पर हुए नतीजों में दरभंगा, भागलपुर, पटना, बोचाहा, पूर्णिया जैसी सीटों पर योगी के प्रचार क्षेत्र में भाजपा और जेडीयू के पक्ष में जीत मिली जबकि अखिलेश के प्रचार क्षेत्रों जैसे बक्सर, सिवान, कटिहार में भी एनडीए ने बेहतर प्रदर्शन किया। परिणामस्वरूप एनडीए गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिला जो सरकार बनाने के लिए पर्याप्त है। इस तरह बिहार चुनाव 2025 में मोदी-योगी की जोड़ी ने अपने प्रचार-प्रसार के दम पर चुनावी मंथन में एनडीए गठबंधन को विजय दिलाई, जबकि अखिलेश यादव और उनका महागठबंधन कमजोर पड़ा। यह चुनाव बिहार की राजनीति में एनडीए के प्रभाव और विपक्ष की चुनौतियों का संकेत है। आने वाले समय में बिहार और उत्तर प्रदेश की राजनीति में भी इस चुनाव के परिणामों का गहरा प्रभाव देखने को मिलेगा।

## सेहत मंत्र

# रोजाना लौंग का पानी पीने से हेल्थ को मिलते हैं ढेरों

आजकल भागदौड़ भरी जिंदगी में खराब खानपान, तनाव, दूषित पर्यावरण और फिजिकल एक्टिविटी में कमी होने से कई स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में लोग सेहतमंद बने रहने के लिए कई तरीके अपनाते हैं। तो वहीं कुछ लोग सेहतमंद बने रहने के लिए हजारों साल पुरानी आयुर्वेदिक पद्धतियों को अपना रहे हैं। यह आयुर्वेदिक चिकित्सा न सिर्फ बीमारी को ठीक करती है, बल्कि हमारे शरीर को भी स्वस्थ बनाती है। खासकर यह आयुर्वेदिक नुस्खे पाचन सुधारने, इम्यूनिटी बढ़ाने और स्किन व बालों की देखभाल के लिए काफी कारगर साबित होते हैं। आयुर्वेद में लौंग का बेहद महत्वपूर्ण स्थान होता है। साथ ही यह औषधीय गुणों से भरपूर मसाला है, जो हमारे शरीर में कफ और पित्त को संतुलित करने में भी मदद करता है। बता दें कि आयुर्वेद में कफ और पित्त के असंतुलन से तमाम तरह की बीमारियां होती हैं। जैसे एसिडिटी, पेट में जलन और स्किन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। लौंग का पानी पीने से इन दोषों को कंट्रोल करने में मदद मिलती है। लौंग का पानी पाचन में सुधार करता है और पेट में ठंडक बनाए रखता है। खासतौर पर जब आप इसका गर्मियों में सेवन करते हैं, तो आपको पेट संबंधी समस्याओं से राहत मिलती है। कई लोगों को प्यास और पेट में जलन की शिकायत रहती है। ऐसे में लौंग के पानी ठंडक देने वाले गुण मौजूद होते हैं, जो प्यास और जलन को शांत करता है। इसका रोजाना सेवन करने से बॉडी में हाइड्रेशन बना रहता है। इससे मुंह में ताजगी का एहसास होता है। लौंग के पानी का सेवन करने से पाचन तंत्र मजबूत होता है। गैस, अपच और ब्लोटिंग जैसी समस्याओं में राहत देता है। इस पानी का रोजाना सेवन करने से पाचन प्रक्रिया सुचारू रूप से काम करती है और एसिडिटी की समस्या से आराम मिलता है। लौंग का पानी पीने से शरीर में एंजाइम की मात्रा बढ़ती है और यह पाचन को तेज करता है। जिससे खाना आसानी से पच जाता है। लौंग का पानी पीने से मेटाबॉलिज्म को तेज करता है। इससे वेट लॉस में भी मदद मिलती है। लौंग पानी का सेवन करने से भूख कम लगती है और आप ओवरईटिंग पर भी काबू पा सकते हैं। लौंग में मौजूद पोषक तत्व फैस को तेजी से बर्न करता है। ऐसे में यदि आप वेट लॉस की कोशिश कर रहे हैं, तो आप अपनी डाइट में लौंग का पानी शामिल कर सकते हैं।

## धर्म मंत्र

# हमें भी अपने जीवन में माँ पार्वती के आदर्शों को धारण करना चाहिए

श्री पार्वती जी साक्षात भवानी हैं। वे जगत जननी हैं। लेकिन तब भी वे अपने जीवन चरित्र के माध्यम से यह शिक्षा देना चाहती हैं, कि जीवन में आप अगर महाशक्तिशाली भी हैं, सब प्रकार से संपन्न हैं, तो भी तप का महत्व आप कम नहीं आँक सकते हैं। वर्तमान संसार में आप देखिए, जीव को तनिक सी भी मायावी सफलता प्राप्त हो जाये, वह इतना आलसी हो जाता है, कि प्रत्येक कार्य मशीनों पर ही टाल कर चलता है। तप की तो इसे जैसे आवश्यक्ता ही नहीं है। जिसका परिणाम यह है, कि व्यक्ति अनेकों भयंकर रोगों से ग्रसित हो चुका है। मन पर कोई अंकुश ही नहीं है। विषय विकारों में ऐसा गलतान हो चुका है, कि मन भयंकर राक्षस हो चुका है। किसी में सहने की शक्ति नहीं बची है। जिस कारण परिवारों में विछेद हो रहे हैं। दया धर्म तो मानों बहुत दूर की कौड़ी हो रखी है। जबकि गोस्वामी जी इतना स्पष्ट कह रहे हैं, कि तप की आवश्यक्ता तो त्रिदेवों को भी है। क्योंकि सृष्टि की उत्पत्ति, पालन और संहार तभी हो पाता है, जब त्रिदेव तप का आसरा लेते हैं- 'तपबल रचइ प्रपंचु बिधाता। तपबल बिष्नु सकल जग त्रता।। तपबल संभु करहिं संघारा। तपबल सेषु धरइ महिभारा।।' इसी तप की महिमा को महिमा मंडित करने के लिए, माँ पार्वती जी तप के निकल पड़ी। वे सबसे पहले, कुछ काल तक तो केवल जल और वायु का ही सेवन करती हैं। फिर अनेकों प्रकार के कठोर उपवास करती हैं। उसके पश्चात, जो बेल पत्र सूख कर धरती पर गिर जाते थे, माँ पार्वती ने उन्हीं बेल पत्रें को ही खाती हैं।

## पर्यटन




# धार्मिक स्थलों और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है विजयवाड़ा

विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश का एक प्रमुख शहर है, जो अपनी ऐतिहासिकता, धार्मिक स्थलों और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है। यह शहर कृष्णा नदी के किनारे बसा हुआ है और यहाँ की सांस्कृतिक विरासत इसे एक अद्वितीय पर्यटन स्थल बनाती है। कनक दुर्गा मंदिर विजयवाड़ा का सबसे प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है। यह मंदिर पहाड़ी पर स्थित है और देवी दुर्गा को समर्पित है। मंदिर की भव्यता और यहाँ की पूजा विधि भक्तों को आकर्षित करती है। यहाँ से पूरे शहर का दृश्य भी अद्भुत होता है। विजयवाड़ा के निकट कृष्णा नदी में स्थित बुद्दा की 17 फीट ऊँची मूर्ति एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। यह मूर्ति शांति और शांति का प्रतीक है। यहाँ आकर पर्यटक ध्यान और सुकून का अनुभव करते हैं। यह पार्क परिवार और बच्चों के लिए एक बेहतरीन स्थल है। यहाँ सुंदर बाग-बगिचे, खेल के मैदान और जलाशय हैं। पार्क में घूमना और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेना एक सुखद अनुभव होता है। यह संग्रहालय विजयवाड़ा के इतिहास और संस्कृति को दर्शाता है। यहाँ विभिन्न प्रकार की कलाकृतियाँ, चित्र और प्रदर्शनी हैं, जो विजाग और आसपास के क्षेत्र के बारे में जानकारी देती हैं। बनरू किला विजयवाड़ा के निकट स्थित एक ऐतिहासिक किला है। यह किला अपने ऐतिहासिक महत्व और अद्भुत वास्तुकला के लिए जाना जाता है। किले की दीवारें और संरचना पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। कृष्णा नदी विजयवाड़ा के लिए जीवनदायिनी है। नदी के किनारे चलना, बोटिंग करना और यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेना पर्यटकों के लिए एक अद्भुत अनुभव होता है। यह विहार एक प्रमुख बौद्ध स्थल है, जो बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए महत्वपूर्ण है। यहाँ की शांति और शांति का अनुभव बौद्ध दर्शनों के अनुयायियों को विशेष रूप से आकर्षित करता है। विजयवाड़ा की यात्रा के लिए अच्छी सड़क और रेल सेवाएँ उपलब्ध हैं। यहाँ का निकटतम एयरपोर्ट विजयवाड़ा में ही है। पूरे साल में किसी भी समय यात्रा करना संभव है, लेकिन मानसून और शीतकाल में यहाँ का मौसम बेहद सुखद रहता है।

# डीएम ने किया हैदरगढ़ चीनी मिल में पेराई सत्र का भव्य शुभारम्भ

## वैदिक मंत्रोच्चारण और प्रथम गन्ना ट्रॉली पूजन के साथ शुरू हुआ नया सत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी । बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड, इकाईऽहैदरगढ़ में पेराई सत्र 2025ऽ26 का शुभारम्भ धार्मिक अनुष्ठानों और परंपरागत उत्साह के साथ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में हैदरगढ़ के भाजपा विधायक दिनेश रावत, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, जिला गन्ना अधिकारी डॉ. दुष्यंत कुमार तथा यूनिट हेड बी.के. यादव सहित अनेक सम्मानित अतिथि उपस्थित रहे। वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य पं. अखिलेश वेदान्ती (अयोध्याधाम) द्वारा डोंगा पूजन की विधि-विधानपूर्वक सम्पन्नता ने माहौल को पूर्णतः आध्यात्मिक बना दिया। कार्यक्रम के दौरान विधायक और जिलाधिकारी ने पहली गन्ना ट्रॉली का पूजन कर गन्ना लेकर आए किसान का सम्मान साल भेंट कर किया। उन्होंने किसानों से अधिक क्षेत्र में गन्ना बुवाई करने और मिल द्वारा संचालित विभिन्न अनुदान योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। साथ ही आश्वासन दिया कि गन्ना मूल्य का भुगतान समय से किया जाएगा और किसी भी समस्या पर जिला प्रशासन किसानों के साथ खड़ा रहेगा। यूनिट हेड बी.के. यादव ने किसानों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें अपना सम्पूर्ण गन्ना मिल में ही आपूर्ति करने का आग्रह किया। उन्होंने केन कैरियर पर लगाई गई कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी का अवलोकन कराया और बताया कि मिल में देश स्तरीय अत्याधुनिक टिश्यू कल्चर लैब स्थापित की गई है, जहाँ कीट-रोग मुक्त उन्नतशील बीज गन्ना विकसित किया जा रहा है। इससे किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज स्थानीय स्तर पर ही सहज उपलब्ध हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि गन्ना प्रोत्साहन योजनाओं एवं कृषि विशेषज्ञों की टीम किसानों को वैज्ञानिक विधियों से गन्ना उत्पादन हेतु निरंतर प्रेरित कर रही है, जिसका परिणाम आने वाले वर्षों में गन्ना उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि के रूप में सामने आएगा। इससे किसान आम फसलों की अपेक्षा अधिक लाभ अर्जित कर अपनी आय बढ़ा सकेंगे। वर्तमान पेराई सत्र के लिए 55 लाख कुन्तल गन्ने की पेराई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे किसानों के सहयोग से आसानी से पूरा कर लिया जाएगा। कार्यक्रम में सह-गन्ना विकास समिति हैदरगढ़ के अध्यक्ष राजकुमार सिंह चौहान, दरियाबाद समिति के अध्यक्ष कमलाकांत द्विवेदी, बाराबंकी समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र वर्मा, बुढ़वल समिति के अध्यक्ष ज्ञान कुमार सिंह, कमलापुर समिति के अध्यक्ष रवि सिंह, हैदरगढ़ नगर पंचायत चेयरमैन आलोक तिवारी, पूर्व चेयरमैन अखिलेश सिंह, विक्रमजोत चेयरमैन सिद्धांत सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता शरद अवस्थी (ग्राम्यांचल परिवार), सुनील जायसवाल, राजकुमार सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख त्रिवेदीगंज सुनील सिंह, बलरामपुर चीनी मिल समूह के पूर्णकालिक निदेशक प्रवीण गुप्ता, टिश्यू कल्चर लैब के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. प्रताप सिंह, अपर महाप्रबंधक (वित्त) गिरिजेश श्रीवास्तव, उपमहाप्रबंधक (गन्ना) धर्मेश मेहरोत्रा, मुख्य प्रबंधक (मा.सं. एवं प्र.शा.) उपदेश शर्मा, मुख्य प्रबंधक (गन्ना) अनिल सिंह, एस.एन. पांडेय, प्रबंधक (गन्ना) जगदीश यादव, वरिष्ठ प्रबंधक (मा.सं.) ॠषि दूबे तथा क्षेत्र के सैकड़ों प्रगतिशील किसान एवं मिल कर्मचारीगण उपस्थित रहे।यह आयोजन न केवल नए पेराई सत्र की शुरुवात का प्रतीक रहा, बल्कि किसानों और मिल प्रशासन के बीच पारस्परिक विश्वास और सहयोग के नए अध्याय की भी आधारशिला बना।

# बाल दिवस के रूप में भव्यता से मनाया गया पंडित नेहरू का जन्म दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। जिले भर में आज भारत के प्रधान प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिवस बाल दिवस के रूपमें धूमधाम से मनाया गया। शैक्षणिक संस्थानों में बाल दिवस के अवसर पर विविध आयोजन हुए। नगर के ओवरी स्थित सांसद आवास पर पं. जवाहरलाल नेहरू की जयन्ती बड़े धूम धाम से मनाई गयी। बच्चों व विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुये पूर्व सांसद पी.एल पुनिया ने कहा कि, स्वतन्त्र भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का जन्म दिवस 14 नवम्बर को बालदिवस के रूप में भी मनाया जाता है। नेहरू जी आधुनिक भारत में उनके योगदान में भारत को एक नई पहचान मिली। इस अवसर पर सांसद तनुज पुनिया ने भी अपने विचार रखें। इस अवसर पर प्रवक्ता के.सी श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, राम हरख रावत, अजीत वर्मा, पिंकी पाठक, पंकज यादव, मो. जीशान, अजय रावत, मो. इरफान कुरैशी, गोपी कनौजिया, आकाश निगम, कुन्दन निगम, रमेश कश्यप, अकील इदरीसी, आदि उपस्थित रहे। ''बंदीपुरवा'' .बी.एस इंस्टीट्यूट एवं जे.बी.एस पब्लिक स्कूल में आज पंडित जवाहर लाल नेहरू जी के जन्म दिवस के अवसर पर परिसर में बाल दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबन्धक श्रीमती पूनम सिंह जी ने की। प्रबंधक श्रीमती सिंह के साथ डिग्री प्राचार्या अन्नपूर्णा मैम,सी.बी.एस. सी. की प्राचार्या रेनू मैम तथा ग्राम पंचायत तींधवानी के प्रधान प्रतिनिधि नंदलाल जी एवं डालूखेड़ा ग्राम पंचायत के प्रधान मन्नालाल व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि ल्बच्चे देश का भविष्य ही नहीं, वर्तमान की धड़कन हैं। उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नैतिक मूल्य और सुरक्षित वातावरण प्रदान करना हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि बच्चे जब सपने देखते हैं, तो समाज उन सपनों के साथ आगे बढ़ता है। इसलिए संस्थान का प्रयास है कि हर छात्र को उसकी प्रतिभा के अनुरूप अवसर और मंच मिले। ''रामनगर'' तहसील क्षेत्र के सभी विद्यालयों में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की जयंती बाल दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।इस अवसर पर स्कूलों में बाल मेले का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार की दुकानें सजाईं।मेले में बच्चों ने खरीदारी कर खूब आनंद लिया।कार्यक्रम में छात्रों के साथ अभिभावकों तथा क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने सहभागिता की।इसी दौरान शिक्षकों द्वारा पंडित नेहरू का स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में विशिष्ट सहभाग व देश के लिए जनहित में अपनी अकूत संपत्ति के सहर्ष दान की प्रेरक बातें कहीं गईं।शिक्षकों ने अतिथियों का स्वागत कर उनके प्रति आभार व्यक्त किया।अतिथियों ने भी बाल मेले के सुंदर आयोजन के लिए शिक्षकों की प्रशंसा की।

# कंपोजिट विद्यालय टांडा में बाल मेले का आयोजन, बच्चों ने लगाए स्टाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामसनेहीघाट बाराबंकी। क्षेत्र के शिक्षा क्षेत्र बनीकोडर स्थित कंपोजिट विद्यालय टांडा में बाल दिवस के अवसर पर बाल मेले का आयोजन किया गया। यह आयोजन भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस पर किया गया।इस बाल मेले की रूपरेखा बच्चों ने स्वयं तैयार की थी। विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार की रंग-बिरंगी दुकानें सजाईं। इनमें पकौड़ी और चाट जैसे व्यंजनों के स्टॉल प्रमुख थे। शिक्षकों और अभिभावकों ने इन स्टॉलों से खरीदारी कर बच्चों का उत्साह बढ़ाया।मेले के दौरान कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों और बच्चों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू को याद किया।इस कार्यक्रम में स्कूल समिति के अध्यक्ष रामकिशोर तिवारी, ग्राम प्रधान टांडा लाल चंद्र, अध्यापक महेंद्र कुमार पांडेय, रमेश गुप्ता, शिवदीप, सुधीर वर्मा, शिक्षा मित्र विमलेश, सफाई कर्मी हरिकेश कुमार और रसोइया विनोद कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# चिल्ड्रन डे पर बाल मेला के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने मोहा मन

## सेंट जोसेफ स्कूल में आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़ बाराबंकी । भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर नगर के विभिन्न विद्यालयों में चिल्ड्रन डे उत्साहपूर्वक मनाया गया। इसी क्रम में कस्बे के सुभाष वार्ड स्थित सेंट जोसेफ स्कूल में बाल मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पूरे वातावरण को उत्सवी रंग से भर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई। छोटे-छोटे विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत, समूहगान सहित कई प्रस्तुति देकर उपस्थित अभिभावकों, शिक्षकों और अतिथियों का दिल जीत लिया। मंच पर बच्चों का आत्मविश्वास और रचनात्मकता सभी के लिए प्रेरणादायक रही।सेंट जोसेफ स्कूल का बाल मेला इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता रहा। बच्चों ने स्वयं अपनी दुकानें सजाईं और वस्तुओं की बिक्री कर व्यापार से जुड़ी बुनियादी अवधारणाओं को व्यवहारिक रूप से सीखा। कहीं बच्चों ने हस्तशिल्प वस्तुएँ पेश कीं तो कहीं खानपान की आकर्षक स्टॉलें नजर आईं। हर छात्र अपनी दुकान पर ग्राहक सेवा, विनम्र संवाद, लेन-देन और प्रबंधन कौशल का प्रदर्शन करता दिखा।शिक्षकों ने बताया कि बाल मेला का उद्देश्य बच्चों में आत्मनिर्भरता, सहयोग, आर्थिक समझ और व्यवहारिक ज्ञान का विकास करना है। कार्यक्रम ने न केवल बच्चों को सीखने का अवसर दिया, बल्कि उनके अंदर नेतृत्व क्षमता और टीम वर्क की भावना को भी सुदृढ़ किया । कार्यक्रम में प्रधानाचार्य विनोद कुमार पांडेय, संरक्षक कमल कुमार मिश्रा, तथा शिक्षक सुनीता, अनुराग, सूर्या, शुभम, दीपक सिंह, मंजीत मिश्रा, सूर्य भान शुक्ला, अंशिका, बिलशन, बीनू, श्रृष्टि वैश्य, अनामिका, मधुलिका, वंदना, शिवानी, अंजू, पूर्णिमा, अदीबा, आरती, शालिनी, रंजना, तृप्ति, विजेता सहित अन्य शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ मौजूद रहे।स्कूल परिसर पूरे दिन बच्चों की ऊर्जा, हँसी-खुशी और रचनात्मक गतिविधियों से गूंजता रहा। आयोजनों ने यह संदेश दिया कि बाल दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि बच्चों के बहुमुखी विकास का महत्वपूर्ण अवसर भी है।

# कथा के पंचम दिवस पर गोवर्धन पूजा और बाल लीलाओं का दिव्य वर्णन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी । मोहल्ला धमेडी निवासी त्रिवेणी दत्त मिश्रा के निवास पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस का आयोजन भक्तिभाव के साथ सम्पन्न हुआ। आचार्य अखिलेश जी महाराज ने कथा प्रवचन में गोवर्धन पूजा, पूतना मोक्ष तथा भगवान श्रीकृष्ण की हृदय मोह लेने वाली बाल लीलाओं का विस्तृत वर्णन किया।महाराज जी ने बताया कि इंद्र के अभिमान को दूर करने हेतु श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा अंगुली पर धारण कर ब्रजवासियों की रक्षा की। इस प्रसंग ने उपस्थित भक्तों को भगवान की करुणा और संरक्षण का संदेश दिया।कथा के दौरान पूतना मोक्ष कथा सुनाते हुए आचार्य जी ने कहा कि पूतना जैसी पापात्मा भी भगवान की शरण में आने पर तार दी जाती है—यह भगवान के शरणागत वत्सल स्वरूप का प्रमाण है।अंत में माखन चोरी, ग्वालबाल संग नटखट लीलाएं, यशोदा मैया की ममता सहित बाल कृष्ण के मोहक स्वरूप का वर्णन हुआ, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और कथा स्थल हरिनाम के जयकारों से गूंज उठा।बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही।

# बैंकर्स समिति की बैठक में समस्याओं पर गहन विमर्श

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। ब्लाक सभागार में शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित ब्लाक स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में ग्राहकों को बैंक संबंधी लेनदेन में समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई ।बैठक में खंड विकास अधिकारी और अग्रणी एलडीएम सौरभ मौर्या ने बैंक शाखा प्रबंधकों व प्रतिनिधियों से संवाद किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के खाते प्राथमिकता के आधार पर खोलने के निर्देश दिए।इसी क्रम में खंड विकास अधिकारी संजीव गुप्ता की अध्यक्षता में स्वयं सहायता समूहों, बैंक सखी, ग्राम विकास अधिकारी और ग्राम पंचायत अधिकारियों के साथ भी एक बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में 578 स्वयं सहायता समूहों के लक्ष्य को पूरा करने पर चर्चा हुई।एलडीएम सौरभ मौर्या ने स्वयं सहायता समूहों की ग्रेडिंग और अन्य संबंधित बिंदुओं पर भी चर्चा की। सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी) जयराम बाल्मीकि के संयोजन में हुई बैठक में स्वयं सहायता समूहों के 578 समूहों के लक्ष्य को पूरा करने पर जोर दिया गया।इन बैठकों में एलडीएम सौरभ मौर्या, सहायक विकास अधिकारी जयराम बाल्मीकि, एडीओ पंचायत मनोज मिश्रा,इमरान बीपीएम, अंजलि यादव, मनीष शुक्ला, वीरेंद्र तिवारी, सतीश वर्मा, रवि रावत, तेजभान वर्मा, कुलदीप वर्मा और सुरेश चंद्र यादव सहित कई अन्य अधिकारी व प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## आबकारी विभाग का सघन अभियान

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। आबकारी निरीक्षक शिवानी सिंह के नेतृत्व में एक टीम ने रामनगर थाना क्षेत्र के लालापुरवा और भवानीगंज गांवों में 10 स्थानों पर दविश दी।छापे में लगभग 35 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। मौके पर 60 किलोग्राम लहन भी नष्ट किया गया। आबकारी अधिनियम के तहत दो अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई की गई है।दबिश के दौरान, टीम ने ग्रामीणों को अवैध शराब के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक भी किया। अभियान के दौरान भवानीगंज, भरधीपुर, रामपुर और सहादतगंज की देशी शराब दुकानों का भी निरीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त, सहादतगंज स्थित कंपोजिट दुकान की भी जांच की गई।

## बीईओ के निरीक्षण में पटरी पर मिली शिक्षा व्यवस्था

हैदरगढ़, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुचारू बनाए रखने, तथा बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ अनुकूल माहौल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नवागत खंड शिक्षाधिकारी आराधना अवस्थी ने विकास खंड के विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मिड-डे मील (एमडीएम) सहित बच्चों को प्रदान की जाने वाली सभी मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से परीक्षण किया। सभी व्यवस्थाएँ संतोषजनक पाई गईं। इस दौरान खंड शिक्षाधिकारी ने विद्यालय प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाने पर बल दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, खंड शिक्षाधिकारी आराधना अवस्थी ने प्राथमिक विद्यालय लालपुर, जासेपुर, कनवा सहित कई विद्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षाओं में जाकर बच्चों से संवाद किया तथा एमडीएम की गुणवत्ता का जायजा लिया।

## डीजे प्रतिभा ने बच्चों में डाटा पाठ्य शिक्षा सामग्री, किया जागरूक

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। उ.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के मंशानुरूप जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आज शुक्रवार को बाल दिवस के अवसर पर राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोरी में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। बाल शिविर में श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण , सूरज सिंह जिला प्रोबेशन अधिकारी के अतिरिक्त संप्रेक्षण गृह किशोरी के प्रभारी, कर्मचारीगण, पुलिस एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण शामिल हुये। बाल दिवस के अवसर पर जनपद न्यायाधीश द्वारा वहां पर पेन, पेन्सिल, टाफी इत्यादि का वितरण किया और छात्राओं को शिक्षा के प्रति सचेत रहने के लिए प्रेरित किया। जनपद न्यायाधीश के द्वारा संवासिनियों को बताया गया कि शिक्षा वह ज्योति है जो उनके जीवन को तो उजाले से भरेगा ही उनके साथ साथ कई लोगों के जीवन को रोशन करेगा। शिक्षा सभी का बुनियादी हक है और शिक्षा के लिए प्रेरित करना हम सब का दायित्व। जिला जज ने बाल शिविर में संवासिनियों को अपने सर्वागींण विकास के लिए कौशल प्रशिक्षण, व्यायाम, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग आदि करना चाहिये। संवासिनियों को यहां बेहतर भोजन, आवास, प्रशिक्षण आदि देकर उन्हें आत्मनिर्भर एवं समाज के प्रति अपने दायित्वों का बोध कराना हम सबका नैतिक दायित्व है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह द्वारा बताया गया कि वर्तमान समय में मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कई कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है जिसके तहत राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोरी में बाल कार्निवॉल का आयोजन किया गया था। इस आयोजन की सूचना उच्च न्यायालय तक प्रेषित की गई है। संवासिनियों के बेहतर जीवन यापन के लिए एवं उन्हें आत्म निर्भर बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उनके अन्य स्टेक होल्डर्स सतत प्रयत्नशील है। संवासिनियों को विधिक रूप से मजबूत बनाने के लिए भी निरन्तर जागरूकता शिविरों का अयोजन किया जा रहा है। संवासिनियों के द्वारा बाल कार्निवाल में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसे नृत्य, गायन आदि का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम का संचालन राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोरी के कर्मचारी द्वारा किया गया।

## महादेवा महोत्सव तैयारी जोरों पर

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। श्रीलोधेश्वर महादेवा धाम में महादेवा महोत्सव 2025 की तैयारियाँ तेजी से जारी हैं।आगामी 17 नवंबर से शुरू होने वाले सात दिवसीय महोत्सव की निगरानी डीएम शशांक त्रिपाठी एडीएम निरंकार सिंह एवं उपजिलाधिकारी गुंजिता अग्रवाल द्वारा की जा रही हैं।एसडीएम ने तहसीलदार विपुल सिंह के साथ रावण बाग में बन रहे पंडाल का निरीक्षण कर कार्य को तेज करने के निर्देश दिए।दो दर्जन से अधिक कारीगर दिन रात पंडाल निर्माण में जुटे हैं महोत्सव के भव्य आयोजन की तैयारी पूरी गति पर है।

## धरे गए तीन तस्कर, मार्फीन व स्कूटी बरामद

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा तीन मादक पदार्थ तस्करों यासिर पुत्र अलीम निवासी नवीगंज, अनस पुत्र मोहम्मद मुख्तार निवासी टिकैतनगर हाल पता कोतवाली नवीगंज, शहबाज उर्फ अन्ना पुत्र मोहम्मद तौकीर निवासी मोहल्ला रइईस कटरा थाना जैदपुर को बरायन चौराहे से कुल 189 ग्राम अवैध मारफीन व स्कूटी यू .पी 32 एन वी 9965 संघ गिरफ्तार कर जेल भेजा।

# बिहार में बहुमत पर भाजपाइयों में हर्षोल्लास, बांटी मिठाई



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिला न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं ने बिहार विधानसभा चुनाव में राजग को प्रचंड बहुमत मिलने पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला मीडिया प्रभारी राम लखन शुक्ला कथा लोक जनशक्ति पार्टी के जिला अध्यक्ष अंकुल कुमार प्रजापति ने मिष्ठान वितरण किया तथा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की शुभकामनाएं दी अधिवक्ता बंधुओ ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी को उनकी रणनीति की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शासकीय अधिवक्ता सुनील कुमार मौर्य वरुण मिश्रा पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता देवी शरण गुप्ता रामावतार प्रजापति वेद प्रकाश गुप्ता मुकेश दीक्षित सत्यम पांडे शिव यादव उसे लड़की का नाम है श्रद्धा शर्मा शिवेंद्र अवस्थी ज्ञानेश शुक्ला शहीद दर्जनों अधिवक्ता उपस्थित थे और एक दूसरे को बधाई दी

''निंदूरा''

एनडीए की प्रचंड विजय पर ब्लॉक निंदूरा के ग्राम पंचायत कुर्सी में जश्न मनाया गया। जिला उपाध्यक्ष, किसान मोर्चा भाजपा श्रीश रावत के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की शुभकामनाएँ दीं।

इस अवसर पर श्रीश रावत उमेश यादव, मुकेश सिंह, सुनील रावत, संदीप, अमरेश, अमित मौर्या, धीरू पाल, मदन लोधी, दिनेश राजपूत, शिवम रावत सहित अनेक पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अवैध खनन ट्राली जेसीबी सीज

कैनविज टाइम्स संवाददातो



बाराबंकी।तहसील क्षेत्र के ग्राम सड़वा भेलू में पिछले कई दिनों से जारी अवैध मिट्टी खनन की सूचना पर,एसडीएम अनुराग सिंह के निर्देश पर नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी ने छापा मारा और खनन में प्रयुक्त एक जेसीबी मशीन व एक ट्रैक्टर ट्राली को सीज कर दी।नायब तहसीलदार ने बताया कि खनन में प्रयुक्त वाहनों को सीज कर दिया गया है,मौके से सभी लोग फरार हो गए जिनके बारे में पता लगाया जा रहा है।

## ग्राम पंचायत लालपुर टीकर में सीडीओ की ग्राम चौपाल

गोरखपुर। ग्राम पंचायत लालपुर टीकर में शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) शाश्वत त्रिपुरारी की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्याएँ रखीं। सीडीओ ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही कार्यवाही के निर्देश दिए। चौपाल में पेंशन, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, जल जीवन मिशन, पानी की टंकी निर्माण, व्यक्तिगत शौचालय, और राशन कार्ड जैसी समस्याएँ प्रमुख रहीं। पेंशन न मिलने पर तुरंत बनाओ सूची: सीडीओ* ग्राम के श्रीराम, रामवृक्ष, भग्गन सहित अन्य ग्रामीणों ने शिकायत की कि अभी तक उन्हें वृद्धावस्था/विधवा/दिव्यांग पेंशन नहीं मिल रही है। इस पर सीडीओ ने समाज कल्याण विभाग के कर्मचारियों को मौके पर ही व्यक्तिगत रूप से पात्रता सूची तैयार करने और लंबित मामलों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। व्यक्तिगत शौचालय की माँग सीमा व श्रीमती माला द्वारा व्यक्तिगत शौचालय न मिलने की शिकायत पर सीडीओ ने पंचायत सचिव को तुरंत प्रक्रिया पूर्ण कर लाभ दिलाने को कहा।

श्रीमती धानी, छोटेलाल सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि अभी तक उनका राशन कार्ड जारी नहीं हुआ है।

# बुमराह का पंजा, दक्षिण अफ्रीका 159 पर सिमटा

एजेंसी

कोलकाता। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट कोलकाता के ईडन गार्डन में खेला जा रहा है। दक्षिण अफ्रीकी कप्तान टेम्बा बावुमा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया है जो उलटा पड़ गया। भारत ने शानदार गेंदबाजी करते हुए जसप्रीत बुमराह के 5 विकेट की बदौलत दक्षिण अफ्रीका को पहली पारी में 159 रन पर ढेर कर दिया है। भारत ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक एक विकेट के नुकसान पर 37 रन बनाए। टीम इंडिया अभी 122 रन पीछे हैं। अपने पहले छह ओवरों में 34 रन लुटाने वाले सिराज ने अथक परिश्रम किया और आखिरकार अपने 10वें ओवर में शानदार दोहरी सफलता के साथ दक्षिण अफ्रीका के निचले मध्यक्रम को तहस-नहस कर दिया। उन्होंने चार गेंदों के अंतराल में काइल वेरेने और मार्को यानसन को आउट किया। वेरेने (16) को 34वें ओवर में दो बार

## भारत ने एक विकेट पर 37 रन बनाये

जीवनदान मिला लेकिन सिराज की गेंद पर मिड-ऑफ की ओर रक्षात्मक शॉट खेलने की कोशिश में गेंद उनके पैड और फिर बल्ले से टकराकर गिर गई। दक्षिण अफ्रीका ने पारी में तीसरी बार रिव्यू लिया और अपना आखिरी रेफरल गंवा दिया। यानसन (शून्य) का स्वागत सिराज ने शॉट गेंद से किया और फिर शानदार लेंथ के साथ गेंद फेंकी जो थोड़ी रिवर्स स्विंग होकर ऑफ स्टंप के पास से टकरा गई। चाय के विश्राम से एक गेंद पहले अक्षर पटेल ने कॉर्बिन बॉश (तीन) को पगबाधा कर मैच पर भारत का दबदबा मजबूत कर दिया। दिन के दूसरे सत्र का आगाज कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह ने वहीं से किया जहां उन्होंने पहले सत्र को खत्म किया था। बायें हाथ के इस कलाई के स्पिनर ने अपनी फिरकी से दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों




को अपनी फिरकी से परेशान करना जारी रखा। सलामी बल्लेबाजों और कप्तान तेम्बा बावुमा के पवेलियन लौटने के बाद वियान मुल्डर और टोनी डि जार्जी ने संभल कर बल्लेबाजी की। मुल्डर ने 50 से ज्यादा गेंदों तक खुद को झोंका और भारत के चौतरफा स्पिन आक्रमण के सामने सहज दिखे, लेकिन दूसरे सत्र के 15 मिनट बाद ही ध्यान भटक गया। कुलदीप के खिलाफ रिवर्स स्वीप की कोशिश में वह पूरी तरह से चूक कर पगबाधा हो गये। लंच के बाद तीसरे ओवर में बुमराह ने फॉर्म में चल रहे डि जोर्जी (24) को आउट कर दक्षिण अफ्रीका को बड़ा झटका दिया। कप्तान शुभमन गिल के एक बार फिर से टॉस गंवाने के बाद दिन की शुरुआती सत्र में बुमराह ने दो शानदार गेंदों पर दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट करके अपनी महारत का परिचय दिया जबकि कुलदीप यादव ने कप्तान तेम्बा बावुमा का अहम विकेट चटकाया। दक्षिण अफ्रीका ने पहले 50 मिनट में दबदबा बनाए रखा और 10 ओवर में बिना किसी नुकसान के 57 रन बना लिए। इसके बाद बुमराह (सात ओवर में नौ रन देकर दो विकेट) ने लगातार दो ओवरों में पांच गेंदों पर दो विकेट लेकर सत्र का रुख पलट दिया।

# अबू धाबी में 16 दिसंबर को होगी आईपीएल नीलामी

एजेंसी

अबू धाबी। आईपीएल 2026 का ऑक्शन 16 दिसंबर को अबू धाबी में होगा। यह लगातार तीसरा साल होगा जब आईपीएल ऑक्शन विदेश में आयोजित किया जाएगा। 2024 पहला ऐसा साल था, जब ऑक्शन भारत के बाहर (दुबई में) आयोजित किया गया था। इसके बाद नवंबर 2024 में जेद्दाह में 2025 सीजन के लिए दो दिन का मेगा ऑक्शन हुआ था। सभी मिनी ऑक्शनों की तरह 2026 का ऑक्शन भी एक ही दिन का होगा। फ़िलहाल सभी फ्रेंचाइज़ी अपनी 2025 की टीमों से किन खिलाड़ियों को रिलीज करना है, यह तय करने में जुटी हैं। आईपीएल ने 10 टीमों के लिए रिलीज लिस्ट को अंतिम रूप देने की डेडलाइन 15 नवंबर को शाम 3 बजे (भारतीय समय) तय की है। इसके बाद उन्हें खिलाड़ियों की सूची भेजी जाएगी, जिसमें से वे अपने शॉर्टलिस्टेड खिलाड़ी चुन सकेंगी। उसी लंबी सूची को छांटकर आईपीएल अंतिम ऑक्शन पूल




तैयार करेगा। ट्रेडिंग विंडो आईपीएल 2025 के ख़त्म होने के बाद खुली थी। ऑक्शन से एक हफ़्ते पहले तक खुली रहेगी और फिर आईपीएल 2026 की शुरुआत से एक महीने पहले तक फिर से सक्रिय होगी। हालांकि 2026 ऑक्शन में खरीदे गए किसी खिलाड़ी को आगे ट्रेड नहीं किया जा सकेगा। अब तक पांच टीमों के बीच चार ट्रेड डील्स की पुष्टि हो चुकी है। इनमें आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा प्लेयर ट्रांसफर भी शामिल है, जिसमें पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन को राजस्थान रॉयल्स से ट्रेड किया है। बदले में राजस्थान ने ऑलराउंडर जोड़ी रवींद्र जडेजा और सैम करन को अपनी टीम में शामिल किया है। गुरुवार को पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने एक और बड़ी डील की, जिसमें उन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स से भारतीय ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को अपनी टीम में शामिल किया। इसी के साथ एक अलग ट्रेड में एलएसजी ने मुंबई इंडियंस से अर्जुन तेंदुलकर को उनके 30 लाख रुपये के बेस प्राइस पर हासिल किया। वहीं एक और कैश ओनली डील में मुंबई ने गुजरात टाइटन से वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर शर.फ़ेन रदरफोर्ड को अपने दल में शामिल किया।

# संक्षिप्त समाचार

## भारत ने एशियन आर्चरी चैंपियनशिप में जीते पांच मेडल

**ढाका।** एशियन आर्चरी चैंपियनशिप 2025 में भारत ने गुरुवार को कंपाउंड वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल पांच पदक जीते। इनमें तीन स्वर्ण और दो रजत पदक शामिल हैं। यह टूर्नामेंट बांग्लादेश के ढाका में जारी है। भारत की स्टार तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम ने व्यक्तिगत और टीम दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीतकर अभियान की अगुवाई की। पिछले संस्करण 2023, बैंकॉक में व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाली ज्योति ने इस बार एक कदम आगे बढ़ते हुए 17 वर्षीय प्रीथिका प्रदीप को 147-145 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दिन की शुरुआत में ही ज्योति और प्रीथिका ने दीपशिखा के साथ मिलकर महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम इवेंट में स्वर्ण पदक जीता था। भारतीय टीम ने रिपब्लिक ऑफ कोरिया की पार्क येरिन, ओ यूह्युन और जंगयून पार्क की तिकड़ी को 236-234 से मात दी। मुकाबले के मध्य में बढ़त बनाने के बाद भारतीय तिकड़ी ने अंतिम दौर तक संयम बनाए रखते हुए जीत पक्की की। कंपाउंड मिक्स्ड टीम इवेंट जो एलए 2028 ओलंपिक में डेब्यू करेगा, जिसमें भारत की जोड़ी अभिषेक वर्मा और दीपशिखा ने बंगलादेश की बोन्ना आक्तर और हिमू बच्चर को 153-151 से हराकर स्वर्ण जीता। यह भारत का इस वर्ग में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक है। पिछली बार अदिति स्वामी और प्रियांश ने बैंकॉक में स्वर्ण पदक जीता था। वहीं, कंपाउंड पुरुष टीम फाइनल में भारत को कजाकिस्तान से 230-229 के करीबी अंतर से हार का सामना करना पड़ा। अभिषेक वर्मा, साहिल जाधव और प्रथमेश फुगे की तिकड़ी अंतिम चरण में एक अंक से आगे थी, लेकिन आखिरी पलों में कजाकिस्तान ने बाजी मार ली। पुरुष कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में भारतीय तीरंदाज पदक से चूक गए। अभिषेक वर्मा ने पिछली बार बैंकॉक में व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता था। अब भारत की नजरें शुक्रवार को होने वाले रिकर्व वर्ग के मुकाबलों पर हैं, जहां और पदक जीतने की उम्मीद है। चार बार की ओलंपियन दीपिका कुमारी का सामना सेमीफाइनल में अंकिता भकत से होगा, जबकि संगीता का मुकाबला दक्षिण कोरिया की नाम सुह्योन से होगा। पुरुष रिकर्व वर्ग में धीरज बोम्मदेवरा और राहुल अलग-अलग सेमीफाइनल में उतरेंगे। टीम इवेंट में, भारतीय पुरुष टीम यशदीप भोगे, अतानु दास और राहुल की तिकड़ी दक्षिण कोरिया से स्वर्ण पदक मुकाबले में भिड़ेगी, जबकि मिक्स्ड टीम में अंशिका कुमारी और यशदीप संजय भोगे की जोड़ी कांस्य पदक मुकाबले में कोरिया से टकराएगी।

## बंगलादेश ने आयरलैंड को पारी से पीटा

**सिलहट।** बंगलादेश ने सिलहट में पहले टेस्ट में आयरलैंड के खिलाफ एक पारी और 47 रनों से शानदार जीत दर्ज की। महमूदुल हसन जॉय के 171 और नजमुल हुसैन शान्तो के 100 रनों की बदौलत बांग्लादेश ने 8 विकेट पर 587 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। गेंदबाज़ों के सामूहिक प्रयास से आयरिश टीम दो पारियों में 286 और 254 रनों पर ऑल आउट हो गई। टेस्ट के चौथे दिन दोनों टीमें बांग्लादेश की मजबूत पकड़ के साथ उतरीं, उन्हें जीत के लिए सिर्फ़ पांच विकेट चाहिए थे। स्पिनरों को मिल रहे टर्न के बावजूद, आयरलैंड ने दिन के दूसरे ओवर में एक छक्का और एक चौका लगाकर अच्छी शुरुआत की। एंडी मैकब्राइन का कैच 8 रन पर छूटा, लेकिन ताइजुल इस्लाम ने मैथ्यू हम्फ्रीज को आउट कर मेजबान टीम का स्कोर सिर्फ़ 116 रन पर छह विकेट पर पहुंचा दिया। आयरिश टीम ने हार नहीं मानी। मैकब्राइन और कप्तान एंड्रयू बालब्रिनी ने मिलकर 66 रनों की साझेदारी की, जिसमें ख़ास तौर पर एंड्रयू बालब्रिनी ने स्वीप शॉट लगाकर अच्छा प्रदर्शन किया। मैकब्राइन दो डीआरएस कॉल से बच गए और दोनों ने मेहमान टीम का स्कोर 150 के पार पहुंचा दिया। जब आयरलैंड की स्थिति अच्छी हो रही थी, तभी बलबर्नी एलबीडब्ल्यू आउट हो गए और हसन मुराद के जरिए मेजबान टीम को मौका मिल गया। मैकब्राइन ने धैर्य की पारी खेलते हुए लंच के समय अपना पांचवां टेस्ट अर्धशतक पूरा किया। ब्रेक के बाद, मैकब्राइन नए सत्र की दूसरी ही गेंद पर पुल करने की कोशिश में मिड-विकेट पर आउट हो गए। जॉर्डन नील ने तीन तेज चौके लगाए और फिर बैरी मैकार्थी के साथ मिलकर मुराद की गेंद पर 17 रन बटोरे। मुराद ने 36 रनों की मनोरंजक पारी खेलने वाले नील का विकेट लिया, जिसके बाद ताइजुल ने मैकार्थी का विकेट लेकर जीत पक्की कर दी।

## टिम साउदी आईपीएल 2026 के लिए केकेआर के गेंदबाजी कोच नियुक्त

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2026 के लिए टिम साउदी को अपना गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान, जिन्होंने 2025 की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, गेंदबाजी सलाहकार के रूप में इंग्लैंड की टेस्ट टीम का हिस्सा रहे हैं। साउदी अभिषेक नायर की अध्यक्षता वाले केकेआर के नए कोचिंग समूह में शामिल हो गए हैं, और फ्रेंचाइजी ने हाल ही में अगले सीजन से पहले शेन वॉटसन को सहायक कोच के रूप में शामिल किया है। 36 वर्षीय इस खिलाड़ी ने अपने खेल करियर के दौरान 2021, 2022 और 2023 में केकेआर का प्रतिनिधित्व किया है, जिससे इस नियुक्ति में एक तरह का परिचयात्मक भाव है। सभी प्रारूपों में, साउदी ने 700 से ज़्यादा अंतरराष्ट्रीय विकेट और 100 से ज़्यादा टेस्ट मैच खेले हैं, और न्यूज़ीलैंड के 2019 वनडे विश्व कप फ़ाइनल तक पहुंचने और 2021 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीतने में अहम भूमिका निभाई थी। सीईओ वेंकी मैसूर ने कहा, ''हमें केकेआर परिवार में टिम साउदी का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है, इस बार कोचिंग के रूप में।'' उन्होंने आगे कहा, ''टिम का विशाल अनुभव और तकनीकी विशेषज्ञता हमारी गेंदबाजी इकाई को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उनके नेतृत्व कौशल और शांतचित्त रवैया उन्हें हमारे युवा गेंदबाजों के लिए एक आदर्श मार्गदर्शक बनाता है। साउदी ने कहा कि यह कदम तीन बार के चैंपियन के साथ उनके जुड़ाव का एक स्वाभाविक विस्तार जैसा लगा। ''केकेआर मुझे हमेशा घर जैसा लगा है और इस नई भूमिका में वापसी करना सम्मान की बात है। इस फ्रेंचाइजी में एक अविश्वसनीय संस्कृति, उत्साही प्रशंसक और खिलाड़ियों का एक बेहतरीन समूह है। मैं गेंदबाजों के साथ मिलकर काम करने और टीम को आईपीएल 2026 में सफलता दिलाने में मदद करने के लिए उत्सुक हूँ।

## अदाणी समूह असम में दो बिजली परियोजनाओं में 63,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा

**नयी दिल्ली।** अदाणी समूह असम में दो प्रमुख बिजली परियोजनाओं के निर्माण के लिए लगभग 63,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। इसमें पूर्वोत्तर का सबसे बड़ा निजी कोयला आधारित संयंत्र और नयी पंप-भंडारण आधारित पनबिजली परियोजनाएं शामिल हैं। उद्योगपति गौतम अदाणी के समूह ने एक बयान में कहा कि उसकी ऊर्जा कंपनियों को असम में दो बड़ी बिजली परियोजनाओं के लिए राज्य सरकार से परियोजना आवंटन पत्र (एलओए) मिला हुआ है।

# फ्रांस ने यूक्रेन को हराकर विश्व कप में जगह पक्की की

एजेंसी

बर्लिन। काइलियन एम्बाप्पे के दो गोल और माइकल ओलिस के प्रभावशाली प्रदर्शन की बदौलत फ्रांस ने गुरुवार को ग्रुप डी के मुकाबले में यूक्रेन को 4-0 से हराकर 2026 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया। डिडिएर डेसचैम्प्स की नई लाइनअप ने गेंद पर कब्ज़ा जमाया, लेकिन शुरुआत में पार्क डेस प्रिंसेस में यूक्रेन की रक्षा पंक्ति को भेदने में उन्हें संघर्ष करना पड़ा। मेहमान गोलकीपर अनातोली ट्रुबिन ने मध्यांतर से पहले मेजबान टीम को रोके रखा, ब्रैडली बारकोला के कर्लर को पोस्ट पर टिप कर दिया और एम्बाप्पे के कोणीय प्रयास को रोक दिया। हाफटाइम के तुरंत बाद, रेफरी स्लावको विंसिक ने दयाओत उपामेकानो और योहोर नाज़ारिना के बीच हुई झड़प के बाद यूक्रेन की पेनल्टी अपील को खारिज कर दिया, क्योंकि वीएआर ने पुष्टि की कि डिफेंडर ने गेंद को छुआ था। कुछ मिनट




बाद,वीएआर ने दूसरे छोर पर हस्तक्षेप किया जब टारस मायखावको ने ओलिसे को बॉक्स में पकड़ लिया, जिससे एमबाप्पे ने बीच में एक संयमित चिप के साथ गतिरोध को तोड़ने का मौका दिया। इस गोल ने मैच को फ्रांस के पक्ष में मोड़ दिया। ओलिसे ने एक तेज टर्न और क्लिनिकल लो ड्राइव से बढ़त को दोगुना कर दिया, इससे पहले एमबाप्पे ने एक ढीली गेंद पर सबसे तेज प्रतिक्रिया देते हुए स्कोर 3-0 कर दिया। स्थानापन्न ह्यूगो एकिटिके ने अंत में चौथा गोल किया, जो उनका पहला सीनियर अंतरराष्ट्रीय गोल भी था। ग्रुप डी में पहले ही शीर्ष स्थान हासिल कर चुका फ्रांस रविवार को अजरबैजान के खिलाफ अपने अभियान का समापन करेगा, जबकि यूक्रेन अब आइसलैंड की मेजबानी करेगा, जिसे मार्च 2026 में प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए जीत की आवश्यकता है। आइसलैंड अल्बर्ट गुडमंडसन और स्वेरिर इंगी इंगासन के गोलों की मदद से अजरबैजान को 2-0 से हराकर ग्रुप में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। नॉर्वे ने एस्टोनिया पर 4-1 से जीत के साथ ग्रुप क में शीर्ष स्थान के लिए अपनी राह पकड़ी, जिसमें अलेक्जेंडर सोरलोथ और एर्लिंग हालैंड ने दो-दो गोल किए। इटली ने आखिरी क्षणों में दो हेडर लगाकर मोल्दोवा को 2-0 से हराया। ग्रुप एफ में, ट्रॉय पैरट के दो गोलों की मदद से आयरलैंड ने 10 खिलाड़ियों वाले पुर्तगाल को 2-0 से हराया, हालांकि क्रिस्टियानो रोनाल्डो को लगभग एक घंटे बाद मैदान से बाहर भेज दिया गया। आर्मेनिया पर 1-0 की जीत में बरनबास वर्गा के गोल की बदौलत हंगरी क्वालीफिकेशन की दौड़ में मजबूती से बना रहा। गुरुवार को ही, इंग्लैंड ने ग्रुप के में सर्बिया को 2-0 से आसानी से हरा दिया, जिसके परिणामस्वरूप अल्बानिया की अंडोरा में 1-0 की जीत के बाद मेहमान टीम बाहर हो गई।

## सूरीनाम ऐतिहासिक विश्व कप स्थान के करीब

मेक्सिको सिटी। रिचोनेल मार्गरिट के दो गोल की बदौलत सूरीनाम गुरुवार को अल सल्वाडोर को 4-0 से हराकर अपने पहले फीफा विश्व कप में जगह बनाने के बेहद करीब पहुंच गया। टजारोन चेरी ने पेनल्टी स्पॉट पर गोल दागा, जिसके बाद डच शीर्ष क्लब गो अहेड ईगल्स की स्ट्राइकर मार्गरिट ने तीन मिनट में दो गोल दागे। मिडफील्डर धोरासो क्लास ने लंबी दूरी से गोल करके गोलपोस्ट के ऊपरी दाएंकोने में गोल करके जीत को सुनिश्चित कर दिया। इस परिणाम के साथ, सूरीनाम कॉनकाकाफ क्षेत्रीय क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के अंतिम दौर में पांच मैचों में नौ अंकों के साथ ग्रुप ए में शीर्ष पर है, और गोल अंतर के आधार पर दूसरे स्थान पर काबिज पनामा से आगे है। सूरीनाम, जिसने कम से कम प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली है, मंगलवार को क्वालीफायर के आखिरी दिन ग्वाटेमाला से भिड़ेगा। तीनों ग्रुपों में से प्रत्येक की शीर्ष टीम विश्व कप में स्वतः प्रवेश पा लेगी, जबकि दो सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाली उपविजेता टीमें अंतर-संघीय प्लेऑफ में पहुंच जायेंगी।

# थोक महंगाई दर अक्टूबर महीने में घटकर शून्य से नीचे 1.21 फीसदी पर आई

एजेंसी

नई दिल्ली। महंगाई के मोर्चे पर लोगों को बड़ी राहत मिली है। खुदरा के बाद थोक महंगाई में गिरावट दर्ज हुई है। थोक महंगाई दर अक्टूबर में घटकर शून्य से नीचे यानी -1.21 फीसदी पर आ गई, जो सितंबर में 1.44 फीसदी थी। दालों और सब्जियों जैसे खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट के साथ ईंधन और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में नरमी इसकी मुख्य वजह रही। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुताबिक थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर सालाना आधार पर अक्टूबर में घटकर -1.21 फीसदी पर आ गई है। पिछले साल सितंबर में यह 0.13 फीसदी और पिछले साल अक्टूबर में 2.75 फीसदी रही थी। आंकड़ों के मुताबिक अक्टूबर में थोक महंगाई की नकारात्मक दर मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों, कच्चे पेट्रोलियम और



प्राकृतिक गैस, बिजली, खनिज तेलों और मूल धातुओं के निर्माण आदि की कीमतों में कमी के कारण है। थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं में अपस्फीति अक्टूबर में 8.31 फीसदी रही, जबकि सितंबर में यह 5.22 फीसदी थी। इसके अलावा प्याज, आलू, सब्जियों और दालों की कीमतों में भी गिरावट देखी गई। मंत्रालय के मुताबिक सब्जियों में अक्टूबर में अपस्फीति 34.97 फीसदी रही, जबकि सितंबर में यह 24.41 फीसदी थी। दालों में अक्टूबर में अपस्फीति 16.50 फीसदी रही, जबकि आलू और प्याज में यह क्रमशः 39.88 फीसदी और 65.43 फीसदी रही। विनिर्मित उत्पादों के मामले में महंगाई सितंबर के 2.33 फीसदी से घटकर 1.54 फीसदी हो गई। इसी तरह ईंधन और बिजली क्षेत्र में सितंबर में 2.58 फीसदी की तुलना में अक?टूबर में 2.55 फीसदी की नकारात्मक मुद्रास्फीति देखी गई।

# बॉल कॉर्पोरेशन अपने आंध्र प्रदेश कारखाने में 60 मिलियन डॉलर का करेगी निवेश

एजेंसी

नई दिल्ली। सस्टेनेबल एल्युमीनियम पैकेजिंग के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी बॉल कॉरपोरेशन ने भारत में रणनीतिक निवेश करने की घोषणा की है। बॉल कॉरपोरेशन ने महाराष्ट्र में मुंबई के नजदीक स्थित तालोजा केन मैन्यूफैक्चरिंग कारखाने में 2024 में 55 मिलियन डॉलर का निवेश किया था। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए कंपनी अब आंध्र प्रदेश में अपने श्री सिटी मैन्यूफैक्चरिंग कारखाने में करीब 60 मिलियन डॉलर का निवेश करने जा रही है। बॉल कॉरपोरेशन ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि यह कदम एशिया के सबसे तेजी से बढ़ते उपभोक्ता बाजारों में से एक में अपनी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने और ग्राहकों की बढ़ती माँग को पूरा करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कंपनी की इस घोषणा से एशिया के सबसे तेजी से बढ़ते उपभोक्ता बाजार में अपनी सप्लाई चेन को मजबूत करने और ग्राहकों की बढ़ती मांग को पूरा करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को मजबूती मिली है। बॉल बेवरेज पैकेजिंग ईएमईए एंड एशिया के प्रेसिडेंट मैंडी ग्ल्यू ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि भारत हमारी वैश्विक रणनीति का प्रमुख केंद्र है। यह निवेश उच्च विकास वाले बाजारों में परिचालन विस्तार और लंबी अवधि में प्रतिस्पर्धा में आगे बने रहने की हमारी केंद्रित रणनीति (फोकस्ड एप्रोच) को दर्शाता है। तालोजा और श्री सिटी में अपने विस्तार की दिशा में आगे बढ़ते हुए हम भारतीय बाजार में विकास के लिए निवेश की अन्य संभावनाओं पर भी काम कर रहे हैं, क्योंकि ज्यादा से ज्यादा ब्रांड एवं उपभोक्ता एल्युमीनियम पैकेजिंग का विकल्प चुन रहे हैं। उन्होंने कहा कि बॉल के निवेश से सीधे तौर पर भारत में बेवरेज केन मार्केट को लाभ होगा। इस मार्केट में अगले पांच साल 10 प्रतिशत सालाना की दर से वृद्धि का अनुमान है। उपभोक्ता अब ज्यादा पर्यावरण के अनुकूल और सुविधाजनक विकल्पों की ओर रूझान कर रहे हैं, विशेष रूप से डेयरी सेगमेंट में ऐसे में नई प्रोडक्ट कैटेगरी तेजी से उभर रही हैं।

## यात्री वाहनों की बिक्री अक्टूबर में 17.2 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड स्तर पर

नयी दिल्ली। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में नयी पीढ़ी के सुधारों के बाद अक्टूबर में घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की थोक बिक्री 17.2 प्रतिशत बढ़कर 4,60,739 इकाई के नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गयी। यात्री वाहनों में कारों, उपयोगी वाहनों और वैन को शामिल किया जाता है। पिछले साल अक्टूबर में इनकी बिक्री 3,93,238 इकाई रही थी। दुपहिया और तिपहिया की बिक्री ने भी नया रिकॉर्ड बनाया। वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में तिपहिया की बिक्री में सालाना आधार पर 5.9 प्रतिशत और दुपहिया की बिक्री में 2.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कुल 81,288 तिपहिया और 22,10,727 दुपहिया वाहन बिके।

सियाम के निदेशक राजेश मेनन ने इन आंकड़ों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अक्टूबर में यात्री वाहनों, दुपहिया और तिपहिया की मासिक बिक्री ने नया रिकॉर्ड बनाया।

# अमेरिका, यूरोपीय संघ, न्यूजीलैंड और अन्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर बातचीत प्रगति पर : गोयल

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत इस समय अमेरिका, यूरोपीय संघ, न्यूजीलैंड, ओमान, पेरू और चिली जैसे देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर बातचीत कर रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर व्यापार बाधाओं को कम करने से वस्तुओं, सेवाओं और पूंजी के मुक्त प्रवाह को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। गोयल ने विशाखापत्तनम में सीआईआई पार्टनरशिप समिट 2025 को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) को नई दिल्ली के 'भारत मंडपम' की तरह एक विश्व स्तरीय कन्वेंशन सेंटर 'आंध्र मंडपम' विकसित करने के लिए राज्य सरकार के साथ हाथ मिलाकर खुशी होगी। केंद्रीय मंत्री



ने कहा कि आंध्र मंडपम राज्य के नेतृत्व, दूरदर्शिता और प्रतिभा के अनुरूप एक विश्वस्तरीय कन्वेंशन सेंटर, आंध्र प्रदेश के बढ़ते कद को प्रतिबिंबित करेगा। पीयूष गोयल ने अपने संबोधन में वैश्विक सहयोग बढ़ाने के लिए 3 प्रमुख सुझाव दिए, जिसमें-दोतरफा निवेश को सुगम बनाना, प्रौद्योगिकी सहयोग को मजबूत करना और विश्वास का निर्माण और उसे बनाए रखना शामिल है। गोयल ने भारत की अंतरराष्ट्रीय व्यापार वार्ताओं पर महत्वपूर्ण अपडेट साझा किए, जिसमें अमेरिका, यूरोपीय संघ, न्यूजीलैंड, ओमान, पेरू और चिली जैसे देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर चल रही चर्चाओं पर प्रकाश डाला। सीआईआई पार्टनरशिप समिट 2025 में गोयल ने कहा कि हम वर्तमान में यूरोपीय संघ, अमेरिका, ओमान, न्यूज़ीलैंड, चिली और पेरू के साथ बातचीत कर रहे हैं, और कई अन्य देश हमारे साथ चर्चा शुरू करने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि भारत पहले ही संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया और 4 देशों के यूरोपीय समूह, ईएफटीए सहित कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर कर चुका है। केंद्रीय मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि ये समझौते वैश्विक स्तर पर व्यापार बाधाओं को कम करने और वस्तुओं, सेवाओं और पूंजी के निर्बाध आवागमन को बढ़ावा देने के भारत के व्यापक उद्देश्य का हिस्सा हैं। इसके अलावा गोयल ने भारत में व्यापार को आसान बनाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि केंद्र ने 42 हजार अनुपालनों को हटा दिया है और 1,500 पुराने कानूनों को समाप्त कर दिया है।

# मोदी के अभियान कल्याणकारी योजनाओं पर केंद्रित 'जंगल राज' के लगातार जिक्र से राजग को लाभ

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाएं, महिलाओं को दी गई आर्थिक सहायता सहित और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सत्तारूढ़ गठबंधन के नेताओं द्वारा राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के शासन के दौरान के कथित 'जंगल राज' की लगातार याद दिलाना उन प्रमुख मुद्दों में शामिल रहे, जिन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की प्रचंड जीत में अहम भूमिका निभाई।

प्रधानमंत्री ने बिहार में 13 चुनावी सभाओं को संबोधित किया और पटना में एक विशाल रोड शो किया तथा इस दौरान 'बिहारी अस्मिता' के मुद्दे को जोरशोर से उठाया, छठ पूजा जैसी परंपराओं का उत्सव मनाया और राजद-कांग्रेस गठबंधन पर 'घुसपैठियों के प्रति नरम रुख' रखने व सत्ता में रहने के दौरान जनता के पैसे से मुनाफा कमाने जैसे आरोप भी लगाए।



चुनावों में कहीं न कहीं इन मुद्दों का भी लाभ राजग को मिला। प्रधानमंत्री मोदी ने राजग के घटक दलों के साथ नियमित संवाद रखा और सत्तारूढ़ गठबंधन के उम्मीदवारों की घोषणा के बाद उनके बीच मतभेदों को दूर करने का संदेश भी दिया। प्रधानमंत्री की चुनावी रैलियों में एक विषय प्रमुखता से छाया रहा, जिसमें वह पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के नेतृत्व में राजद शासन के दौरान जनता को 'जंगल राज' की याद दिलाना नहीं भूलते थे। ऐसा करके उन्होंने यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि राज्य के युवा तेजस्वी यादव द्वारा किए गए वादों से प्रभावित न हों। उन्होंने परिवार के बुजुर्गों से आग्रह किया कि वे उस युवा पीढ़ी को 'जंगल राज' के कथित खौफनाक दौर के बारे में बताएं, जिन्होंने 2005 से सत्ता में रहे नीतीश कुमार को केवल मुख्यमंत्री के रूप में देखा है। भाजपा ने छठ पर्व सहित बिहार की विभिन्न परंपराओं को उत्सव का स्वरूप दिया तो 6 नवंबर को चुनाव के पहले चरण से ठीक पहले मोदी ने भी दिल्ली में छठ पूजा में शामिल होकर एक संदेश दिया। मोदी ने पूजा में उनके शामिल होने को 'नाटक' करार देने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। कांग्रेस के नामदार ने छठी मैया की भक्ति को 'ड्रामा' कहा। वे कभी भी भगवान श्री राम के दर्शन करने के लिए अयोध्या नहीं जाते। मैं भगवान राम के प्रति उनकी नापसंदगी को समझता हूं। लेकिन वे कम से कम निषाद राज, शबरी माता और महर्षि वाल्मीकि को समर्पित मंदिरों में मत्था तो टेक ही सकते हैं। ऐसा करने में उनकी अनिच्छा केवल दलितों और पिछड़े वर्गों के प्रति उनकी नफरत को दर्शाती है।'' प्रधानमंत्री ने 24 अक्टूबर को समस्तीपुर में एक रैली के साथ प्रचार अभियान शुरू किया था, जो समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर की जन्मस्थली है। राजग सरकार द्वारा कर्पूरी ठाकुर को 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया था। मोदी ने 30 अक्टूबर को मुजफ्फरपुर और छपरा में चुनावी सभाओं को संबोधित किया और इसके बाद नवादा और आरा में जनसभाएं कीं। उन्होंने 3 नवंबर को कटिहार और सहरसा, 6 नवंबर को भागलपुर और अररिया में, 7 नवंबर को भभुआ और औरंगाबाद में और 8 नवंबर को बेट्टैया और सीतामढ़ी में जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ भी संवाद किया और उनसे यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि राज्य के लोग राज्य और केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत हों। बिहार ने पिछले 2014, 2019 और 2024 में लोकसभा चुनावों में और 2020 तथा 2025 के विधानसभा चुनावों में मोदी पर भरोसा जताया था।

# जनता ने जंगलराज को मुंहतोड़ जवाब देते हुये विकास पर लगायी मुहर: जेपी नड्डा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने यहां शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय पर बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की प्रचंड जीत के बाद आयोजित समारोह में कहा कि प्रदेश की जनता ने जंगलराज को मुंहतोड़ जवाब देते हुये विकास पर मुहर लगायी है।

भाजपा अध्यक्ष श्री नड्डा ने इसके पहले पार्टी मुख्यालय पर प्रधानमंत्री के आगमन पर फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। श्री नड्डा ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार में प्रचंड जीत पर मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत बिहार समेत देश के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं का स्वागत और अभिनंदन करता हूं। श्री नड्डा ने कहा, ''बिहार की जनता ने राजग को प्रचंड जनादेश दिया है, उसके लिए मैं सभी पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं के साथ सभी सहयोगी दलों की तरफ से प्रदेश की जनता का अभिनंदन और धन्यवाद करता हूं। श्री



नड्डा ने कहा कि ये नतीजे बताते हैं कि यह राजग की जीत नहीं सुनामी है। इस ऐतिहासिक जीत ने स्पष्ट कर दिया है कि बिहार और देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी पर सभी को अटूट विश्वास है। उन्होंने कहा कि इस एकतरफा जीत ने बिहार की जनता ने विकास पर मुहर लगाई है। श्री नड्डा ने कहा कि बिहार विधानसभा का चुनाव स्पष्ट रूप से विकास बनाम जंगलराज के बीच मुकाबला था। बिहार की जनता ने जंगलराज को करारा जवाब देते हुये विकास के लिये जनादेश पर मुहर लगायी है। श्री नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकास की राजनीति और डबल इंजन की सरकार को बिहार की जनता ने स्पष्ट जनादेश देकर आशीर्वाद दिया है। उन्होंने कहा कि विकास के रोडमैप ने बिहार की धरती पर जंगलराज के खिलाफ स्पष्ट संदेश दे दिया है। श्री नड्डा ने कहा कि आज बिहार विधानसभा के चुनावी नतीजों में सबसे बड़ी जीत देखने को मिली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने तो चुनावी सभा में ही कह दिया था कि चुनावी परिणाम के लिये 14 नवंबर का इंतजार करें, उस दिन बिहार की जनता स्पष्ट संदेश देगी और बिहार की जनता ने स्पष्ट संदेश दे दिया है। श्री नड्डा ने कहा कि बिहार की जनता का यह विश्वास विकास के नये आयाम और खुशहाली का मार्ग प्रशस्त करेगी।

# बिहार की जनता के चोंकाने वाले फैसले का सम्मान : खरगे-राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी में बिहार विधानसभा चुनाव परिणामों को चौंकाने वाला करार देते हुए कहा है कि जनता में जो फैसला दिया है पार्टी उसका सम्मान करती है।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पार्टी के लिए यह चुनाव परिणाम चौंकाने वाले हैं और इसके कारणों की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है और पार्टी संविधान बचाने की लड़ाई जारी रखेगी।

श्री खरगे में यहां जारी बयान में शुक्रवार को कहा ''हम बिहार की जनता के फ़ैसले का सम्मान करते हुए, ऐसी ताक़तों के खिलाफ़ अपनी लड़ाई जारी रखेंगे जो संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर,



लोकतंत्र को कमज़ोर करने में वजुटी हैं। हम चुनाव के परिणामों का गहराई से अध्ययन करेंगे और नतीजों के कारणों को समझने के बाद विस्तृत बात रखेंगे। उन्होंने कहा ''बिहार में जिन मतदाताओं ने महागठबंधन का साथ दिया है, उनके हम तहे दिल से आभारी है। कांग्रेस के हर कार्यकर्ता से कहना चाहता हूँ कि आपको हतोत्साहित होने की ज़रूरत नहीं। आप हमारी आन-बान-शान है। आपकी कड़ी मेहनत हमारी ताकत है।' कांग्रेस अध्यक्ष ने जनता को जागृत करने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि उनकी पार्टी जनता को जागरूक करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। जनता के बीच रहकर संविधान और लोकतंत्र को बचाने का संघर्ष जारी रखेंगे। उनका कहना था कि यह लड़ाई लंबी है - और उनकी पार्टी इसे पूरी निष्ठा, साहस और सत्य के साथ लड़ेंगे। श्री गांधी ने कहा ''मैं बिहार के उन करोड़ों मतदाताओं का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने महागठबंधन पर अपना विश्वास जताया। बिहार का यह परिणाम वाकई चौंकाने वाला है। हम एक ऐसे चुनाव में जीत हासिल नहीं कर सके, जो शुरू से ही निष्पक्ष नहीं था। उन्होंने कहा ''यह लड़ाई संविधान और लोकतंत्र की रक्षा की है। कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन इस परिणाम की गहराई से समीक्षा करेंगे और लोकतंत्र को बचाने के अपने प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाएंगे।

# भारत में निवेश करने का यह सही समय है: राधाकृष्णन

एजेंसी

विशाखापत्तनम। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने देश में बुनियादी ढांचे के विकास, गरीबी उन्मूलन और व्यापार अनुकूल व्यवस्था जैसे क्षेत्रों में तेजी से हो रही प्रगति का उल्लेख करते हुए शुक्रवार को यहां कहा कि ''यह भारत में निवेश करने का सही समय है। श्री राधाकृष्णन यहां उद्योग मंडल सीआईआई के 30वें दो दिवसीय साझेदारी शिखर सम्मेलन का उद्घाटन कर रहे थे। विश्व की चौथी सबसे बड़ी और सबसे तेज अर्थव्यवस्था के रूप में भारत की वर्तमान स्थिति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इस समय देश में कारोबार करने की सुगमता अपने सर्वोत्तम स्तर पर है, क्योंकि हर क्षेत्र में सुधार हो रहे हैं, चाहे वह श्रम कानून हों, कर सुधार हों, इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास हो या डिजिटल इंडिया जैसी डिजिटल पहल हो। उन्होंने कहा कि भारत में निवेश करने का यह सही समय है।

उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि भारत में अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है और यह स्वच्छ प्रौद्योगिकी का एक प्रमुख निर्यातक बनने की ओर अग्रसर है, जो पर्यावरणीय रूप से सतत विकास के प्रति देश की प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि करता है। उपराष्ट्रपति ने भविष्य के विकास के लिए प्रौद्योगिकी, विश्वास और व्यापार को प्रेरक शक्ति बताया और कहा कि भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम और स्वच्छ प्रौद्योगिकी निर्यात वैश्विक अर्थव्यवस्था का नेतृत्व करने के लिए तैयार है। उन्होंने पिछले एक दशक में देश में करोड़ों लोगों को गरीबी से उबारने में कामयाबी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार सराहना की और इसे एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। श्री राधाकृष्णन ने कार्यक्रम के उद्घाटन



समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि को गति देने वाले सुधार वैश्विक निवेशकों को अभूतपूर्व अवसर उपलब्ध कराने वाले हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आंध्र प्रदेश औद्योगिक विकास के लिए एक राष्ट्रीय मॉडल के रूप में उभर रहा है। कार्यक्रम में देश विदेश से उद्योग व्यापार , नीति निर्माण और प्रशासनिक क्षेत्र के करीब 2,500 से अधिक प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने मोदी सरकार के कार्यकाल में देश के त्वरित औद्योगिक और आर्थिक विकास पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 'यह भारत में निवेश का सही समय है।' श्री राधाकृष्णन ने कहा कि करोड़ों लोगों को गरीबी से ऊपर उठाना मोदी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है। यह सम्पत्ति सृजन में सहायक और अवसर पैदा करने वाली स्वस्थ आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करके संभव हुई है। उन्होंने कहा कि इस समय देश में कारोबार का वातावरण सबसे अनुकूल है। उन्होंने इसमें मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली आंध्र प्रदेश सरकार के योगदान की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि नवाचार, इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास और व्यापार-अनुकूल इको-सिस्टम को बढ़ावा देने में मुख्यमंत्री के प्रयासों ने आंध्र प्रदेश को औद्योगिक विकास के लिए एक राष्ट्रीय मॉडल के रूप में स्थापित किया है। श्री राधाकृष्णन ने न्यायसंगत और समावेशी वैश्विक सहयोग के प्रति भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए इस बात पर बल दिया कि भारत सभी देशों के साथ उनके आकार की परवाह किए बिना समान व्यवहार करता है। उन्होंने आंध्र प्रदेश को एक लाख करोड़ डालर सालाना की अर्थव्यवस्था बनाने के राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की प्राप्ति की क्षमता के प्रति विश्वास व्यक्त किया।

## पेज एक का शेष

### बिहार में एनडीए...

यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को हार का सामना करना पड़ा है जिन्हें चुनाव से कुछ ही समय पूर्व राजद और परिवार से अलग-थलग कर दिया गया था। उन्होंने अपनी नई पार्टी 'जनशक्ति जनता दल' बनाकर चुनाव लड़ा था। महागठबंधन ने राजद नेता तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया था लेकिन इस बार अपनी सीट पर उनकी जीत का अंतर पिछली बार की तुलना में आधे से कम रहा। गठबंधन के उप मुख्यमंत्री पद के चेहरे मुकेश सहनी की पार्टी अपना खाता खोलने में भी नाकाम रही। चुनाव परिणामों ने राजनीतिक पंडितों और चुनाव विश्लेषकों के सभी आकलनों को बहुत पीछे छोड़ दिया। सभी एग्जिट पोल यद्धपि राजग की जीत का अनुमान लगा रहे थे लेकिन किसी ने भी इस तरह के परिणामों का अनुमान नहीं लगाया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत को सुशासन, विकास, जन-कल्याण की भावना और सामाजिक न्याय की जीत बताते हुए कहा है कि यह प्रचंड जीत गठबंधन को नये संकल्प के साथ जनता की सेवा करने की शक्ति प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस प्रचंड जीत के लिये प्रदेश के लोगों को धन्यवाद दिया है और कहा है कि भविष्य में बिहार देश के सबसे अधिक विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा। गृह मंत्री अमित शाह ने इसे ' सरकार के काम ' की जीत बताते हुए कहा है कि तुष्टीकरण की राजनीति कर लोगों को गुमराह करने वालों को बिहार की जनता ने करारा जवाब दिया है और यह 'विकसित बिहार' में विश्वास रखने वाले हर बिहारवासी की जीत है। कांग्रेस मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर तंज कसते हुए कहा है कि यह मुकाबला मुख्य चुनाव आयुक्त और बिहार की जनता के बीच था। साल 2010 के विधानसभा चुनाव में भी बीजेपी और जेडीयू साथ-साथ चुनावी मैदान में उतरे थे। वहीं, कांग्रेस और आरजेडी ने मिलकर चुनाव लड़ा। इस बार के चुनाव में जेडीयू 115 और बीजेपी को 91 सीटें मिली थी। इस चुनाव में बीजेपी ने 102 प्रत्याशी मैदान में उतारे थे। बीजपी को 47 लाख 90 हजार 436 (16.49 फीसदी) वोट हासिल हुए। वहीं कांग्रेस को 4 और आरजेडी को 22 सीटों पर संतोष करना पड़ा। कुल मिलाकर लालू प्रसाद यादव की पार्टी आरजेडी का ग्राफ लगातार गिरता चला गया। साल 2015 में बिहार विधानसभा की सियासत में बड़ा उलटफ़ेर देखने को मिला। नीतीश की पार्टी जेडीयू ने लालू प्रसाद की पार्टी आरजेडी से हाथ मिला लिया। इस दौरान लालू और नीतीश कुमार की पार्टी ने मिलकर चुनाव लड़ा। साल 2015 में जेडीयू को 71 सीटें मिलीं। वहीं बीजेपी को 53 सीटों पर संतोष करना पड़ा। बीजेपी ने 157 उम्मीदवार मैदान में थे। इस चुनाव में बीजेपी की सीट भले कम हुई लेकिन उसका वोट शेयर 16.49 से बढ़कर 24.42 फीसदी हो गया। आरजेडी को 80 और कांग्रेस को 19 सीटें मिलीं। आरजेडी इस बार एक बड़ी पार्टी बनकर उभरी। नीतीश कुमार राज्य के सीएम बने और लालू प्रसाद के बेटे तेजस्वी यादव डिप्टी सीएम बन गए। लेकिन हालात कुछ ऐसे बदले कि मझधार में ही नीतीश कुमार ने सीएम पद से इस्तीफा देकर बीजेपी से हाथ मिला लिया। ऐसे में आरजेडी के तेजस्वी यादव का डिप्टी सीएम पद भी चला गया। इस बार फिर से नीतीश कुमार बीजेपी के सपोर्ट से सीएम बन गए और राज्य में एनडीए की सत्ता आ गई। 2020 के विधानसभा चुनाव में एनडीए का घटक दल चिराग पासवान की पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) अलग हो गई। राज्य में बीजेपी और जेडीयू ने मिलकर चुनाव लड़ा। वहीं, चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने अलग चुनाव लड़ा। इधर आरजेडी और कांग्रेस ने मिलकर चुनाव लड़ा। इस चुनाव में चिराग पासवान तो कुछ खास नहीं कर पाए लेकिन नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू को तगड़ा झटका दिया। जेडीयू को कई सीटों पर हार का सामना करना पड़ा। जेडीयू ने 143 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे और सिर्फ 43 सीटों पर जीत का स्वाद चखा। बीजेपी का वोट शेयर गिरकर 19.46 फीसदी पर आ गया लेकिन उसकी सीटें 53 से बढ़कर 74 हो गई। वहीं चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी ने 135 सीटों पर प्रत्याशी उतारे और जीत सिर्फ एक सीट पर मिली। हालांकि, उसने 5 प्रतिशत से ज्यादा वोटों पर कब्जा कर लिया। इधर लालू प्रसाद की पार्टी आरजेडी को 75 सीटों पर जीत मिली और कांग्रेस को 19 सीटों पर संतोष करना पड़ा।

### बिहार के लोगों...

अपना संकल्प बताया। उन्होंने कहा कि सरकार अगले पांच साल बिहार को विकसित बनाने, वहां उद्योग धंधों को प्रोत्साहन देने और निवेश को आकर्षित करने के लिए तेज गति से काम करेगी ताकि वहां के लोगों खास कर, बिहार के युवाओं को उनके राज्य में ही रोजी रोजगार के अवसर मिले। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में श्री मोदी ने जीत के लिए बिहार की जनता और मतदाताओं के प्रति आभार जताया। उन्होंने इस जीत में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, लोक जनशक्ति पार्टी (और), पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी और बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व की सराहना भी की। श्री मोदी ने यह कहते हुए कि 'गंगाजी बिहार से हो कर बंगाल जाती हैं', बिहार की इसी जीत ने बंगाल में जीत का रास्ता खोल दिया है। उन्होंने इसी मंच से पश्चिम बंगाल के लोगों को अगले चुनाव में साथ देने का आह्वान किया। श्री मोदी ने कहा कि भाजपा की जीत का श्रेय उसके कार्यकर्ताओं को जाता है। बिहार के परिणाम से केरल, तमिलनाडु, पांडिचेरी , असम और पश्चिम बंगाल के भाजपा कार्यकर्ताओं को बड़ी ऊर्जा मिली है। प्रधानमंत्री ने कहा , ' भारत, अब सच्चे सामाजिक न्याय के लिए वोट कर रहा है। जहां हर परिवार को समानता, सम्मान और अवसर मिलता है और जहां अब तुष्टिकरण की कोई जगह नहीं। भारत के लोग अब सिर्फ विकास चाहते हैं, तेज विकास चाहते हैं, विकसित भारत बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भारत के विकास में, बिहार के लोगों की बहुत बड़ी भूमिका रही है, लेकिन जिन लोगों ने दशकों तक देश पर शासन किया, उन लोगों ने बिहार को बदनाम किया। उन्होंने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा, 'इन लोगों ने न बिहार के गौरवशाली अतीत का सम्मान किया और न ही यहाँ की परंपरा और संस्कृति का आदर किया।'' उन्होंने कहा कि विपक्ष ने छठ पूजा को ड्रामा कह कर बिहार की परंपरा का अपमान किया और इसके लिए अब तक क्षमा प्रार्थना नहीं की है, इसे बिहार की जनता कभी नहीं भूलेगी। उन्होंने कहा, 'इनकी हेकड़ी देखिए, छठी मैया से आरजेडी और कांग्रेस ने आज तक माफी नहीं मांगी, और बिहार के लोग यह कभी नहीं भूलेंगे। श्री मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा और राजग को देश के कई राज्यों में विधानसभा चुनावों में प्रचंड बहुमत के साथ जीत मिली। हरियाणा ने पार्टी को लगातार तीसरी बार सेवा का अवसर मिला , महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्ववाले गठबंधन को प्रचंड जीत मिली। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भाजपा को 25 वर्षों बाद बहुमत से जीते। उन्होंने कहा कि इस चुनावों में '' बिहार की जनता ने गर्दा उड़ा दिया है। भारत के विकास में, बिहार के लोगों की बहुत बड़ी भूमिका रही है। प्रधानमंत्री ने अपने लंबे संबोधन में विपक्ष, खास कर कांग्रेस पार्टी पर तीखे प्रहार किया और कहा कि यह पार्टी अपने -परजीवी हो गयी ओर अपने सहयोगी दलों पर बोझ बन चुकी है। श्री मोदी ने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव के बाद, देश के 6 राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए हैं और इन 6 चुनावों में कांग्रेस कुल मिला कर 100 सीटों का आंकड़ा पार नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा, 'आज के दिन, सिर्फ एक चुनाव में जितने हमारे विधायक चुने गए हैं, कांग्रेस पिछले 6 चुनाव में उतने विधायक भी नहीं जीत पाई थी।' उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास देश के लिए कोई सकारात्मक सोच नहीं है।' सच्चाई यह है कि आज कांग्रेस 'मुस्लिम-लीगी माओवादी कांग्रेस', यानी एमएमसी बन गई है। उन्होंने कहा कि इससे कांग्रेस के भीतर एक धड़ा नाराज है। वह पार्टी के नेतृत्व की इस नकारात्मक राजनीति से असहज और निराश है। श्री मोदी ने कहा, मुझे आशंका है–हो सकता है, आगे कांग्रेस का एक और बड़ा विभाजन हो। श्री मोदी ने अपने भाषण की शुरुआत भारत माता की जय के नारे से की और समापन वंदे मातरम् से किया। उन्होंने बिहार के चुनाव को भारतीय लोकतंत्र को मजबूत करने वाला चुनाव बताते हुए शुद्ध मतदता सूची और दो चरणों में पूरी शांति व्यवस्था के साथ सम्पन्न कराये गये इस चुनाव के लिए चुनाव आयोग, चुनाव कर्मियों और सुरक्षा बलों के साथ बिहार की जनता की सराहना की। उन्होंने कहा कि बिहार से ही भारत को लोकतंत्र की जननी होने का गौरव प्राप्त है। बिहार के लोगों और युवाओं ने मततदात सूची की शुद्धता के महत्व को समझा , बिहार ने भारत के लोकतंत्र को और मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि इस बार चुनाव में एक भी जगह पुनर्मतदान की जरूरत नहीं पड़ी जबकि पहले डेढ़-डेढ हजार बूथों पर पुनर्मतदान कराना पड़ता था। श्री मोदी ने सभी दलों से चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम में उत्साह से भाग लेने और बूथ स्तरीय एजेंट नियुक्त कर सूची शुद्धीकरण में सहयोग का आह्वान भी किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मतदाता सूची में एक-एक नाम का अपना महत्व होता है। इससे पहले प्रधानमंत्री का स्वागत करने हुए भाजपा अध्यक्ष श्री नड्डा ने भी कहा कि बिहार का जनादेश 'जंगल राज को नो इंट्री' (जंगल राज का प्रवेश निषेध) के लिए जनादेश है। उन्होंने कहा बिहार में महिलाओं ,किसानों , युवाओं और मजदूरों सहित समाज के हर वर्ग ने राजग का साथ दिया है।

### दिल्ली ब्लास्ट : हरियाणा...

सीसीटीवी फुटेज से इन्हें लगाने वाली की पहचान कुलगाम के वांपोरा निवासी डॉ. अदील मोहम्मद के रूप में हुई। फरीदाबाद के धौज गांव में बनी जिस अलफलाह यूनिवर्सिटी से चार आतंकी डॉक्टर निकले, वहां 40% डॉक्टर कश्मीरी हैं। नाम न छापने की शर्त पर मेडिकल कॉलेज में तैनात एक महिला डॉक्टर ने भास्कर को बताया कि 2021 में लेडी आतंकी डॉ. शाहीन बतौर प्रोफ़ेसर जुड़ी। उसे प्रबंधन ने कॉलेज की 6 सदस्यीय फार्माको विजिलेंस कमेटी में अहम पद दिया। उसने ही 2022 में पुलवामा के आतंकी डॉक्टर मुजम्मिल गनी, डॉ. उमर नबी, डॉ. सज्जाद अहमद को नौकरी दिलाई। सज्जाद को कॉलेज कमेटी का सदस्य बनवाया। शाहीन और सज्जाद का यूनिवर्सिटी में काफी प्रभाव था।

### ईडी ने 14 स्थानों ...

अधिक का फायदा हुआ। ईडी की जांच से पता चला है कि राजेंद्र लोढ़ा लोढ़ा डेवलपर्स लिमिटेड से धन और संपत्ति की हेराफ़ेरी तथा गबन में शामिल थे। यह सब कंपनी के निदेशक मंडल की अनुमति के बिना कंपनी के स्वामित्व वाली अचल संपत्तियों को कम कीमत पर उनसे जुड़ी प्रॉक्सी संस्थाओं को अनधिकृत रूप से बेचकर और हस्तांतरित करके किया गया था। वह भूमि खरीद की कीमतों को बढ़ाने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) बनाने में भी शामिल था और बाद में बढ़ी हुई राशि को विक्रेताओं के माध्यम से नकदी के रूप में निकालकर कंपनी के धन का दुरुपयोग किया। अधिकारी ने कहा,''जांच से पता चलता है कि राजेंद्र लोढ़ा ने अपने सहयोगियों और संबंधित संस्थाओं के साथ मिलकर इन धोखाधड़ी गतिविधियों के माध्यम से संपत्ति अर्जित की जिससे लोढ़ा डेवलपर्स लिमिटेड को गलत तरीके से नुकसान हुआ। ईडी फिलहाल इस मामले की जांच कर रही है।

### उप-चुनावों में कांग्रेस...

वोट लाकर जेएलकेएम के रामदास मुर्मू तीसरे नंबर पर रहे। झामुमो नेताओं ने इसे जनसमर्थन की बड़ी जीत बताया है और कहा है कि यह जनता का भरोसा है जो संगठन और उम्मीदवार दोनों के पक्ष में गया। ओडिशा की नौपाड़ा सीट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जय ढोलकिया अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी घासी राम माझी को 83748 मतों से हराया। जय ढोलकिया को123869 मत मिले, तो कांग्रेस प्रत्याशी को 40121 मत प्राप्त हुए, जबकि बीजू जनता दल की उम्मीदवार स्नेहांगिनी छुरिया तीसरे स्थान पर रहीं और उन्हें 38408 मत मिले। मिजोरम में डंपा विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में मिजो नेशनल फ्रंट के डॉ आर ललथांगलियाना ने अपने निकटतम उम्मीदवार जोराम पीपुल्स मूवमेंट के वनलालसेलोबो को 562 मतों से पराजित कर दिया। श्री ललथांगलियाना को 6981 वोट मिले, जबकि श्री वनलालसेलोबो को 6419 मतों से संतोष करना पड़ा। कांग्रेस के जॉन रोतलुआंगलियाना को 2394 मत मिले और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी लालहमिंगथांगा चौथे स्थान पर रहे। भाजपा प्रत्याशी को महज 1541 मत ही मिल सके। पंजाब में तरनतारन विधानसभा सीट के उपचुनाव में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी शिरोमणि अकाली दल की प्रत्याशी सुखविंदर कौर को 12091 मतों से हरा कर सीट को बरकरार रखी।श्री संधू को 42649 को मत मिले, जबकि शिरोमणि अकाली दल की प्रत्याशी सुखविंदर कौर को कुल 30558 वोट मिले। डिब्रूगढ़ जेल में बंद सांसद अमृतपाल सिंह की पार्टी 'वारिस पंजाब दे' के उम्मीदवार मनदीप सिंह खालसा 19620 मत प्राप्त कर 23029 मतों के अंतर से तीसरे स्थान पर रहे। कांग्रेस के उम्मीदवार करणवीर सिंह 15078 मत प्राप्त कर 27561 मतों के अंतर से चौथे स्थान पर रहे, जबकि भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार हरजीत सिंह संधू 6239 प्राप्त कर पांचवें स्थान पर रहे। उन्हे कुल 6239 मत प्राप्त हुए हैं। कश्मीर में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) को बड़ा झटका देते हुए बडगाम उपचुनाव 4,478 वोटों के अंतर से जीत लिया। पीडीपी उम्मीदवार आगा मुंतजिर को 21,576 वोट मिले, जबकि नेकां के उम्मीदवार आगा महमूद को 17,098 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आगा मोहसिन को 2,619 और निर्दलीय उम्मीदवार जिबरान डार को 7,152 वोट मिले। जम्मू-कश्मीर की नगरोटा विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा की दिव्यरानी राणा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी जम्मू-कश्मीर नेशनल पैंथर्स पार्टी के उम्मीदवार हर्ष देव सिंह को 24647 मतों से पराजित किया। श्रीमती राणा को कुल 42350 मिले, जबकि श्री सिंह ने कुल 17703 मत हासिल किये। जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस यहां पर तीसरे नवंबर पर रही है और उसकी उम्मीदवार शमीम बेगम ने कुल 10872 मत प्राप्त किये।

### अब चैनमैन भी बन...

अनिल राजभर ने बताया कि संशोधन के तहत यह अधिनियम अब उन प्रतिष्ठानों पर लागू होगा जिनमें 20 या उससे अधिक कर्मकार कार्यरत हैं। इससे छोटे प्रतिष्ठान बिना अतिरिक्त बोझ के अपनी आर्थिक गतिविधि को सुचारू रख सकेंगे, जबकि बड़े प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों को अधिनियम के तहत मिलने वाले सभी लाभ मिलेंगे। उन्होंने बताया कि संशोधन का दायरा बढ़ाते हुए सरकार ने चिकित्सकीय इकाइयों जैसे क्लीनिक, पॉलीक्लीनिक, प्रसूति गृह, आर्किटेक्ट, कर सलाहकार, तकनीकी सलाहकार, सेवा प्रदाता, सेवा मंच और इसी तरह के अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को भी कानून के अंतर्गत शामिल कर दिया है। समाज कल्याण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने बताया कि उत्तर प्रदेश कैबिनेट ने राज्य में वृद्धावस्था पेंशन को लेकर एक बड़ा निर्णय लिया है। अब पात्र वरिष्ठ नागरिकों को पेंशन के लिए अलग से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। असीम अरुण ने बताया कि फैमिली आईडी 'एक परिवार-एक पहचान' प्रणाली से पात्र लाभार्थियों का स्वतः चिन्हीकरण होगा और उनकी सहमति मिलने पर पेंशन सीधे स्वीकृत की जाएगी। प्रक्रिया पूरी न कर पाने के से वंचितों को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि नई व्यवस्था में फैमिली आईडी के आधार पर उन नागरिकों की सूची स्वतः तैयार होगी, जिनकी आयु अगले 90 दिनों में 60 वर्ष होने जा रही है। विभाग सबसे पहले एसएमएस, व्हाट्सऐप और फोन कॉल जैसे डिजिटल माध्यमों से पात्र नागरिकों से सहमति लेगा। जिनकी सहमति डिजिटल रूप से नहीं मिलेगी, उनसे ग्राम पंचायत सहायक, कॉमन सर्विस सेंटर या विभागीय कर्मचारी भौतिक रूप से संपर्क करेंगे। दोनों स्तरों पर सहमति न मिलने पर ऐसे नाम प्रक्रिया से हटा दिए जाएंगे। बैठक में वनडे विश्वकप जीतने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी गई। बैठक में टीम के जज़्बे, अनुशासन और शानदार प्रदर्शन की सराहना की गई। वित्त मंत्री खन्ना ने कहा कि यह जीत न केवल भारतीय क्रिकेट के लिए गर्व का क्षण है बल्कि देश की युवा बेटियों के लिए प्रेरणा का भी स्रोत है। प्रदेश कैबिनेट बैठक में दिल्ली कार विस्फोट की आतंकी घटना की निंदा और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना की है। मुख्यमंत्री और कैबिनेट ने हमले में मारे गए और घायल हुए लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

# बिहार में मोदी-नीतीश की जोड़ी हिट, तथाकथित सेक्युलर दलों का यह आखिरी चुनाव : शाहनवाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव की मतगणना जारी है। रूझानों में भाजपा-नीत राजग को प्रचंड बहुमत मिलता दिख रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने राजग को रूझान में मिल रही 197 सीट और महागठबंधन को 40 सीट पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि बिहार में मोदी-नीतीश की जोड़ी हिट है। जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास कार्यो पर पुनः भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि बिहार का यह चुनाव परिणाम तथाकथित सेक्युलर पार्टियों के लिए आखिरी होगा।

हुसैन ने कहा कि वोटिंग की लंबी कतारें संकेत दे रही थीं कि राजग सरकार बनाएगी। लोग सरकार बदलने के बजाय इसे बचाने के लिए वोट देने गए। मैं पूरे



बिहार में घूमा हूं और देखा कि इस बार ऐसा रूझान पूरे बिहार में था। लोकसभा में जो दिख रहा था, उसका असर विधानसभा चुनाव में भी साफ नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री की सभाओं में जबरदस्त उत्साह था। भागलपुर, अररिया, कटिहार सब जगह बड़ी तादाद में लोग जुटे। इतनी बड़ी तादाद आने की उम्मीद नहीं थी। जनता ने मोदी और नीतीश कुमार पर भरोसा जताया। हुसैन ने सीमांचल की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि सीमांचल उम्मीद के मुताबिक परफॉर्म कर रहा है। लोगों ने देखा कि यह मोदी-नीतीश की जोड़ी कई योजनाओं के जरिए आमजन तक विकास पहुंचाती है। सुपौल जिले के ननुपट्टी गांव में लोग बता रहे थे कि आरजेडी के लोग दुष्प्रचार कर रहे थे कि अगर राजग सरकार बनेगी तो आपकी जमीन और जान खतरे में होगी, लेकिन इस बार जनता डरी नहीं। हमने दावा नहीं किया कि हमें बहुत वोट मिला, लेकिन यह दावा कर सकते हैं कि भाजपा को रोकने के लिए मुसलमानों ने वोट नहीं रोका। लोगों ने देखा कि राज्य में 20 साल से और केंद्र में 11 साल से राजग की सरकार है। किसी को नुकसान नहीं हुआ। मोदी अनाज दे रहे हैं, आयुष्मान भारत का कार्ड दे रहे हैं, बिहार में नीतीश सरकार महिलाओं को 10 हजार रुपये दे रही है। कोई भेदभाव नहीं है। इसी वजह से लोग स्थिर हो गए हैं और मुस्लिम समाज भी अब मानता है कि जो लोग खुद हार चुके हैं, उनकी राह पर नहीं चलना। मोदी के साथ चलना है, राजग के साथ रहना है। यह आखिरी चुनाव है तथाकथित सेक्युलर पार्टियों का। मोदी की लोकप्रियता के आगे महागठबंधन फ़ेल भाजपा के वरिष्ठ नेता हुसैन ने कहा कि महागठबंधन फ़ेल हो गया। वोट अधिकार यात्रा में उन्होंने डर फैलाया कि आपका वोट कट जाएगा, लेकिन पूरे चुनाव में ऐसा कोई नहीं मिला जिसके वोट कटे। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी सिर्फ देखने में अच्छे लगते हैं। बिहार में उनका असर सीमित रहा। पवन सिंह के रोड शो में भीड़ इतनी थी कि छह घंटे तक सभा से निकलना मुश्किल था। कांग्रेस नौ सीट से भी नीचे आने वाली है। दिल्ली में जीरो आती हो, हरियाणा और महाराष्ट्र हारते हो, फिर भी जुबान नहीं बदलती। देश के सबसे लोकप्रिय नेता मोदी को मंच से गाली देना स्वीकार्य नहीं है।

# तरनतारन उपचुनाव में फिर से आआपा की जीत अकाली दल की सुखविंदर कौर को हराया

**■ कांग्रेस चौथे तो भाजपा पांचवें नंबर पर आई, अमृतपाल की पार्टी ने अकाली दल को पहुंचाया नुकसान**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब में तरनतारन विधानसभा उपचुनाव में एक बार फिर से सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी को जीत मिली है। आम आदमी पार्टी के हरमीत सिंह संधू ने यहां शिरोमणि अकाली दल की सुखविंदर कौर को 12091 वोटों से हराया है। इस सीट पर कांग्रेस चौथे तथा भाजपा पांचवें नंबर पर चली गई है। तरनतारन सीट पहले भी आम आदमी पार्टी के पास थी। आप विधायक कश्मीर सिंह सोहल के निधन के बाद यहां उपचुनाव हुए हैं। तरनतारन में 11 नवंबर को 60.95 प्रतिशत मतदान हुआ था। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार आम आदमी पार्टी के हरमीत सिंह संधू को यहां कुल 42 हजार 649 वोट मिले। दूसरे नंबर पर नही शिरोमणि अकाली दल की सुखविंदर कौर को 30 हजार 558 वोट मिले हैं। चौथी बार इस हलके से विधायक बने हरमीत सिंह संधू ने अकाली दल प्रत्याशी को 12091 वोटों से हराया। इस सीट पर तीसरे नंबर पर कट्टरपंथी सांसद अमृतपाल सिंह की पार्टी अकाली दल वारिस पंजाब के प्रत्याशी मनदीप सिंह खालसा रहे हैं, जिन्हें 19620 वोट मिले हैं। कांग्रेस प्रत्याशी करनबीर सिंह 15078 वोट लेकर चौथे स्थान पर तो 6239 वोट लेकर भाजपा के हरजीत सिंह संधू पांचवें स्थान पर रहे हैं। तरनतारन सीट पर जीत के बाद आआपा के पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया ने कहा कि इस उपचुनाव में पंजाब की जनता ने अकाली दल, कांग्रेस और भाजपा को नकार दिया है। कांग्रेस नेताओं ने जिस तरह से दलितों का अपमान किया, उससे लोगों ने उन्हें यहां सबक सिखाया। आप सुप्रीमो एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि तरन-तारन उपचुनाव में मिली इस ऐतिहासिक जीत ने साफ़ कर दिया है कि पंजाब की जनता को काम की राजनीति और भगवंत मान का ईमानदार नेतृत्व ही पसंद है। पंजाब ने एक बार फिर आप पर अपना भरोसा जताया है। ये जीत जनता की जीत है, मेहनत करने वाले हर कार्यकर्ता की जीत है। पंजाब की जनता और सभी कार्यकर्ताओं को बहुत-बहुत बधाई।

# बंदी सिखों की रिहाई के लिए दिल्ली कूच करेगा कौमी इंसाफ मोर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**■ दिल्ली-अमृतसर रूट डायवर्ट, शंभू बार्डर सील**

चंडीगढ़। देशभर की जेलों में बंद सिख कैदियों की रिहाई की मांग को लेकर चंडीगढ़ व पंजाब की सीमा पर धरना दे रहे कौमी इंसाफ मोर्चा तथा किसान संगठनों द्वारा दिल्ली कूच के ऐलान के साथ एक बार फिर शंभू बार्डर को सील कर दिया दिया गया है। करीब छह माह बाद शुक्रवार को फिर से शंभू बार्डर पर हरियाणा व पंजाब पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया है। पंजाब के विभिन्न जिलों से कौमी इंसाफ मोर्चा तथा किसान संगठनों के नेता शंभू बॉर्डर पर जुटना शुरू हो गए हैं। किसान यूनियन के नेता सरवन सिंह पंधेर ने बताया कौमी इंसाफ मोर्चा ने दिल्ली तक मार्च करना है। किसान संगठनों ने इस मार्च को समर्थन देने का फैसला किया है। उन्होंने बताया कि तय कार्यक्रम के अनुसार शंभू बॉर्डर से मार्च दिल्ली के लिए रवाना होगा। उधर, किसानों के ऐलान के बाद पंजाब और हरियाणा पुलिस सतर्क हो गई है। हरियाणा पुलिस ने शुक्रवार सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक राजपुरा-अंबाला हाईवे ट्रैफिक की आवाजाही बंद कर दी है। दिल्ली से राजपुरा, पटियाला, लुधियाना, जालन्धर, अमृतसर इत्यादि पंजाब में जाने वाले वाहन जग्गी सिटी सैन्टर के सामने अंबाला,चंडीगढ़ रोड पर बाई तरफ से लालडू होते हुए पटियाला, लुधियाना, जालंधर, अमृतसर जा सकते हैं। इसी प्रकार 152-डी, हिसार, कैथल से अंबाला के रास्ते शम्भू बार्डर से पंजाब जाने वाले वाहन चंडीगढ़ के रास्ते से लालडू, राजपुरा, पटियाला, लुधियाना, जालंधर, अमृतसर इत्यादि पंजाब जा सकते है। वाहन चालक बंद रास्तों को छोड़कर वैकल्पिक रास्तों का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

# नशा और अपराध की रोकथाम के लिए युवा बने रोल मॉडल: प्रमेन्द्र सिंह डोबाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने शुक्रशार को एक कहा कि नशामुक्ति और अपराध की रोकथाम में युवाओं को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। युवा पीढ़ी को नशे से पूरी तरह दूर करने के लिए हरिद्वार पुलिस कृतसंकल्प है।

आज हरिओम सरस्वती पीजी कॉलेज धनौरी हरिद्वार में बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरिद्वार के एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोभाल ने कहा कि बाल दिवस का यह अवसर उनके लिए यादगार बन गया है। अपने पूरे सेवा काल में वह पहली बार किसी स्कूल-कॉलेज में छात्र-छात्राओं के बीच पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राएं नशा मुक्ति और साइबर अपराध की रोकथाम जैसे मामलों में पुलिस के बड़े मददगार साबित हो सकते हैं। एसएसपी ने महाविद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए। एसपी ग्रामीण शेखर चंद्र सुयाल ने कहा कि अति पिछड़े क्षेत्र में



स्थित इस महाविद्यालय के संस्थापक ने शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी प्रयास किया है। जिसका परिणाम है कि यहां पढ़ने वाले बच्चों में अधिकतर छात्राएं हैं। हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ अजयवीर सिंह पुंडीर ने कहा कि इस महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। योगाचार्य डॉ. अंकित सैनी ने कहा कि बाल दिवस पर बच्चों को सही मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है इससे बड़ा उपहार उनके लिए कोई दूसरा नहीं हो सकता। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंध समिति की सचिव सुमन देवी एवं संचालन प्राचार्य डॉ. योगेश कुमार ने किया। महाविद्यालय प्रबंध समिति की ओर से एसएसपी और एसपी ग्रामीण को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. निशा रानी, डॉ राहुल देव, डॉ अंजली, डॉ मीनाक्षी सैनी आदि उपस्थित रहे।

# उत्तराखंड में 22 नवंबर को 151 परीक्षा केंद्रो पर होगी डीएलएड प्रवेश परीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में डीएलएड प्रवेश परीक्षा 2025 राज्य के 29 शहरों में बने कुल 151 परीक्षा केन्द्रों पर आगामी 22 नवम्बर को आयोजित की जाएगी। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर के सभागार में प्रवेश परीक्षा आयोजन के विषय पर आहूत एक बैठक में परिषद के सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने बताया कि पूर्वाह्न दस बजे से अपराह्न साढ़े बारह बजे तक आयोजित होने वाली इस प्रवेश परीक्षा के लिए कुल 40 हजार 571 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। श्री सिमल्टी ने बताया कि प्रवेश पत्र प्राप्त न होने की दशा में या प्रवेश पत्र से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अभ्यर्थी अपने द्वारा चयनित प्रथम परीक्षा शहर के नोडल केंद्र में 20 व 21 नवम्बर को आनलाइन आवेदन पत्र की प्रति, दो फोटो, फोटोयुक्त पहचान पत्र और शपथपत्र सहित उपस्थित होकर अपना प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

## धार्मिक यात्रा पर छह साल पहले पाकिस्तान गई किरण बाला का आजतक नहीं मिला सुराग

चंडीगढ़। पाकिस्तान में धार्मिक यात्रा पर जाने के बाद महिलाओं के गायब होने का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी भारतीय नागरिकों के पाकिस्तान जाकर लापता होने के कई मामले सामने आ चुके हैं। हर बार शिरोमणि गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी तथा सुरक्षा एजेसिंयों द्वारा नियम बनाए जाते हैं। इसके बावजूद लोग चकमा देकर पाकिस्तान में रह जाते हैं। सरबजीत कौर के लापता होने के बाद सुरक्षा एजेसियां लगातार सक्रियता से जांच कर रही हैं। पता चला है कि सरबजीत कौर ने जनवरी, 2024 में ही अपना पासपोर्ट बनवाया था। उसकी अपने पति के साथ अनबल चल रही थी और वह सोशल मीडिया पर सक्रिय थी। पुराने मामलों की तरह इस केस में भी पुलिस प्रेम संबंधों को आधार मान रही है। इससे पहले वर्ष 2018 में होशियारपुर जिला निवासी किरण बाला भी जत्थे के साथ पाकिस्तान गई, लेकिन वापस नहीं लौटी।

# पाकिस्तान गया धार्मिक जत्था वापस लौटा, पंजाब की महिला लापता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**■ सुरक्षा एजेंसियों के हाथ पांव फूले, महिला के परिजनों ने पल्ला झाड़ा**

चंडीगढ़। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के माध्यम से पाकिस्तान में धार्मिक यात्रा पर गए जत्थे में शामिल एक महिला लापता हो गई है। पाकिस्तान में गुरु नानक देव जी का प्रकाशोत्सव पर्व मनाने के लिए गया जत्था गुरुवार की शाम वापस लौट आया है। इस जत्थे में शामिल एक महिला वापस नहीं आई है। महिला के लापता होने की खबर मिलते ही पुलिस तथा अन्य सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई है। इससे पहले भी इस जत्थे में जाने वाली महिलाएं लापता हो चुकी हैं। एसजीपीसी के माध्यम से हर साल गुरुपर्व तथा वैसाखी के अवसर पर भारतीय श्रद्धालुओं को पाकिस्तान स्थित गुरुधामों की यात्रा के लिए भेजा जाता है। बीती चार नवंबर को अमृतसर स्थित अटारी-बाघा बार्डर के रास्ते 1932 श्रद्धालुओं का एक जत्था पाकिस्तान में गुरुधामों की यात्रा पर गया था। यह जत्था दस दिन की यात्रा पर गया था। अकाल तख्त साहिब के कार्यकारी जत्थेदार सिंह साहिब ज्ञानी कुलदीप सिंह गडग़ज समेत आठ सदस्य निजी कार्यों के समय से पहले ही लौट आए थे। इस यात्रा के दौरान एक सदस्य की मौत हो गई थी। गुरुवार को अटारी बार्डर के रास्ते 1922 श्रद्धालु वापस लौटे। इस जत्थे में कपूरथला जिला की रहने वाली



सरबजीत कौर शामिल नहीं थे। देररात क्लीयरेंस के बाद जब श्रद्धालु भारतीय सीमा में आए तो सरबजीत कौर की अनुपस्थिति से सुरक्षा एजेंसियों के हाथ-पांव फूल गए। इमीग्रेशन की तरफ से पंजाब पुलिस को इस बारे में सूचित किया गया। पाकिस्तान में लापता हुई महिला सरबजीत कौर कपूरथला जिले के गांव अमानीपुर, दक्का खाना टिब्बा की रहने वाली हैं। बीएसएफ तथा इमीग्रेशन की तरफ से विदेश मंत्रालय के माध्यम से इस बारे में पाकिस्तानी एजेसिंयों को भी सूचित कर दिया गया है। उधर शुक्रवार को पंजाब पुलिस सरबजीत कौर के घर पर पहुंची तो उनके परिजनों ने कोई खास जानकारी नहीं दी। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि सरबजीत कौर ने पाकिस्तान जाने के दौरान वहां पाकिस्तान इमिग्रेशन कार्यालय में अपनी जानकारी भी अधूरी दी थी। जांच में यह भी पता चला है कि समूह में शामिल होने और 4 नवंबर को पाकिस्तान जाने के दौरान पाकिस्तानी इमिग्रेशन कार्यालय में भरे गए फॉर्म में उसने अपनी बुनियादी जानकारी अधूरी छोड़ दी थी और अपनी राष्ट्रीयता या पासपोर्ट नंबर नहीं दिया था।

# बीएसएफ जवानों ने पंजाब में सीमा पर तीन पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया, हेरोइन बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब में भारत-पाकिस्तान सीमा पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बीते 24 घंटों के भीतर बीएसएफ के जवानों ने तीन पाकिस्तानी ड्रोन को न केवल मार गिराया, बल्कि 558 ग्राम हेरोइन की एक खेप भी बरामद की। लगातार बढ़ रही ड्रोन-आधारित तस्करी पर यह एक और बड़ा प्रहार माना जा रहा है। बीएसएफ की तरफ से शुक्रवार को बताया गया कि पहला ड्रोन अमृतसर जिले के महावा गांव के नजदीक दिखाई दिया। बीएसएफ की त्वरित प्रतिक्रिया टीम ने लो-फ्लाइंग डीजेआई मैविक 3 क्लासिक ड्रोन को ट्रैक करते हुए जमीन पर गिरा दिया। सर्च के दौरान पूरा ड्रोन सेटअप बरामद कर लिया गया। दूसरी बड़ी कार्रवाई फिरोजपुर जिले के हबीबवाला इलाके में हुई। यहां संदिग्ध



गतिविधि के बाद जवानों ने एक और पाकिस्तानी ड्रोन को देखा। ड्रोन को गिराने के बाद क्षेत्र की तलाशी में एक पैकेट हेरोइन (558 ग्राम) भी मिला, जिसे तस्कर ड्रोन के जरिए भारतीय इलाके में पहुंचाने की कोशिश कर रहे थे। तीसरी घटना तरनतारन जिले के मेहदीपुर गांव में सामने आई, जहां रात के समय ड्रोन की आवाज आने पर बीएसएफ ने उसे निष्क्रिय कर दिया। लगातार तीन सेक्टरों में कार्रवाई से बीएसएफ की इंटेलिजेंस और रीएक्शन क्षमता की झलक मिलती है।

# मुख्यमंत्री ने तेहखंड और तुगलकाबाद क्षेत्र में सफाई अभियान का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दक्षिणी दिल्ली के तेहखंड और तुगलकाबाद क्षेत्र का दौरा कर यहां चल रहे सफाई अभियान का जायजा लिया। उन्होंने प्रस्तावित वेस्ट कलेक्शन पॉइंट्स और फिक्स्ड कम्पैक्टर साइटों का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में यह जानकारी साझा की। मुख्यमंत्री ने तुगलकाबाद स्थित राजेश पायलट वेटनरी हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया और अस्पताल प्रशासन को साफ-सफाई, स्वच्छ वातावरण और सुव्यवस्थित व्यवस्था सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। साथ ही अस्पताल की समग्र स्थिति को जल्द सुधारने, आवश्यक मरम्मत कार्य तुरंत शुरू करने और चिकित्सा सेवाओं को समयबद्ध तथा प्रभावी बनाने के लिए अधिकारियों को तत्काल कदम उठाने के



निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि क्षेत्र में कूड़ा प्रबंधन पूरी मुस्तैदी और समयबद्ध तरीके से किया जाए। जिन हॉटस्पॉट्स पर कूड़ा जमा होने की समस्या रहती है, वहां नियमित सफाई की जाए। धूल नियंत्रण, वॉल-टू-वॉल सड़क सफाई, मैकेनिकल स्वीपिंग, वॉटर स्प्रिंकलिंग और कूड़े के त्वरित निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार प्रदूषण नियंत्रण और स्वच्छता को लेकर युद्धस्तर पर कार्य कर रही है। आधुनिक कम्पैक्टर, सुव्यवस्थित कलेक्शन पॉइंट्स, जीपीएस आधारित कूड़ा-उठान मॉनिटरिंग और मशीनों के माध्यम से मैन्युअल लोड कम करने जैसे कदम हमारे स्वच्छ दिल्ली मिशन को और अधिक प्रभावी और परिणामकारी बनाएंगे। इन ठोस प्रयासों से सफाई व्यवस्था मजबूत होगी और प्रदूषण नियंत्रण की हमारी मुहिम को भी बड़ी ताकत मिलेगी।

## मुख्यमंत्री ने डीटीसी की 50 नई इलेक्ट्रिक बसों को दिखाई हरी झंडी

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की 50 नई इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने ओखला के तेहखंड स्थित डीटीसी डिपो में स्वचालित परीक्षण स्टेशन (एटीएस) का भी शिलान्यास किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली का यह दूसरा बड़ा स्वचालित परीक्षण स्टेशन मार्च तक पूरा हो जाएगा, जहां लगभग 72,000 वाहनों की वार्षिक टेस्टिंग की अत्याधुनिक व्यवस्था होगी। इससे वाहन फिटनेस की प्रक्रिया और अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और तकनीक आधारित बनेगी। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए हमारी सरकार पब्लिक ट्रांसपोर्ट को तेजी से ईवी मोड पर स्विच कर रही है। आज डीटीसी के बेड़े में 50 नई ईवी बसें शामिल होना इसी दिशा में एक बड़ा कदम है। यह न केवल प्रदूषण में कमी लाएगा, बल्कि यात्रियों को अधिक आरामदायक और पर्यावरण-अनुकूल यात्रा भी प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए हमारी सरकार हर मोर्चे पर काम कर रही है। कूड़े के पहाड़ों को हटाया जा रहा है, सफाई अभियानों को युद्धस्तर पर चलाया जा रहा है, धूल नियंत्रण, मैकेनिकल स्वीपिंग और वॉटर स्प्रिंकलिंग को तेज किया गया है, और दिल्ली को हरा-भरा बनाने के लिए लगातार प्रयास हो रहे हैं।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063